रांची एक्सप्रेस
61
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-252 रांची | रविवार 05 मई 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की जमानत याचिका पर फैसला 10 मई को

**रांची ।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया। शनिवार को सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने सुरक्षित आदेश पर 10 मई को फैसला की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व गत 30 अप्रैल को हेमंत सोरेन की जमानत पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष की ओर से हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयी। वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से 15 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की है। इस केस के प्रमुख आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाई अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। हेमंत सोरेन को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 30 जनवरी की रात इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार कर लिया था। मामले में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी ईडी ने गिरफ्तार किया है। मामले में ईडी की ओर से चार्जशीट भी दाखिल का चुका है।

## प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को बाघमारा में करेंगी चुनाव प्रचार

**रांची ।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को झारखंड के धनबाद जिले के बाघमारा पहुंचेंगी। वह इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में माथाबांध में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। उनके साथ कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य सहयोगी दलों के नेता मंच साझा करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने दी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बताया कि धनबाद से कांग्रेस की अनुपमा सिंह और गिरिडीह से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो मैदान में हैं। प्रियंका के चुनावी दौरे के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## भारत में अफगान राजदूत ने दिया इस्तीफा तस्करी में फंसीं

**काबुल (एजेंसी)।** भारत में अफगानिस्तान के महावाणिज्यदूत जाकिया वारदाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अफगानिस्तान में तालिबान के अगस्त 2021 में सत्ता में आने के बाद वह भारत में कार्यवाहक राजदूत भी थीं। शनिवार को उन्होंने व्यक्तिगत हमलों और मानहानि का आरोप लगाते हुए पद से इस्तीफा दिया। वित्त मंत्रालय की शीर्ष तस्करी विरोधी एजेंसी, राजस्व खुफिया निदेशालय की ओर से उन्हें पकड़े जाने के कुछ दिनों बाद ऐसा हुआ है। भारत में अफगानिस्तान के पूर्व राजदूत फरीद मामुंडजे की ओर से नई दिल्ली में दूतावास बंद करने की घोषणा पिछले साल दिसंबर में की गई थी।

# भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा चलेगा - मोदी




**गुमला ।-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को गुमला जिले के सिसई में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन अब एनडीए के खिलाफ वोट जिहाद का सहारा ले रहा है। साथ ही मोदी ने लोहरदगा के प्रत्याशी समीर उरांव और खूंटी के अर्जुन मुंडा सहित एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में 13 मई को वोट करने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण देश में नक्सलवाद और माओवाद की समस्या बनी लेकिन उनकी सरकार ने देश के बड़े हिस्से को इससे मुक्त कराया। आतंकवादियों पर भी वोट बैंक के कारण कार्रवाई नहीं होती थी। यहां संथाल से लेकर दूसरे हिस्सों में घुसपैठियों को बढ़ावा देने का खेल रहा। पीएफआई अपना संगठन चला रहे। आदिवासी बेटियों के साथ अत्याचार किया जा रहा। जमीन के लिए आदिवासी बेटियों के साथ क्या-क्या नहीं किया जा रहा। जब लोग आवाज उठाते हैं तो वोट जिहाद की बात इंडी गठबंधन वाले करने लगे हैं। वो कितना भी जिहाद कर लें, मोदी डरने वाला नहीं। मोदी के रहते कोई आदिवासियों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।

मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन भ्रष्टाचार हटाओ की बात करता है जबकि इंडी वाले कहते हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ। सभी दिल्ली और दूसरी जगहों पर इकट्ठे होते हैं। चुनाव के समय रैलियां कर रहे कि भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि आने वाले पांच सालों में सभी भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा चलेगा। इंडी गठबंधन वालों को आज भी बर्दाश्त नहीं कि एक गरीब मां का बेटा प्रधानमंत्री कैसे बन गया। वे रोज नया झूठ फैला रहे। अब कह रहे कि मोदी संविधान बदल देगा। वे मुर्खों के सरदार से कहना चाहते हैं कि वे 10 सालों से प्रधानमंत्री हैं लेकिन इतने सालों में उन्होंने ऐसा कोई पाप बाबा साहेब के संविधान के साथ नहीं किया है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने तो इंडी गठबंधन का नकाब उतार दिया है। अपने शासन काल में कांग्रेस भ्रष्टाचार, परिवारवाद की राह पर रहा। अब तो तुष्टिकरण की राह पर भी है। कांग्रेस जो चश्मा पहनती है, उससे उसे केवल एक ही वोट बैंक दिखता है- मुसलमान। भाजपा सबका साथ, सबका विकास की बात करती है। किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा, इसकी बात करती है। कांग्रेस को यह सब नहीं करना है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस वाले एससी, एसटी, ओबीसी को मिले आरक्षण पर डाका डालने में लगी है। संविधान जब बना तब बाबा साहब आंबेडकर ने तय किया था कि देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिलेगा। कांग्रेस आपका हक छीनकर मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने में लगी है। सभी को सतर्क रहना होगा लेकिन मोदी की गारंटी है कि जब तक वे जिंदा हैं तब तक दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण में से रत्ती भर भी चोरी नहीं करने देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया तो कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहने लगे कि झाड़ू लगाने और शौचालय बनाने से क्या होगा? आज गांव-गांव देखिए, हालात बदले हैं। उन्होंने जब मोबाइल का डेटा सस्ता किया, गांव-गांव में कॉमन सर्विस सेंटर खोले और हर गांव तक इंटरनेट पहुंचाने की ठानी तो ये झामुमो वाले और कांग्रेस वाले कहते थे कि गांव वालों को इसका क्या फायदा? आज मेरे गांव का युवा सोशल मीडिया का हीरो है। कांग्रेस वालों ने इंटरनेट को अमीरों की चीज बना दिया था। मैंने इंटरनेट को गरीबों के घर पहुंचा दिया है। इस दौरान मंच पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद समीर उरांव, सुदर्शन भगत, अर्जुन मुंडा (केंद्रीय मंत्री), पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 वीं बार पलामू आये




**मेदिनीनगर ।** मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट ग्राउंड में पीएम के सभा हुई इस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे पलामू के चियांकी एयरपोर्ट, बीजेपी उम्मीदवार विष्णुदयाल राम के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। इस सभा में मंच पर उपस्थित बीजेपी विधायक दल के नेता अमर बाउरी, बालमुकुंद सहाय, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक शशिभूषण मेहता, विधायक भानु प्रताप शाही, हुष्टक्कविधायक कमलेश सिंह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी विधायक पुष्पा देवी विधायक भानु प्रताप शाही , पूर्व मेयर अरुणा शंकर, बीजेपी विधायक पुष्पा देवी, रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व सांसद घुरन पूर्व सांसद मनोज कुमार,पूर्व सांसद बृजमोहन राम, विनोद सिंह, शिवपूजन मेहता, प्रभात भुईयां बिनोद सिंह जोरावर राम गढवा जिला अध्यक्ष पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी सहित अन्य लोग भी मंच पर मौजूद थे

## हमारी सरकार ने आदिवासी बच्चों को विदेश पढ़ने भेजा : मुख्यमंत्री



**चक्रधरपुर।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूके नहीं। मुख्यमंत्री शनिवार को सिंहभूम से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चक्रधरपुर विधानसभा के ऐतिहासिक बुढीगोड़ा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये वही धरती है जहां के आदिवासियों ने आंदोलन का बिगुल बजाया। भाजपा जब-जब सत्ता में आई है एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। इसलिए आप इंडी गठबंधन को मजबूत करिए। मुख्यमंत्री सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन की सरकार ने आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चला और 50 वर्ष तक के सभी को पेंशन देने का काम किया। आगे चलकर मुंडा और मानकी के लिए आवास बनाएंगे। चाइबासा में मानकी, मुंडाओ के लिए सभा बनाया जाएगी, जिसमें 2000 डेलीगेट की बैठने की क्षमता होगी। हमारी सरकार ने आदिवासी बच्चों को विदेश पढ़ने भेजा। मोदी सरकार ने यहां की जनता को धोखा दिया। चम्पाई ने कहा कि मोदी ने वादा किया था कि 2022 तक सभी के पक्के मकान बनेंगे। झारखंड की गठबंधन सरकार ने पूरी लिस्ट उन्हें सौंप दिया लेकिन इन्होंने आवास का पैसा रोक दिया। इसलिए हमारी सरकार ने यहां के आदिवासी जनता को अबुवा आवास दिया। साथ ही हमारी सरकार ने 125 यूनिट फ्री कर दिया, जिससे 30 लाख परिवार को इसका फायदा मिल रहा है। इसके साथ उन्होंने सभी प्रखंड में स्मार्ट स्कूल खोलने की बात कही। इंडी गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल, जमीन और अपने अस्तित्व को बचाने का चुनाव है। ये केंद्र सरकार बाबा साहेब के द्वारा हमलोगों को दिए गए अधिकारों को छीनना चाहती है। उन्होंने कहा मोदी को अपने 10 साल की उपलब्धियों को बताने का समय नहीं मिला।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाना जानती है। युवाओं को झूठे सपने दिखाए जाते हैं। केंद्र की सरकार से हर कोई परेशान है लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। भाजपा सिर्फ झूठ बोलकर वोट लेना जानती है।

## शहरी वोटरों से परेशान हो गया चुनाव आयोग

**पहले से भी कम हो गया है इस बार का मतदान**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा के लिए बीते दो चरणों में कम मतदान चिंता का विषय बना हुआ है। चुनाव आयोग ने भी इस पर निराशा जताई है। शुक्रवार को चुनाव आयोग ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के वोटर मतदान के प्रति ज्यादा ही उदासीन हैं। बता दें कि 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में 4 फीसदी और दूसरे चरण में तीन फीसदी की कमी देखी गई है। पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और 66.14 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी। वहीं दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 फीसदी वोट पड़े थे। पहले दो चरणों में शहरी सीटों पर मतदान में खासी कमी देखी गई है। लंबे समय से चुनाव आयोग प्रयास करता है कि शहरी सीटों वर वोटिंग बढ़े लेकिन इसका कोई फायदा नहीं दिख रहा है। उलटे इस बार वोटिंग पर्सेंट घट गया है। गाजियाबाद में इस बार 6 फीसदी कम यानी केवल 49.88 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई जो कि 2019 से कम है।

## लालू यादव का पूरा परिवार बिहार को लूटने में लगा है

- तेजस्वी के हिन्दू वाले बयान पर भड़की भाजपा,विजय सिन्हा बोले-सनातनी डरने वाले नहीं



**पटना (एजेंसी)।** तेजस्वी यादव के हिंदू धर्म वाले बयान पर एनडीए नेताओं ने निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव कोई महान विद्वान नहीं हैं, जिनकी बात हम मानें और समझें। वहीं, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि एक तरफ पीएम मोदी भारत को श्रेष्ठ बनाने में लगे हैं। तो वहीं लालू यादव का पूरा परिवार बिहार और देश को लूटने में लगा है। चिराग पासवान ने कहा कि अगर देश में 81 करोड़ लोगों को अनाज दिया जा रहा है उसमें कहीं भी ये नहीं देखा जा रहा है कि ये अनाज हिंदू को बांटा जा रहा है या मुसलमान को दिया जा रहा है। विजय सिन्हा ने कहा लालू यादव का पूरा परिवार बिहार और देश को लूटने में लगा है। सनातन के संतान कभी डरते नहीं होते हैं। तुष्टिकरण करने वाले लोग सत्ता प्राप्त करने के लिए ऐसा करते हैं।

## कांग्रेस की एक और प्रत्याशी ने डाल दिए हथियार

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** गुजरात की सूरत और मध्य प्रदेश की इंदौर सीट के बाद कांग्रेस को एक और करारा झटका लगा है। पुरी सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी सुचारिता मोहंती ने फंड की कमी का हवाला देकर चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस से अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। बता दें कि ओडिशा की पुरी सीट हॉटसीट में से एक है। यहां भाजपा के दिग्गज नेता संबित पात्रा मैदान में हैं। बता दें कि कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापस लेने के बाद संबित पात्रा के लिए रास्ता आसान हो गया है। बता दें कि इससे पहले सूरत सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे नीलेश कुम्भाणी का नामांकन ही रद्द हो गया था। इसके अलावा अन्य प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया।

**जाति का खेल**

# दलित नहीं थे रोहित वेमुला, मां ने बनवाया था फर्जी जाति प्रामणपत्र

### तेलंगाना पुलिस ने सभी आरोपियों को दी क्लीन, बीजेपी हुई हमलावर



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना पुलिस ने शुक्रवार को रोहित वेमुला आत्महत्या मामले में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। रिपोर्ट में तत्कालीन सिकंदराबाद के सांसद बंडारू दत्तात्रेय, विधान परिषद के सदस्य एन रामचंदर राव, कुलपति अप्पा राव, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेताओं और महिला एवं बाल विकास स्मृति ईरानी मंत्री सहित सभी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित ने आत्महत्या की क्योंकि वह कई कारणों से तनावग्रस्त था। कैंपस में उसकी राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण शैक्षणिक मोर्चे पर उसका खराब प्रदर्शन भी एक कारण था। इसके अलावा, उसकी मां द्वारा उसके लिए फर्जी अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाण पत्र की व्यवस्था करना भी तनाव का एक कारण था। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है, अगर मृतक की पढ़ाई देखी जाए तो ऐसा प्रतीत होता है कि वह अपनी पढ़ाई के बजाय कैंपस में छात्र राजनीतिक मुद्दों में अधिक शामिल था। उन्होंने अपनी पहली पीएचडी को 2 साल तक करने के बाद बंद कर दिया और वह दूसरी पीएचडी करने लगा, जिसमें भी गैर शैक्षणिक गतिविधियों के कारण ज्यादा प्रगति नहीं हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित इस तथ्य से अवगत था कि उसकी मां ने उसके लिए एससी प्रमाणपत्र की व्यवस्था की थी और उसे चिंता थी कि अगर उसके साथियों को इसके बारे में पता चला तो उसकी प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है।

## इंदौर हाईकोर्ट की डबल बेंच से भी कांग्रेस को झटका

- अक्षय की नामवापसी के खिलाफ दायर अपील खारिज, अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर हाईकोर्ट की डबल बैंच ने कांग्रेस के वैकल्पिक प्रत्याशी मोती सिंह पटेल (सब्स्टिट्यूट कैंडीडेट) की अपील शनिवार दोपहर में खारिज कर दी है। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी रहे



अक्षय कांति बम की नाम वापसी के बाद मोती सिंह ने कांग्रेस की ओर से उम्मीदवारी की अपील की थी। जस्टिस एस.ए. धर्माधिकारी की खंडपीठ में शुक्रवार दोपहर पटेल की अपील पर सुनवाई हुई थी। जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। बता दें कि हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 30 अप्रैल को पटेल की याचिका खारिज की थी।

## पहले रायबरेली जीत लो, फिर आकर शतरंज खेलना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शतरंज विश्व चैंपियन गैरी कास्परोव ने रायबरेली और वायनाड सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष किया है। रूसी ग्रैंडमास्टर ने कहा, शतरंज का चैंपियन बनने से पहले आपको अपनी रायबरेली सीट से जीतना चाहिए। शुक्रवार की रात कास्परोव की पोस्ट एक ट्वीट के जवाब में आया, जिसमें यूजर ने लिखा था, यह राहत की बात है कि रूसी ग्रैंडमास्टर कास्परोव और शतरंज के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद जल्दी रिटायर हो गए और उन्हें हमारे समय की सबसे बड़ी शतरंज प्रतिभा का सामना नहीं करना पड़ा। इस पोस्ट में राहुल गांधी की शतरंज खेलते हुए एक तस्वीर भी पोस्ट की गई थी। कास्परोव ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, '' शीर्ष स्तर पर चुनौती देने से पहले आपको रायबरेली से जीत दर्ज करना चाहिये।'' शतरंज को 2005 में अलविदा कहने वाले इस पूर्व विश्व चैम्पियन ने अभिनेता रणवीर शौरी को जवाब देते हुए लिखा,मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरा छोटा सा मजाक पसंद आएगा।

## संक्षिप्त

### रांची लोस सीट के लिए 32 उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

**रांची :** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र (नाम-निर्देशन पत्र) खरीदने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 32 हो गयी है। अधिसूचना जारी होने के छठे दिन शनिवार को दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन करने वालों में निर्दलीय से रामकेश्वर प्रजापति और निर्दलीय से संजय कुमार महतो शामिल हैं।

### रांची संसदीय क्षेत्र से सात उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**रांची :** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के छठे दिन शनिवार को सात उम्मीदवारों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।
नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों में अबुआ झारखंड पार्टी से बिरेंद्र नाथ मांझी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा से धर्मेंद्र तिवारी, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी निपु सिंह, निर्दलीय से देवेंद्र नाथ महतो, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी से प्रवीण कच्छप, निर्दलीय से कामेश्वर प्रसाद साव और एकल सनातन भारत दल से सर्वेश्वरी साहू शामिल है। निर्दलीय उम्मीदवार देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन उनके प्रस्तावकों की ओर से दाखिल किया गया। अब तक कुल 17 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

### रांची-नई दिल्ली के बीच डालटनगंज होकर चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

**पलामू :** यात्री सुविधाओं के मद्देनजर रांची-नई दिल्ली के बीच एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। गाड़ी संख्या 02877/02878 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन मुरी-बरकाकाना-टोरी-लातेहार-डालटनगंज-गढ़वा रोड-जपला-सासाराम-डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते चलायी जाएगी। गाड़ी संख्या 02877 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल 10 मई से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से 23:55 बजे खुलकर शनिवार को 2:40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। यहां से 2:45 बजे प्रस्थान करेगी और 3:53 बजे टोरी पहुंचेगी। यहां से 03:55 बजे प्रस्थान कर 4:20 बजे लातेहार पहुंचेगी। यहां से 04:22 बजे प्रस्थान कर 05:13 बजे डालटनगंज पहुंचेगी। यहां से 05:15 बजे आगे रवाना होगी और छह बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। यहां से 06:05 बजे प्रस्थान कर 22:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02878 नई दिल्ली-रांची समर स्पेशल 11 मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को नई दिल्ली से 23:45 बजे खुलकर रविवार को 17:08 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। यहां से 17:10 बजे प्रस्थान कर 17:40 बजे डालटनगंज पहुंचेगी। यहां से 17:42 बजे चलकर 18:40 बजे लातेहार पहुंचेगी। यहां से 18:42 बजे रवाना होगी और 19:10 बजे टोरी पहुंचेगी। यहां से 19:12 बजे चलकर 21:25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। यहां से 21:30 बजे प्रस्थान कर 00:15 बजे रांची पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 18 कोच होंगे।

### पतराहातु में भाजपा कार्यकताओं की बैठक आज

**सिल्ली :** रविवार दिनांक 5 मई 2024 को दिन के 10:00 बजे से विधानसभा कार्यालय पतराहातु में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सभी सम्मानित मण्डल अध्यक्ष, मण्डल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, जन प्रतिनिधिगण, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, कोर कमेटी सदस्य, संचालन समिति एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गई है। यह बैठक आगामी रांची लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है। बैठक को भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा संबोधित करेंगे। उक्त बैठक में सभी को ससमय पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है। यह जानकारी बिनोद प्रसाद साहु मंडल अध्यक्ष सिल्ली ने दी।

# एटीएस ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

**रांची :** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विकास कुमार, गुलशन कुमार और माहताब आलम शामिल है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, 21 गोलियां, एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू के गिरोह के तीन अपराधी पतरातू के सांकुल एवं जयनगर के आसपास छुपकर रह रहे हैं । वर्तमान में



अमन साहू गिरोह के सक्रिय अपराधी हैं और इनके जरिये कई स्थानों पर फायरिंग की घटना की गई है।
इस सूचना पर एटीएस टीम के जरिये रामगढ़ जिला के पतरातू क्षेत्र में छापेमारी कर तीनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि अमन साहू संगठित आपराधिक गिरोह की ओर से हाल में की गई फायरिंग की घटना का सफल खुलासा किया गया है। तीनों अपराधी और पूर्व में एटीएस की ओर से गिरफ्तार राजा अंसारी, मंनिन्दर कुमार जरिये कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है।
इनमें छह मार्च को सिकीदरी थाना के ओरमांझी-गोला भारतमाला सड़क निर्माण के कार्यस्थल पर फायरिंग की घटना, छह फरवरी को ओरमांझी में भारतमाला प्रोजेक्ट पर फायरिंग , नौ फरवरी को भुरकूण्डा के स्वामी सिद्धांत बाउरी नामक व्यक्ति के उपर फायरिंग शामिल है। तीनों घटनाओं में इस्तेमाल की गई बाइक एवं हथियार को एटीएस टीम ने बरामद कर लिया गया है।

### राजद ने जारी की 38 स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची :** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुख्य चुनाव आयोग से आए झारखंड में 38 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इनमें बिहार में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रताप यादव, तेज प्रताप यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मनोज झा, श्याम रजक, भोला प्रसाद यादव, जयप्रकाश नारायण यादव, उदय नारायण चौधरी, इसराइल मंसूरी, सत्यानंद भोक्ता, संजय कुमार सिंह यादव, गौतम सागर राणा, सुरेश पासवान, संजय प्र यादव, मो. नेहालुद्दीन, स्वीटी सीमा हेंब्रम, अनीता देवी, फैयाज अहमद, श्यानदास सिंह, कैलाश यादव, डॉ. मनोज कुमार, अर्जुन यादव, आबिद अली, मो. कारी सोएब, समता देवी, अभय कुमार सिंह, अनीता यादव, रंजन कुमार यादव, जमरूद्दीन अंसारी, नरेश सिंह, मनोज पांडेय, चंद्रिका यादव, रानी कुमारी, विजय राम, गिरधारी गोप, सुरेश पासवान-देव, लक्ष्मण यादव, घनश्याम चौधरी शामिल है।

### राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई आठ को

**रांची :** अपर न्याययुक्त पीके शर्मा की अदालत में आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि आठ मई निर्धारित की है। इससे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी थी। मामले में अदालत ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया था। राजेश कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पैरवी की।
उल्लेखनीय है कि राजेश कोड़ा पर आयकर रिटर्न नहीं भरने का आरोप लगा है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की शिकायत के अनुसार राजेश कोड़ा ने वर्ष 2004 से 2010 तक आयकर रिटर्न नहीं भरा है।

### सीपीआई नेता अतुल कुमार अंजन के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने जताया शोक

**रांची :** सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी कॉमरेड अतुल कुमार अन्जन के असामयिक निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शोक जताया है। उन्होंने अपनी शोक संवेदना में कहा कि कॉमरेड अतुल सीपीआई के बौद्धिक संपदा तो थे ही, साथ ही सर्व समाज के उत्थान के लिए भी वह सदैव समर्पित व संघर्षरत रहे। उनका असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं की जा सकती। श्री सहाय ने स्व.अतुल की आत्मा की शांति व उनके परिजनों को दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### 400 पार का नारा भूलकर अब हिंदू और मुसलमान कर रहे हैं प्रधानमंत्री : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के झारखंड आगमन और उनके बयानों पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी ने तीन चुनावी सभाएं कीं। सभी में एक समान बात दिखाई पड़ी। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री के भाषण में अबकी बार 400 पार पर अधिक फोकस रहता था। लेकिन दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद प्रधानमंत्री 400 पार के नारे का भूल गये हैं और उनका विषय बदल गया है। अब वह आरक्षण और हिंदू-मुसलमान पर अधिक फोकस कर रहे हैं। भट्टाचार्य शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार देश में सभी दलों को मान्यता दी गयी। इसमें साफ-साफ कहा गया कि राजनीतिक दल धर्म, संप्रदाय और जाति से ऊपर उठकर जन कल्याण की बात करेंगे। लेकिन प्रधानमंत्री आदिवासी और हिंदू- मुस्लिम की बात कर रहे हैं। इनको बांटने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले जब प्रधानमंत्री मोदी के झारखंड आगमन की सूचना मिली, तो उन्होंने उनसे कुछ सवाल किये थे। निवेदन किया था कि झारखंड आने पर वे इन सवालों के जवाब दें। लेकिन प्रधानमंत्री हमारे सवालों को भूल गये।

### जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो भेजे गए जेल

**रांची :** रांची लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने पहुंचे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस ) के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने शनिवार को रांची समाहरणालय से गिरफ्तार किया । देवेंद्र महतो गुपचुप तरीके से आदिवासी पारंपरिक पोशाक पहनकर समाहरणालय पहुंचे थे। इस दौरान पहले से ही इंतजार कर रही पुलिस की नजर देवेन्द्र पर पड़ी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। देवेंद्र नाथ महतो नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे लेकिन नामांकन दाखिल करने से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में लालपुर इंस्पेक्टर आदिकांत महतो ने बताया कि कांड संख्या 251/ 21 में देवेंद्र नाथ महतो को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ वारंट जारी था। पूर्व में आंदोलन को लेकर यह मामला दर्ज किया गया था।

### बसंत लोंगा को झामुमो ने छह साल के लिए पार्टी से निकाला

**रांची :** झामुमो के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। झामुमो ने खूंटी लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप चुनाव लड़ने को लेकर यह कार्रवाई की है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इस संबंध में शनिवार को पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि सिमडेगा जिला समिति की चिट्ठी, मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के मुताबिक बसंत लोंगा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर गठबंधन धर्म के विरुद्ध कार्य किया है। बसंत लोंगा पर पार्टी कार्यकताओं को भी दिग्भ्रमित करने का आरोप लगा है। विनोद कुमार पांडेय ने लिखा है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देश पर बसंत लोंगा को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अगले छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।
इसके अलावा झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सिमडेगा राकेश लकड़ा, सेतेंग सामुएल टोपनो और नारायण मांझी के खिलाफ कारण पृच्छा पत्र जारी किया गया है। इन तीनों पर आरोप है कि बसंत लोंगा के पक्ष में प्रचार प्रसार कर पार्टी कार्यकताओं को दिग्भ्रमित किया। झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर कारण पृच्छा पत्र जारी किया गया है। साथ ही सात दिनों के अंदर अपना पक्ष लिखित रुप से केंद्रीय कार्यालय रांची में रखने को कहा गया है। जवाब नहीं मिलने पर अनुसाशानात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### जेपीएससी की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने शनिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दायर चार्टशीट में कुल 37 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद , वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी, राधा गोविंद नागेश सहित अन्य पदाधिकारी के नाम शामिल हैं, जो वर्तमान में कहीं ना कहीं राज्य के जिलों में पदस्थापित हैं।
इस मामले की सीबीआई जांच 12 साल से अधिक समय से चल रही है लेकिन यह अभी तक पूरी नहीं हुई। इसे लेकर झारखंड हाई कोर्ट में कई बार सुनवाई भी हुई है। अदालत ने जांच में हो रही देरी को लेकर सीबीआई से जवाब तलब भी किया था। हालांकि, जांच एजेंसी पहले मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने 2012 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके बाद परीक्षा में नियुक्त पदाधिकारियों के वेतनमान पर रोक लगा दिया गया था। बाद में हाई कोर्ट के इस फैसले को चुनौती दी गयी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए इस फैसले को पलट दिया। कुछ दिन पूर्व झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया था। बुद्धदेव उरांव की ओर से दायर जनहित याचिका में अप्रैल में हुई सुनवाई के दौरान बताया गया कि 12 साल से अधिक बीत जाने के बाद भी सीबीआई ने जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की और ना ही इस मामले में आरोप पत्र दायर किया है। इस पर सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि गड़बड़ी मामले की जांच अब तक जारी है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**रांची :** गृह मंत्री अमित शाह की फेक वीडियो कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक पोस्ट से किये जाने के मामले में शनिवार को प्रदेश भाजपा चुनाव आयोग पहुंची। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव एवं न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को एक ज्ञापन देते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके जरिए कहा कि पिछले दिनों 16 मार्च को लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा हुई। इसके बाद एक फेक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा, जिसमें अमित शाह द्वारा आरक्षण खत्म किए जाने की बात कही जा रही। यह प्रदेश कांग्रेस द्वारा एक सुनियोजित साजिश के तहत किया जा रहा।

## झारखंड में गर्मी से मिलेगी राहत छह से बारिश की संभावना

**रांची :** राज्य में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना। सात मई राज्य में कुछ स्थानों पर और आठ और नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है।
राज्य में नौ मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। इसमें मुख्य रूप से दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। आठ और नौ मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।
मौसम विभाग के अनुसार पांच मई को राज्य के सराइकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामतारा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के रांची में छह और सात मई से आंशिक बादल छाये रहेंगे एवं मौसम शुष्क रहेगा। आठ और नौ मई से गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तापमान में आने वाले तीन दिनों के दौरान चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी।

## इक्फाई विश्वविद्यालय में कार्य में प्रेम और स्वतंत्रता पर कार्यशाला का शुभारंभ

रांची : सद्भाव के माध्यम से उत्कृष्टता को सशक्त बनानाः कार्य में प्रेम और स्वतंत्रता पर कार्यशाला का उद्घाटन इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को मानव के रूप में सद्भाव बनाने और बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशल और अंतर्दृष्टि से परिपूर्ण किया गया।
कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य व्यक्तियों को सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपकरण और रणनीतियाँ प्रदान करना है। डीन (छात्र कल्याण) डॉ.एस चौधरी ने बताया कि यह कार्यशाला एनईपी 2020 के पांच मार्गदर्शक स्तंभों- पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है। अतिथि वक्ता संजय कुमार सिंह, लीड कंसल्टेंट और डायमेंशन एजुकेशन प्राइवेट



लिमिटेड, नई दिल्ली के संस्थापक निदेशक ने कहा कि गहन बातचीत में शामिल होकर - ऐसी बातचीत जो सीमाओं को आगे बढ़ाती है, जिज्ञासा जगाती है और समझ को बढ़ावा देती है - हम अधिक प्रभावशीलता के लिए अपनी जन्मजात क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। ये बातचीत न केवल हमारे भीतर बल्कि हमारे रिश्तों, कार्यस्थलों और समुदायों में भी परिवर्तनकारी परिवर्तन को खोलने की कुंजी रखती है। मानव होना जो है वह किसी भी तरह से आविष्कार के लिए खुला है। कार्यशाला के लिए डायमेंशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है।
प्रतिभागियों में देश भर के शिक्षाविद् शामिल थे। रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) जेबी पटनायक और डीन (अकादमिक) प्रो. अरविंद कुमार ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं समय की मांग हैं और उन्होंने कार्यशाला के अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और डीएवी नंदराज स्कूल में जागरूकता अभियान आयोजित

**रांची :** विश्व हैंड हाइजिन दिवस के अवसर पर, भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, राँची ने डीएवी नंदराज स्कूल में स्वच्छ हाथों के महत्व को प्रमोट करने के लिए संयुक्त जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मेडिका हॉस्पिटल के इमरजेंसी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित सेंगर और इंफेक्शन कंट्रोल हेड डॉ. शीतल बंकर ने विशेष रूप से हैंड हाइजीन के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित जनसमूह को हाथों की स्वच्छता की शपथ दिलवाई।
इसके अलावा, मेडिका हॉस्पिटल में एक फ्लैश मॉब आयोजित किया गया, जिसमें एनएस सिस्टर तंजीत कौर इंफेक्शन कंट्रोल टीम की सिस्टर हीना निर्देशित स्किट के माध्यम से हैंड हाइजीन का संदेश दिखाया गया.
मेडिका हॉस्पिटल के एवीपी अनिल कुमार ने स्वच्छता देते हुए कहा कि मेडिका प्रत्येक स्वास्थ्य अभियान में अग्रणी भूमिका निभाता है और स्वास्थ्य सुविधाओं



के प्रति सजग रहता है। क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक डॉ. विजय मिश्र ने भी पेशेंट के परिजनों को सम्बोधित किया.
डीएवी नंदराज के प्राचार्य श्री आर.पी. तिवारी ने मेडिका की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए।
इस अभियान के संयोजन और संचालन की जिम्मेदारी मेडिका हॉस्पिटल की ब्रांड, इवेंट्स और मीडिया हेड भारती ओझा ने संभाली, वहीं जीएम मनीष गुरुदत्त, एमएस डॉ. दीपक मल्लिक, डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ. पंकज मिश्र, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. ऋचा सिंह, एचआर हेड पियुली बनर्जी, मार्केटिंग से पायल पांडेय, विकास मिश्र और हर्ष आदित्य ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेडिका हॉस्पिटल का यह अभियान जन- स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

## रांची के विकास और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर लड़ेंगे चुनाव : यशस्विनी

**रांची :** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि रांची के विकास और महिला सुरक्षा को लेकर वह गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। रांची के विकास पर बात की जायेगी। सहाय शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहीं थी।
सहाय ने कहा कि रांची के बने 24 साल होने जा रहे हैं लेकिन राजधानी का उतना विकास नहीं हुआ। कभी इस जगह को औद्योगिक इकाइयों का हब माना जाता था लेकिन अब वो भी धीरे-धीरे बंद होने लगे हैं। इन सभी विषयों को लेकर चुनाव लड़ा जायेगा। रांची के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच के गैप को भरने की जरूरत है। यदि जनता ने मुझे मौका दिया तो इस गैप को भरने का काम करूंगी और रांची की बेहतरी के लिए काम किया करूंगी।
सहाय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल के जबाब में कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी गलत है या सही यह कानून तय करेगा। यह मामला कोर्ट में अंडर ट्रायल चल रहा है और जिस तरीके से सेंट्रल जांच एजेंसियों पर सवाल उठ रहे उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है।
सहाय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) अभी तक देश में मौलिक अधिकार नहीं बना है। देश में अलग-अलग तरह के लोग रहते हैं, उसे देखकर हमें आगे का निर्णय लेना चाहिए। पेपर लीक के मामले हो रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस के न्याय पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि सरकार आने के बाद एक सशक्त कानून बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि एचईसी को बेचने की तैयारी चल रही है। एचईसी को हमें बचाने की जरूरत है। कई साल से कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिली है। इसके लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

## गौ परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव आज

**रांची :** गौ माता सेवा समिति रांची के तत्वाधान में सुकरहुटू कांके गौशाला मे नवनिर्मित श्री गोपाल कृष्ण जी का गौ परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव 5 मई को बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्तिमय पूर्वक मनाया जाएगा। गौ माता सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद बजाज, सचिव मुकेश पोद्दार, महोत्सव संयोजक अशोक गाड़ोदिया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि गौ परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव महोत्सव 5 मई को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। महोत्सव का शुभारंभ 5 मई को सुबह 9 बजे श्री गणेश जी के आवाह्न एवं भगवान के पूजन के साथ किया जाएगा। भगवान का विग्रह एवं मंदिर परिसर को सुगंधित फूलों से नयनाभिराम अलौकिक अनुपम श्रृंगार किया जाएगा। तत्पश्चात श्री गोपाल प्रभु का धार्मिक अनुष्ठान एवं पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर फल,मेवा एवं मिठाई का भोग अर्पित किया जाएगा। एवं महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा। सुबह 11 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित कर, श्री हनुमान मंडल सहित कई भजन गायको द्वारा अपनी सुमधुर भजनों से भगवान के श्री चरणों में अर्पित करेंगे। अपराह्न 12:30 बजे से महाप्रसाद भोग भंडारा का आयोजन किया गया हैं। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों द्वारा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि सभी कार्यक्रमों की अमृतबेला में उपस्थित होकर भगवत कृपा पात्र होने का सौभाग्य प्राप्त करें।

## रांची संसदीय क्षेत्र में कुर्मी वोटर बड़ा फैक्टर भाजपा के लिए सुदेश महतो की भूमिका अहम

**रांची :** रांची संसदीय क्षेत्र में कुर्मी वोटर बड़ा फैक्टर माना जाता रहा है। इसलिए भाजपा के टिकट से पांच बार रामटहल चौधरी को टिकट मिलता रहा। इन्होंने कई बार रांची सीट से जीत भी हासिल की थी। अब रामटहल चौधरी भाजपा में नहीं हैं। ऐसे में भाजपा के साथी आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो अंदर से भाजपा का साथ दे रहे हैं ताकि कुर्मी वोटर इधर-उधर न हो सके और भाजपा को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा। आंकड़ों के अनुसार रांची लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख आबादी सिर्फ कुर्मी वोटरों की है जबकि यहां मिशनरी और मुस्लिम वोट भी खासा मायने रखते हैं।
उधर, लोकसभा चुनाव-2024 में रामटहल चौधरी ने टिकट के लिए कांग्रेस का दामन थामा तो वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उन्हें पाकर खुशी जताई थी लेकिन पलक झपकते राजनीति के माहिर खिलाड़ी सुबोधकांत सहाय ने चुनाव को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। सहाय ने बेटी यशस्विनी सहाय को कांग्रेस से टिकट दिलाकर रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनवा दिया।
इस बीच भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ चुनावी मैदान में हैं। रांची सीट भाजपा बनाम आईएनडीआईए के बीच दिलचस्प मोड़ पर है लेकिन कुर्मी वोटरों के समर्थन में बड़े चेहरे का अभाव है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि हो न हो अंदर से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ही रांची सीट की कमान संभाल रहे हैं। कुर्मी वोटरों का लाभ भाजपा को मिले इसके लिए सुदेश महतो चुनावी मैदान में अंदर से गठबंधन के साथी भाजपा का साथ दे रहे हैं।
हालांकि, रांची सीट से महागठबंधन के कई नामचीन चेहरे एक साथ चुनावी ताकत झोकेंगे। एक तरफ जहां भाजपा के संजय सेठ रांची लोक सभा सीट से खड़े हैं तो वहीं दूसरी तरफ मुकाबला करने के लिये फिल्ड में यशस्विनी सहाय सहित अन्य नामचीन चेहरे मौजूद हैं। रांची से कांग्रेस के भैया माने जाने वाले सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय और भाजपा के सांसद उम्मीदवार संजय सेठ के बीच जोरदार मुकाबला होगा।

# राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधन की बातों पर मृतक छात्र के माता-पिता ने उठाया सवाल

## आर्यन हो नहीं थी पहले से कोई बीमारी, पिता ने किया खुलासा

अनिल विश्वकर्मा

**रामगढ़।** राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में पांचवी कक्षा के छात्र आर्यन की मौत एक बड़ा सवाल खड़ा कर गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि हॉस्टल में रहने वाले छात्र कितने महफूज हैं? और विद्यालय प्रबंधन कितना सजग है? यह कहपाना अब बेहद मुश्किल हो गया है। बच्चे बीमार हैं उसके बावजूद हॉस्टल में है। उसकी कोई सूचना ना तो अभिभावकों तक पहुंच रही है, और ना ही उसका कोई इलाज चल रहा है। अचानक बच्चे खेल के मैदान में पहुंचते हैं और उनकी मौत हो जाती है। फिर स्कूल प्रबंधन के द्वारा बच्चे का मेडिकल हिस्ट्री सामने लाया जाता है। यह पूरा मामला एक बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रहा है। बीमार बच्चों को हॉस्टल में रखना उचित नहीं है। इसके अलावा अगर बच्चे की मेडिकल हिस्ट्री है तो उसके बाद भी उसे मॉर्निंग वॉक, एक्सरसाइज और काउंटिंग जैसे सेशन में शामिल किया जा रहा है, यह भी बेहद चिंता का विषय है।



### विद्यालय प्रबंधन की बातों पर मृत छात्र के पिता ने उठाए सवाल

इस पूरे प्रकरण पर बच्चे का अंतिम संस्कार कर घर लौटे पिता नेहरू गंझू ने बेहद चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा है कि उनका बच्चा पिछले दो वर्षों से राधा गोविंद स्कूल में पढ़ रहा था। इस दौरान ना तो कोई बीमारी की खबर आई और ना ही ऐसी कोई शिकायत मिली। अचानक उनके बच्चे के गंभीर होने की खबर फोन पर दी जाती है। यह खबर उनके लिए बेहद चौंकाने वाला था। जब वह स्कूल की तरफ बढ़े तो उन्हें लगातार अस्पतालों के नाम बताए गए। जब वह अस्पताल पहुंचे तो उन्हें बेटे की लाश मिली। उन्होंने कहा कि अगर किसी बच्चे की तबीयत खराब थी, तो स्कूल प्रबंधन के द्वारा उसे किसी भी काउंटिंग सेशन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए था। अगर उसे जबरन हॉस्टल से नीचे उतारकर मैदान में लाया जा रहा है तो यह एक गंभीर मसला है। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया में कई बातें स्कूल प्रबंधन के द्वारा कही गई है जो झूठी है। उन्होंने कहा कि अगर बच्चे की तबीयत ठीक नहीं थी या उसका कोई इलाज चल रहा था तो उसकी कोई जानकारी अभिभावक को नहीं दी गई। विद्यालय प्रबंधन इस मुद्दे पर गंभीर नहीं दिखा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की गाइडलाइन के बावजूद उन्हें ना तो छुट्टी की खबर मिली और ना ही बच्चे को ले जाने के लिए कोई मैसेज किया गया।




### ऑनलाइन क्लास के नाम पर रोके गए थे बच्चे

मृत छात्र आर्यन की मां डौली देवी ने स्कूल प्रबंधन के हर उसे दावे को नकारा जिसमें यह कहा गया था कि आर्यन को क्रॉनिकल डिजीज था। उन्होंने कहा कि उनका बच्चा पूरी तरीके से स्वस्थ था। उन्होंने अपने दोनों बच्चों का एडमिशन राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में कराया था। आज जब उनके बच्चे के साथ हादसा हुआ है तो विद्यालय प्रबंधन अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी स्कूल में छुट्टी होती थी तो बच्चे फोन कर घर में बताते थे कि उनकी छुट्टी हो गई है और अभिभावक जल्दी आकर उन्हें ले जाएं। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। विद्यालय प्रबंध कर रहा है कि उन्होंने छुट्टी की नोटिस अपने विद्यालय में चिपका दी है। लेकिन उसका कोई संदेश अभिभावकों तक नहीं पहुंचा। जो बच्चे घर से स्कूल आते थे, उनकी छुट्टी की गई थी और ऑनलाइन क्लास लिया जा रहा था। लेकिन जो बच्चे हॉस्टल में रह रहे थे, उनकी छुट्टी नहीं की गई थी।

# अवैध कोयला लदा 709 जब्त, चालक, मालिक और तस्कर पर मामला दर्ज



**रामगढ़।** जिले में अवैध कोयले का खेल जारी है। इसका जीता जागता उदाहरण रामगढ़ थाना पुलिस के द्वारा की जा रही अवैध कोयला के विरुद्ध कार्रवाई से स्पष्ट हो रहा है। रामगढ़ थाना पुलिस एक बार फिर चुटूपालू घाटी के चेटर मोड़ के पास से अवैध कोयला लदा 709 ट्रक पकड़ा। इस मामले में रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार राय ने सदलबल के साथ गस्ती पर निकले। इसी बीच उन्हें गुप्त सूचना मिली कि कुंदरूकला दामोदर नदी किनारे से अवैध रूप से कोयला उत्खनन कर 709 ट्रक संख्या जेएच 02एफ 5728 को रांची की और ले जाया जा रहा है। सूचना पर चुटूपालू घाटी के चेटर मोड़ के पास से चेकिंग किया जा रहा था।इसी दौरान ट्रक चालक उक्त वाहन को सड़क किनारे खड़ी कर अंधेरा का लाभ उठाकर फरार हो गया। वही, पुलिस ने 709 ट्रक को जब्त कर थाना ले आई। इधर, पुलिस ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 125/24 धारा 414/34 आईपीसी एवं 30 ( Ⅱ) कोल माइंस एक्ट व 33 वन अधिनियम के तहत चालक, ट्रक मालिक, तस्कर करमा कुजू निवासी आशेश्वर महतो, रानीबागी निवासी नवीन झा, और मांझी के मां तारा कॉल डिपो मालिक विजय साहू और उमेश महतो पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा ने राहगीरों के बीच शरबत और फ्रूट्स का किया वितरण




**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा के तत्वाधान में शनिवार को शहर के थाना चौक स्थित संकट मोचन मंदिर के पास राहगीरों के बीच शरबत और फ्रूट्स का वितरण किया। मौके पर शाखा की सचिव प्राची चौधरी ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए शाखा के द्वारा राहगीरों के बीच शरबत और तरबूज के साथ खीरा का वितरण किया गया। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि पारा दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, ऐसे में आप सभी जरूरत के अनुसार ही घर बाहर निकले। इस दौरान चेतन शाखा द्वारा किए गए इस कार्य को सरहाना किया। इस अवसर पर शाखा की अध्यक्ष अनु खंडेलवाल, सुमन चौधरी, नेहा जैन, नेहा मित्तल, आरती शर्मा आदि शामिल थी।

# भुरकुंडा के लाल शाहबाज आलम ने एवरेस्ट चोटी में तिरंगा लहराए



**बरकाकाना।** भुरकुंडा निवासी शाहबाज आलम शनिवार को एवरेस्ट चोटी में तिरंगा लहरा कर लौट आया। वे 22349 पटना - रांची वंदे भारत एक्सप्रेस से बरकाकाना पहुंचे। यहां पर उनके परिजन गर्मजोशी के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बताते चले भुरकुंडा के 29 वर्षीय युवा व्यवसायी शाहबाज आलम पिछले सप्ताह दुनिया के सबसे ऊंचे बेस कैंप माउंट आबू पहुंच कर देश का तिरंगा लहराया था। इस साहसिक कार्य और सफलता पर उनका पूरा परिवार काफी खुश है। भुरकुंडा मस्जिद कॉलोनी निवासी प्रसिद्ध व्यवसायी सलाउद्दीन मंसूरी के पुत्र शाहबाज ने बताया कि माउंट आबू में तिरंगा लहराने की ख्वाईश बचपन से थी। लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। इसके बाद उन्होंने मन की बात अपने माता-पिता से शेयर की, तो उसे एवरेस्ट फतह करने की इजाजत मिल गई। इसके बाद उन्होंने अपने सपने को पूरा करने के लिए खुद को तैयार किया। एक महीने के कठिन अभ्यास के बाद उसे यकीन हुआ कि अब वो दुनिया की ऊंची चोटी पर चढ़ सकता है। इसके बाद वो अकेले ही अपने मंजिल को पूरा करने निकल गया। बरकाकाना में स्वागत करने वालों में शाहबाज की अम्मी यास्मीन खातून, बहन शगुफ्ता प्रवीण, नरगिस सामीन, मुस्कान आदि शामिल थे।

# इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता और नेताओं ने बैठक कर सांसद प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत को लेकर बनाई रणनीति




**कुजू।** इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं ने मुरपा में बैठक कर हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो व भुनेश्वर महतो, कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम व सीपी संतन, राजद जिलाध्यक्ष मो गुलजार आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान सांसद प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित कराने के लिए आपस में विचार विमर्श किया। मौके पर वक्ताओं ने मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय बनाकर पार्टी हित में कार्य कर अपने प्रत्याशी को जीत दिलाना है। वक्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर देश विरोधी आरोप लगाते हुए जमकर अपनी भड़ास निकाला। साथ ही पीएम मोदी पर तानाशाह सरकार चलाने का भी आरोप लगाया। बैठक के दौरान नेताओं ने जीपी पटेल को जिताने के लिए कार्यकताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर भीम साहू, खोखेंद्र साव, श्याम सिंह, बूटी तिवारी, गुलजार अंसारी, सुधीर सिंह, आकाश ओझा, महेश ठाकुर, सागीर अंसारी, गुलाम नबी, मोगलचंद्र पटेल, मनोज ठाकुर, सागर महतो, जयवीर हांसदा, मंसूर अली, नसीम खान, बादल महतो, प्रदीप महतो, राजकुमार केसरी, लाली बेदिया, महादेव मांझी, फरहरी महतो,धनेश्वर मांझी, कामेश्वर वर्मा, संतोष मेहता, मिथलेश मेहता आदि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने बैठक कर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिताने का लिया प्रण



**कुजू।** भाजपाइयों ने एमआर कॉम्प्लेक्स कुजू में बैठक कर एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जीतने का प्रण लिया। बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो केपी शर्मा उपस्थित थे। बैठक के दौरान केपी शर्मा ने क्षेत्र के भाजपाई नेता- कार्यकताओं से उनका हाल जाना। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर उससे निजात दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कार्यकताओं से अपने-अपने बूथों पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान मौजूद कार्यकताओं ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने के अलावे हर बूथ पर 70% से अधिक वोटिंग दिलाने का प्रण लिया। इस दौरान नेताओं ने कार्यकताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही भाजपायों ने पार्टी हित में पहले से और बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यकताओं ने एक स्वर में मनीष जायसवाल की सुनिश्चित जीत होने की बात कही। बैठक में सिंधु महतो, प्रदीप सिन्हा, दिनेश्वर साहू, गणेश तिवारी, सुखदेव सोनी, प्रकाश केशरी, विजय वर्मा, जनक प्रसाद, दशरथ प्रसाद केसरी, मनोहर गुप्ता, उमेश चंद्र पटेल, गणेश सोनी, नरेश गुप्ता, रामकुमार साहू, शंभूलाल ठाकुर, कुलदीप प्रसाद, नरेश सोनी सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

# शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक एवं प्रशिक्षु विनिमय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सुकरीगढ़ा लारी स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 2 मई से 4 मई तक शिक्षक एवं प्रशिक्षु विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत प्रथम चरण में मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग रामगढ़ के शिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं का महाविद्यालय में आगमन हुआ। जिसमें मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के सहायक प्राध्यापक श्रीधर मुंडा, रतन शर्मा, डॉ. अंजली कुमारी, सुधा सिंह के साथ कई प्रशिक्षु शामिल थे। जबकि द्वितीय चरण में डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा के सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम एवं मो. परवेज अख्तर के नेतृत्व में महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन हुहुवा में कक्षा का आयोजन, पुस्तकालय भ्रमण, प्रयोगशाला भ्रमण एवं महाविद्यालय के सभागार में धन्यवाद ज्ञापन के साथ विदाई




समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद शनिवार को महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन हुहुवा की तरफ से सहायक प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष नीलकमल सिन्हा, राहुल सिंह एवं चंचल कुमारी के साथ कई प्रशिक्षुओं का डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आगमन, कक्षा संचालन, पुस्तकालय भ्रमण, प्रयोगशाला सह प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा, बीएड के सहायक प्राध्यापक रंजू वंदना होरो, संजू रंजना होरो, डॉ. अशोक राम, डीएलएड की प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, डॉ. राजेश महतो, बाबूचंद प्रसाद, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी, नंदलाल कुमार, निशा कुमारी, उमेश कुमार, पवन कुमार, मुनीता कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, पंकज करमाली, निर्मल महतो सहित बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# मुस्कुराहटें संस्था के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी ने जरूरतमंद के लिए किया रक्तदान



**रजरप्पा।** मुस्कुराहटें संस्था अपने करें रक्तदान, दें जीवनदान अभियान के तहत क्षेत्र के लोगों को रक्तदान के प्रति निरंतर जागरूक कर रही है। रक्त के अभाव में किसी को स्वास्थ्य हानि नहीं हो तथा रक्त की कालाबाजारी न हो, इस दिशा में संस्था निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में क्षेत्र के एक निवासी का हीमोग्लोबिन कम रहने के कारण उन्हें रक्त चढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता थी। इस संदर्भ में उनके परिजन द्वारा मुस्कुराहटें संस्था से संपर्क किया गया। उनकी आवश्यकता की पूर्ति हेतु मुस्कुराहटें संस्था के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी शशिकांत रवि ने रामगढ़ सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष जाकर रक्तदान किया और जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध करवाया। छोटकीपोना निवासी शशिकांत रवि का यह बारहवां रक्तदान है। गौरतलब है कि शशिकांत रवि के विवाह का आज प्रथम वर्षगांठ भी है। शशिकांत रवि ने कहा कि इस विशेष अवसर पर किसी जरूरतमंद के लिए रक्तदान कर काफी खुशी महसूस हो रही है। रक्तदान महादान है। सभी योग्य युवाओं को निरंतर रक्तदान करना चाहिए, ताकि समय पर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध हो सके और उनकी जान बच सके।

# सर्वोदय निकेतन और पब्लिक उच्च विद्यालय में खुशी क्लास के दौरान बच्चों को दी सकारात्मक सोच की शिक्षा

### अंक के दबाव को छोड़ सकारात्मक सोच के साथ खुशी से आप मंजिल तक पहुंचाते हैं :चौहान

**कुजू।** खुशी मिशन के तहत कुजू डटमा मोड़ स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल और पब्लिक उच्च विद्यालय में खुशी क्लास का आयोजन किया गया। लाइफ केयर अस्पताल रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है। इसलिए असफलता से घबराना नहीं है। बल्कि इसपर पैर रखकर सफलता की मंजिल तक पहुंच जाना है। सकारात्मकता कैसे जिंदगी बदलती है इससे सम्बंधित चौहान ने कई कहानी भी सुनाई। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में तनाव न लाते हुए अंक के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने मिसाइल मैन के रूप में विख्यात हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी और बल्ब के आविष्कारक महान अमेरिकी वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन के जीवनी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बच्चों को अंक के तनाव से मुक्त होकर एक बेहतर इंसान बनने की सीख दी। परीक्षा में कम अंक आने पर बच्चे तनाव में आत्महत्या जैसी गलत कदम उठाने को सिरे से खारिज करते हुए सकारात्मक सोच के साथ खुशी के माहौल को अपने जीवन को ढालने की सीख दी। साथ ही बच्चों को परिणाम की चिंता छोड़ जीवन को खुशी के साथ जीने की प्रेरणा देकर बच्चों से हरदम खुशी के साथ अपने जीवन को बिताने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के अंत में चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। निःशुल्क हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। ऐसे पूर्व विद्यालय प्रबंधन द्वारा खुशी मिशन के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान और लाइफ केयर अस्पताल से आये संदीप साह का स्वागत किया गया। मौके पर सर्वोदय निकेतन में प्राचार्य सूर्यनाथ यादव, सत्यप्रकाश वर्मा, सहित सभी शिक्षक और 9 वर्ग से ऊपर के विद्यार्थी तथा पब्लिक उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापिका गीतांजली कुमारी सहित शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।

# 4 युवकों ने किया युवती का दुष्कर्म, वीडियो किया वायरल

### पुलिस ने नाबालिग युवकों को किया गिरफ्तार, मामला दर्ज

**रामगढ़। रामगढ़ थाना क्षेत्र सिरका में चार नाबालिग युवकों के द्वारा एक बालिग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। उन नाबालिग बच्चों की मानसिक कुंठा वहीं खत्म नहीं हुई। उन लोगों ने पहले लड़की को धमकी दी और फिर बाद में उसका सेक्स वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पूरे जिले में सनसनी फैल गई। मामला जैसे ही थाने पहुंचा रामगढ़ पुलिस भी सक्रिय हुई। आनन-फानन में छापेमारी शुरू हुई। पुलिस ने उन चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है, जो उस वीडियो में नजर आ रहे थे और जिन लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल किया था।**



### दुष्कर्म की पीड़िता को मिली थी धमकी

दुष्कर्म की पीड़िता 18 वर्षीया युवती ने पुलिस को बताया कि दुष्कर्म करने वाले युवकों ने उसे धमकी दी थी। पहले तो उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया। फिर उसका सेक्स वीडियो भी उन लोगों ने बनाया। बाद में कहा कि अगर वह अपने घर में इस वारदात की जानकारी देगी तो सोशल मीडिया पर उसका वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। इस डर से उसने अपने घर में 21 अप्रैल 2024 की दोपहर को हुई, हालांकि इस वारदात की जानकारी नहीं दी थी।

### जानिए क्या है पूरा मामला

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल 2024 की दोपहर 11:30 बजे वह अपने घर से निकली थी। इसी बीच उसे ओबी डंपिंग यार्ड के जंगल पास चारों युवक उसे ले गए। इसके बाद उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सभी युवकों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच की है। पीड़िता ने बताया कि उन लोगों ने उसका सेक्स वीडियो फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया पर वायरल किया, जो कि उसके परिजनों ने देखा। 3 मई को परिजनों से ही पीड़िता की मां को इस वायरल वीडियो की जानकारी मिली।

### कड़ी मशक्कत कर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा

पीड़िता ने सामूहिक दुष्कर्म करने वाले युवकों की पहचान पुलिस को बताई। इसके बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर उन चारों युवकों को पकड़ा। उनके खिलाफ रामगढ़ थाना कांड संख्या 123/24 दर्ज किया गया है। पुलिस ने उन आरोपियों पर आईपीसी की धारा 376 (डी), 120 (बी) और आईटी एक्ट 66 (ई), 67 और 67 (ए) के तहत मामला दर्ज किया है।

# अवैध तरीके से चला रहे पत्थर माइंस में चाल धंसने से एक ऑपरेटर दबा, हुई मौत 9 घंटे के बाद निकला शव

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**कोडरमा** जिले के सीमावर्ती गोबिंदपुर पंचायत के ढाब-सलोनिया में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से संचालित खदान और पत्थर क्रेशर में गुरुवार को बड़ी घटना घट गई है। ढाब सलोनिया चौपारण क्षेत्र में ढाब चंदवारा के संजय यादव, बीरेन्द्र यादव, प्रभु यादव, प्रदीप यादव, अजय यादव सहित 8 लोग मिलकर अवैध तरीके से माइंस में पत्थर का उत्खनन कर रहा था। जिसके लिए



हर दिन ड्रिल मशीन लगा कर ड्रिल किया जाता था और शाम 6 से 7 बजे हैवी पावर का ब्लास्ट कर पत्थर का निकासी की जाती थी। गुरुवार को आधा दर्जन लोग सुबह में ड्रिल करने 200 फीट नीचे माइंस में जाकर ड्रिल शुरू ही किया था कि चाल धंस गया। जिसमे एक ड्रिल ऑपरेटर छोटन सिंह ग्राम नजीरगंज, थाना इटखोरी जिला चतरा दब कर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर हजारीबाग जिला खनन पदाधिकारी, सीओ सह बीडीओ संजय यादव, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सहित कई लोग पहुंच कर 9 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मिट्टी-पत्थर में दबा शव को बाहर निकलवाया गया। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के परिजनों ने अवैध माइंस के 8 संचालक को गिरफ्तार करने और मुआवजा का मांग कर रहे थे। जिसपर संचालकों ने मृतक के परिजनों को 10 लाख देने की बात स्वीकारा है।

## यूथ चले बूथ ' एवम् 'पहले मतदान फिर जलपान पर प्रभात फेरी




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता डोमचांच** ~यूथ चले बूथ % एवम् %पहले मतदान फिर जलपान % अभियान के तहत चंद्रावती स्मारक ,मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालय ,डोमचांच के तरफ से विद्यालय के सभी शिक्षक एवम् बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाल मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जन जन संपर्क कर 20 मई को सत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोसाहित किया गया। जहां विद्यालय के बच्चों ने विद्यालय तथा डोमचांच थाना के आसपास के गाओं दुरोडीह माथाडीह तथा तेतरीयाडीह में ग्रामीणों से बात कर मतदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आपका एक वोट देश तथा समाज के 5 साल का भविष्य को तय करता है। विद्यालय के शिक्षक के रूप में , सूरज वर्मा,आलोक सिंह, राज शेखर ,राजकिशोर, सुधीर कुमार सिंह सोनू गुप्ता , चंद्रशेखर ,मुकेश कुमार ,अनिल यादव एवम् शिक्षिका नीता कुमारी,रेखा कुमारी ,सविता कुमारी ,कल्पना मेहता ने अहम भूमिका निभाए।

## मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा की बैठक संपन्न




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** प्रखंड अंतर्गत पिपचो मे भारतीय जनता पार्टी की बैठक परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय राणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें पंचायत के पदाधिकारी को अपने अपने दायित्व पर निर्वाह करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में सभी पंचायत के सभी कार्यकर्ताओं को विभिन्न पंचायत में पदभार दिया गया। इस बैठक में उपस्थित केदारनाथ यादव जिला परिषद सदस्य, विजय राणा परसाबाद मंडल अध्यक्ष, सुधीर सिंह भाजपा जिला मंत्री, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र राणा सांसद प्रतिनिधि, विजय यादव युवा मोर्चा अध्यक्ष, महेश रजक मंडल महामंत्री, विजय पंडित पूर्व मुखिया, दीपक सिंह, धनेश्वर राणा पंचायत समिति सदस्य, त्रिलोकी यादव, सरयू यादव, एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गझंडी स्टेशन लिमिट मे ऑन ड्युटी लोको पायलट का रन ओवर होने पर मौत

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** 04 मई 2024 को करीब 05.10 बजे सुबह सूचना प्राप्त हुई की गझंडी स्टेशन लिमिट में एक लोको पायलट रन ओवर हो गया है। सूचना प्राप्ति पश्चात जवाहर लाल ढ्ढक्क चत्तक्कसाथ बल सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे, गझंडी स्टेशन लिमिट के प्वाइंट नॉ क्क72क्क्यरू हह्ल 403/ 28 ( 02 ) ड्ड403/ 28 ( 01 ) के पास एक लोको पायलट का डेड बॉडी पाया गया। इस संबंध में साथ कार्यरत स्क्कगोपाल कुमार ॥क्कत्तस्र्ह्र मॉब नॉ 6207327245 से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मृतक लोको पायलट का नाम पंकज कुमार सिंह है और इनका ॥क्कत्तस्र्ह्र है। हम दोनो की ड्यूटी दिनांक 03.05.2024 को गोमो से समय 21.45 बजे थी। हम दोनो गोमो से एक लाइट इंजन ( बैंकर ) नॉ 27444 को गोमो से समय 23.45 बजे लेकर चले तथा दिनांक 04.05.2024 को समय 01.05 बजे गझंडी पहुंचे। पुनः गझंडी से समय 01.50 बजे चलकर गुरपा 02.25 बजे पहुंचे। पुनः गुरपा से 03.06 बजे चलकर गझंडी 03.50 बजे पहुंचे। जिसके बाद उक्त बैंकर को गझंडी के लोको बफर में खड़ा कर दिए। बैंकर को खड़ा करने के बाद समय 04.31 बजे जब ट्रैक पकड़ कर जा रहे थे तो प्वाइंट नॉ क्क73 के पास ष्ठह्र लाइन से गुजर रही गाड़ी संख्यां 20840 न्यू दिल्ली रांची राजधानी श्र्ङ्क्कके इंजन से धक्का लग गया। जिससे ऑन ड्यूटी लोको पायलट पंकज कुमार सिंह की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाबत स॥ह्र त्त्रक्ककोडरमा को दिया गया। घटना के बाबत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। महोदय उपरोक्त घटना के बाबत कोई भी ट्रेन का डिटेंशन नही हुआ है।

## कॉमर्स वर्ल्ड का छात्र बना जिला सेकेंड टॉपर विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** जिला अंतर्गत झुमरी तिलैया सी एच स्कूल के नजदीक स्थित कॉमर्स वर्ल्ड का छात्र व छात्रा उमंग कुमार 460 अंक लाकर कोडरमा जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं पूजा कुमारी 446( चतुर्थ स्थान ) , गोविंद कुमार 446 , सन्नी कुमार 433 , सूरज शर्मा 432,अमित यादव 413, संदीप रजक 412, प्रियंका कुमारी 411, श्रीजा कुमारी 400 , आकृति कुमारी 396, पिंकी कुमारी 396, व सुहाना कुमारी 391अंक लाकर संस्थान एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है । वही कॉमर्स वर्ल्ड के संचालक बिनोद कुमार साव ने बताया कि टॉपर हुए सभी छात्र-छात्रा को सम्मान व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। एवं सफल हुए सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

## पतंजलि परिवार योग समिति कोडरमा के तत्वाधान में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमाप्तंजलि परिवार योग समिति (हरिद्वार) कोडरमा के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। योग क्रांति जोड़ी योगी सुषमा सुमन योगी प्रदीप कुमार सुमन की अगुवाई में यह कार्यक्रम चलाया गया और यह कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य सुषमा सुमन ने की इन्होंने ने बताया की कोडरमा लोकसभा में लगभग 500 गांव में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें सारे योग शिक्षक भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे । सुषमा सुमन ने बताया की योग क्रांति जोड़ी 300 गांव में और वह गांव को चयन करेगी जहां मतदान कम प्रतिशत में होता है वहां मतदान पूरा करना है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से अपील है कि मतदान अवश्य करें समाज और राष्ट्र को मजबूत आपके मतदान देने से ही होगा, सभी बहनों को



बताया की 20 मई को सबसे पहले मतदान केंद्र पर जाएं और मतदान करें उसके बाद जलपान करें भोजन बनाएं। प्रदीप कुमार सुमन ने बताया की आदिवासी बनवासी और शहर वासी को विशेष जागृत करना पड़ेगा उसके लिए विशेष मतदान अभियान चलाया जाएगा। आपका मतदान 5 साल के लिए एक मजबूत सरकार बनती है मतदान नहीं करेंगे मजबूर सरकार बनेगा इसीलिए नारा दिया गया है पहले मतदान उसके बाद जलपान। इस कार्य को मजबूती देने के लिए पतंजलि परिवार के लगभग सैकड़ो योग शिक्षक निशुल्क सेवा करेंगे इस कार्य में सहयोग देने वाले योग शिक्षक उपेंद्र दुबे राजेंद्र सिंह अनिल सिंह संगीता देवी रीना देवी गोपाल शर्मा पूनम बरनवाल ज्योति देवी राजेंद्र बरनवाल सुरेश सिंह सीमा देवी सुधारानी विनय राणा प्रदीप साव सुभाष गुप्ता विजय बरनवाल कैलाश लाल बरनवाल दयानंद गुप्ता सुनील राणा मुकेश कुमार अजीत बरनवाल शंभू बरनवाल पुष्पा देवी नमिता बरनवाल सुरेश यादव राजेंद्र यादव कैलाश राणा सविता बरनवाल कविता देवी रामदेव राणा सुदामा देवी बिंदेश्वरी देवी लक्ष्मी देवी नूतन कुमारी कृतिका आयरन सुधा देवी सुमित्रा देवी चिंता देवी रेखा देवी खुशबू कुमारी विमला देवी प्रेमलता देवी सुनीता देवी सुशीला देवी ललिता देवी अनीता देवी रेणु देवी मंजू देवी सभी लोग का सहयोग भरपूर मिल रही है।

## बच्चों का इस स्तर पर पहुंचकर प्रदर्शन करना ही बहुत महत्वपूर्ण बात:मुस्तफा मस्जिद



**बरकाकाना।** डीएवी बरकाकाना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में बच्चों को विभिन्न संगीत, नृत्य , जूडो कराटे एवं किकबॉक्सिंग की तैयारी करवाई जाती है। झारखंड में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती हैं इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से प्रतिभागी भाग लेते हैं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किक बॉक्सिंग में बरका काना के शुभम ने स्वर्ण पदक एवं हर्षदीप ने रजत पदक प्राप्त किया। जिस विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य मुस्तफा मस्जिद ने पदक प्रदान करते हुए कहा , कि बच्चों का इस स्तर पर पहुंचकर प्रदर्शन करना ही बहुत महत्वपूर्ण बात है। विद्यालय परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी हर संभव प्रयास करता रहेगा।

## सीसीएल के नये सीएमडी ने बरका-सयाल प्रक्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का किया दौरा, दिए आवश्यक दिशानिर्देश



**भुरकुंडा।** सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के नये सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह ने शनिवार को बरका-सयाल प्रक्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान महाप्रबंधक कार्यालय में निलेंदू कुमार सिंह का स्वागत महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया गया। सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह उरीमारी परियोजना, बिरसा परियोजना, न्यू बिरसा परियोजना, नवनिर्मित सीएचपी साइलो, सयाल डी कोलियरी पहुंचे। जहां सीएमडी ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सेफ्टी को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही कई महत्वपूर्ण दिशानिर्देश भी दिए। वहीं उन्होंने सुरक्षित रूप से कोयला उत्पादन पर जोर दिए। सीएमडी स्थानीय अधिकारियों से परियोजना से संबंधित समस्याओं से भी अवगत हुए और समस्याओं की यथाशीघ्र समाधान का भरोसा भी दिलाया। निरीक्षण के दौरान एसओएम ईएंडएम अमरेंद्र कुमार, बिरसा पीओ डी. शिवादास सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन की जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** इंडिया गठबंधन समन्वय समिति की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर हुई। अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने किया,जबकि संचालन जेएमएम अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने किया। बैठक में कोडरमा जिला में चुनावी गतिविधि को लेकर विशेष समीक्षा की गई। बैठक में इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद, कांग्रेस, जेएमएम,आम आदमी पार्टी, सीपीएम-सीपीआई और भाकपा माले,मजदूर संगठन समेत दलित संगठन एवं प्रगतिशील संगठन के नेतृत्वकारी नेताओ ने शिरकत किया।वहीं बैठक में बरकट्ठा के पूर्व विधायक सह जेएमएम नेता जानकी प्रसाद यादव भी मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के रामधन यादव, जानकी प्रसाद यादव, अवधेश प्रसाद यादव, महादेव राम,सह



संयोजक प्रकाश रजक, महादेव राम,असीम सरकार मनोज सहाय पिंकू, डॉ जावेद अख्तर समेत अन्य नेताओ ने कहा कि कोडरमा लोकसभा चुनाव में इसबार बदलाव की बयार बह रही है।उन्होंने कहा कि जनता मौजूदा सांसद अन्नपूर्णा देवी के निष्क्रियता से काफी आक्रोश में है।उन्होंने कहा कि कोडरमा विधानसभा में इसबार डोर टू डोर चुनाव अभियान चलाने का रोडमैप तैयार किया गया है,जिसे जमीन पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजूट होकर एक एक मतदाता से सीधा संपर्क करने की योजना तैयार की है। वहीं कोडरमा विधानसभा के सभी छह प्रखंडों में योजनाबद्ध तरीके से प्रत्याशी का जनसम्पर्क अभियान भी चलाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा को हार का डर सताने लगा है, इसलिए चुनावी सभा मे झूठ और अफ़वाह फैलाकर जनता को दिग्धभ्रमित करने में जुटी है। नेताओ ने कहा कि कोडरमा में इसबार भाकपा माले का चुनावी चिन्ह तीन तारा जन जन का चुनावी चिन्ह बन गया है। है। कोडरमा के ढिबरा,माइका,पत्थर,क्रशर का व्यापार का मान सम्मान लौटाने की है।मौके पर समन्वय समिति डॉ जावेद अख्तर, भागीरथ पासवान, दामोदर यादव,प्रकाश रजक, महादेव राम,असीम सरकार, रमेश प्रजापति,राजेन्द्र मेहता,मनोज रजक, संजय दास, प्रेम पांडेय,मनोज सहाय पिंकू,प्रकाश अंबेडकर, महेंद्र यादव, सरफराज नवाज, विजय यादव, अर्चना कुमारी, चरणजीत सिंह, प्रेम प्रकाश, परवेज खान, सद्दाम अंसारी,धीरज कुमार, टुकलाल यादव, मोहन यादव, रघुनाथ दास, श्यामजीत यादव समेत इंडिया गठबंधन के कई लोग मौजूद थे।

**इंढी गठबंधन प्रत्याशी का धुआँधार जनसंपर्क**

## महिलाएं सशक्त होंगी तो देश मजबूत होगा - अनुपमा सिंह

**धनबाद /** इंडिया गठबंधन की धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी का तूफानी दौरा बोकारो आवासीय कार्यालय लोहांचल से जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ताओं समाजसेवियों एवं समर्थकों के साथ मौजूद गण मन लोगों के साथ बैठक विचार विमर्श कर कार्यक्रम जनसंपर्क की शुरुआत की इसी क्रम में धनबाद लोकसभा के चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कालीकापुर पंचायत शाखा कुरी आदराकुड़ी,बत्बोया में बानेश्वर महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क कर फुसरो पंचायत पहुंचकर दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त किया वहां ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्रीय जन समस्याओं से अवगत होकर उनके निवारण हेतु इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए समर्थन मांगा, चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत का फुसरो



पंचायत के नवाडीह पंचायत हरिजन गांव पहुंचकर वहां ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्रीय जन समस्याओं को सुना जनसंपर्क करते हुए लंका पंचायत हरि मंदिर प्रांगण पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र भ्रमण जनसंपर्क करते हुए खेरा बेड़ा पंचायत स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र के झालवडदा,नौडीहा मोड़ मैं इंडिया गठबंधन के सभी दलों के क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ बैठक कर मां गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर चर्चा की और कहा कि देश के संविधान को बचाने और दुनिया के सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करने की जिम्मेवारी हम लोगों के कंधे पर आन पड़ी है आज कांग्रेस निरंतर देश की निरंकुश सरकार से जनहित के लिए लड़ रही है आपका हक और हित के लिए हमेशा मैं तत्पर रहूंगी अब आपकी अपनी धनबाद की बेटी अनुपमा आपसे आशीर्वाद लेने के लिए आई है मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में व्याप्त बेलगाम महंगाई और भयावह बेरोजगारी धनबाद लोकसभा क्षेत्र खनिज संपदाओं से भरा है फिर भी बेरोजगारी पानी बिजली पॉल्यूशन फ्लाईओवर का ना होना सड़क जाम की समस्या एम्स जैसे बड़े अस्पताल का ना होना एयरपोर्ट का ना होना कहीं ना कही केंद्र की अनदेखी का दंश धनबाद झेल रहा है पांच भाजपा के विधायक धनबाद लोकसभा क्षेत्र में एक सांसद फिर भी मोदी सरकार की धनबाद के प्रति अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं धनबाद की समस्याओं की निराकरण के लिए आवाज बनकर लोकसभा में गूंजेगी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की गारंटी किसानों को एम एस पी की गारंटी युवाओं को सरकारी नौकरी की गारंटी पूरा पक्का मकान की याद आए यही है कांग्रेस का वादा कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुपद महतो जलेश्वर महतो शंकर महतो हसनुल्ला अंसारी उत्तम दुबे आदि थे

## पिस्टल- कारतूस के साथ अपराधी इमरान सहित दो अन्य गिरफ्तार

**गोविंदपुर मां शांति रेस्ट हाउस से छापामारी में पकड़े गए**



**धनबाद** ~गुप्त सूचना के आधार पर गोविंदपुर पुलिस ने खालसा होटल के पास मां शांति रेस्ट हाउस में छापामारी कर कुख्यात अपराधी इमरान के साथ 7.65 एम एम के पिस्टल, तीन जीवित कारतूस तथा चार एंड्राइड फोन के साथ उसके दो अन्य साथियों को हिरासत में लिया है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि इमरान का आपराधिक इतिहास रहा है।उसके खिलाफ विभिन्न जिलों में डकैती जैसी घटना में संलिप्तता का मुकदमा चल रहा है। जबकि उसके साथ पकड़े गए उसके दो अन्य साथियों संजीव और जमशेद के खिलाफ अब तक कोई अपराधिक मामले सामने नहीं आए हैं। उनकी योजना धनबाद शहर के किसी क्षेत्र में किसी बड़ी अपराधी घटना को अंजाम देने का था जिसका पहले ही उद्भेदन हो गया।सिटी एसपी ने बताया कि धनबाद पुलिस अभी भी इस मामले की छानबीन में लगी हुई है तथा उम्मीद है कि इसमें कुछ अन्य मामले भी उजागर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त मामले की सफलता गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम की मदद से प्राप्त हुई है. विदित हो कि आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर इन दिनों प्रशासन क्षेत्र में विभिन्न और लोकतांत्रिक गतिविधियों के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चला रही है।इतना ही नहीं पिछले दिनों गोविंदपुर क्षेत्र में एक मछली व्यवसायी की हत्या के मामले को लेकर भी गोविंदपुर पुलिस सघन छापामारी चला रही थी। जिस दौरान यह सूचना सामने आई कि मां शांति रेस्ट हाउस में कुछ अपराधी घातक हथियार के साथ छिपे हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने एस आई टी का गठन करके उक्त रेस्ट हाउस में छापामारी की जिसमें उसे यह सफलता मिली।

## कटकमसांडी प्रखंड में क्रिकेट मैच आयोजित

**हजारीबाग/कटकमसांडी** – सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के कटकमसांडी प्रखण्ड के रेबर पंचायत नवाखाप मे आयोजित फाइनल क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन बालकृष्ण क्लब नवाखाप के द्वारा किया गया था। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए।आयोजक मंडली के द्वारा हर्ष अजमेरा को फूलों का गुलदस्ता देखकर स्वागत किया गया, इसके पश्चात श्री अजमेरा ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की इसके बाद मैच विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ।

# योग...100 दिन, 100 शहर और 100 संगठन

मुकुंद

पिछले साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क से संदेश जारी कर देश को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत की अपील पर 180 देशों का योग को लेकर साथ आना, ऐतिहासिक है। योग ने हमें एकजुट किया। योग एक स्वस्थ और शक्तिशाली समाज का निर्माण करता है जहां सामूहिक ऊर्जा बहुत अधिक होती है। योग एक विचार था, जिसे आज दुनियाभर ने अपनाया है। आज योग ग्लोबिल स्पिरट बन गया है। योग ने हमेशा से जोड़ने का काम किया है। हमारे आदर्श हों, भारत का दर्शन हो या दृष्टि हो हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परंपरा को पोषित किया है। हमने नए विचारों का स्वागत किया है।

देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। दो मई को भव्य उत्सव ह्ययोग महोत्सवह्न के दौरान सूरत योग के आनंद से ओत-प्रोत रहा। सूरत के अठवालाइंस के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस भव्य आयोजन में सात हजार से अधिक लोग सुबह 7.00 बजे से सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अभ्यास में शामिल हुए। इनके उत्साह और सक्रिय जुड़ाव ने व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय ने इस महोत्सव की व्यापक चर्चा की है।

इस आयोजन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल, नई दिल्ली के अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र और बेंगलुरु स्थित अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र (योग विज्ञान) के निदेशक प्रो.अविनाश चंद्र पाण्डेय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक वैद्य डॉ. काशीनाथ समागंडी शामिल हुए। इन विभूतियों की उपस्थिति ने इस अवसर को काफी महत्वपूर्ण बनाया। यह योग को बढ़ावा देने, व्यक्तियों व समुदायों के लिए समान रूप से कल्याण के लिए साझा समर्पण को प्रदर्शित करता है। इस सहभागिता ने योग के अभ्यास के माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

वैद्य राजेश कोटेचा ने संबोधन में इस बात को रेखांकित किया कि सूरत ने देश के विकास में अपना अद्भुत योगदान दिया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सूरत को देश के सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान मिला है। कोटेचा ने सूरत के शांत वातावरण के बीच 'योग महोत्सव' के लिए लोगों की उपस्थिति को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रतिभागियों की अनुशासित उपस्थिति के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि योग ने विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचा है और आईडीवाई-2023 के तहत पूरे विश्व में 23.5 करोड़ से अधिक लोगों ने योग किया। इस वर्ष यह भागीदारी निश्चित रूप से काफी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आईडीवाई-2024 की 25वीं उलटी गिनती के अवसर पर बोधगया में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साल 2015 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई थी, जब संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। यह दिवस शारीरिक व मानसिक कल्याण, दोनों के लिए योग का अभ्यास करने के कई लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और विभिन्न संस्कृतियों व समाजों में इसकी सार्वभौमिक अपील को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। साल 2015 में शुरूआत के बाद से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे विश्व में विभिन्न कार्यक्रमों, संगष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता रहा है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव को रेखांकित करना है।

उन्होंने कहा कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने हजारों कुशल योग गुरु तैयार करके देश में योग के परिदृश्य को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) के निदेशक डॉ. काशीनाथ समागंडी ने योग के सार्वभौमिक अभ्यास को बढ़ावा देने में इसके महत्व का उल्लेख किया। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस- 2024 (आईडीवाई-2024) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आयोजित योग महोत्सव की भूमिका को रेखांकित किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का यह 10वां संस्करण स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने वाले इस वैश्विक आंदोलन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दिखाता है।

इस कार्यक्रम के तहत सामान्य योग प्रोटोकॉल का सीधा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में 5,000 से अधिक योग उत्सुक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से सामान्य योग प्रोटोकॉल में उल्लिखित निर्धारित योग अभ्यासों में शामिल हुए। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, गुजरात योग बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और कई अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति से समृद्ध हुआ। इसके अलावा योग गुरुओं के संदेशों ने कार्यक्रम को उत्कृष्टता प्रदान की। इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के साथ मिलकर आयुष मंत्रालय ह्य100 दिन, 100 शहर और 100 संगठनह्न अभियान के तहत सामूहिक योग प्रदर्शनों और सत्रों की श्रृंखला की शुरूआत की है।

पिछले साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क से संदेश जारी कर देश को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत की अपील पर 180 देशों का योग को लेकर साथ आना, ऐतिहासिक है। योग ने हमें एकजुट किया। योग एक स्वस्थ और शक्तिशाली समाज का निर्माण करता है जहां सामूहिक ऊर्जा बहुत अधिक होती है। योग एक विचार था, जिसे आज दुनियाभर ने अपनाया है। आज योग ग्लोबिल स्पिरट बन गया है। योग ने हमेशा से जोड़ने का काम किया है। हमारे आदर्श हों, भारत का दर्शन हो या दृष्टि हो हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परंपरा को पोषित किया है। हमने नए विचारों का स्वागत किया है। उन्हें संरक्षण दिया है। हमने विविधताओं को समृद्ध किया है। उन्हें सेलिब्रेट किया है। ऐसी हर संभावना को योग प्रबल से प्रबलतम करता है। योग हमारी अंतदृष्टि को विस्तार देता है। योग हमें उस चेतना से जोड़ता है, जो हमें एकता का अहसास कराता है। हमें योग के जरिए हमारे अंतर्विरोधों को खत्म करना है। हमें योग के जरिए विरोधों और प्रतिरोधों को खत्म करना है। हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को विश्व के सामने उदाहरण के रूप में पेश करना है।

## संपादकीय

### पाकिस्तान के बहाने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कांग्रेस पर हमले के अभियान में पाकिस्तान एक नया कनेक्शन है। हालांकि शुरू आती चुनाव से ही पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध खतरे के रूप में चिह्नित किया जाता रहा है। ताजा आरोप है कि पाकिस्तान 'शहजादे' यानी राहुल गांधी की ताजपोशी के लिए बहुत उछल रहा है। यह 'चुनाव को प्रभावित करने' का एकरेखीय आरोप नहीं है, जैसा कि चीन-रूस के बारे में अमेरिका का होता है। प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान की राहुल में दिलचस्पी के दुष्परिणामों को आंतरिक और बाह्य, दोनों स्तरों पर दिखाते हैं। इससे देश में इस्लामिक



जेहाद-आतंकवाद जोर पकड़ेगा, राष्ट्रीय एकता-अखंडता खंडित होगी, सुरक्षा-व्यवस्था कमजोर पड़ेगी और नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। यह कांग्रेसी राज का दुर्भाग्यपूर्ण फिनोमिना रहा है। इससे भारत की चहुंदिस जारी वैश्विक प्रगति भी थम जाएगी। रिकॉर्ड्स पर टिके मोदी के इस आकलन से शायद ही असहमति होगी। पाकिस्तान से दो-दो लड़ाइयां जीतने के बावजूद कांग्रेसी हुकूमत के बनिस्बत मोदी की सुरक्षा व्यवस्था निस्संदेह पुख्ता है-कश्मीर में आतंकवाद की छिटपुट वारदात के बावजूद। 'घर में घुस कर मारने' की बात अब चेतावनी नहीं होती। इसलिए दुश्मन में दहशत पैदा करती हैं। पर क्या पाकिस्तान वास्तव में इस हालत में रह गया है कि वह आज के भारत को नुकसान पहुंचा सके? आतंक के मोर्चे पर यह आज भी सही है। इसलिए ही, पाकिस्तान आम भारतीयों में अलगाववाद और खून-खराबे के जेहाद का नाम है। इसका केवल चुनाव के समय ही नहीं, बाकी दिनों में भी किया गया उल्लेख अधिकतर भारतीयों के विचारों को ध्रुवीकृत कर देता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी की वोट जेहाद की अपील, जो एक सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी से है, बहुसंख्यक मतों का ध्रुवीकरण कर सकती है। मोदी इन मुद्दों का फायदा उठाना चाहते हैं। आरक्षण और संविधान, जो चुनाव में अंडरकरंट मुद्दे हैं, उनमें भी मत-विभाजन का लाभ चाहते हैं। इस मामले में बैकफुट पर चल रहे मोदी को कांग्रेस पर हमले के नये तर्क मिल गए हैं। वे उसके अल्पसंख्यक-प्रेम को ओबीसी कोटे की हकमारी बताते हैं। अब ऐसा नहीं होगा, इसकी वे कांग्रेस से लिखित गारंटी चाहते हैं। यह भय का वैसा ही तर्क है, जैसा कांग्रेस जनमानस में बिठा रही है कि 'मोदी आए तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण कुछ भी नहीं बचेगा।'

## सूक्ति

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है।
- अज्ञात

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है।
- मैक्स लर्नर

## चिंतन-मनन

### अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ?सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है।

कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

# भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग



प्रहलाद सबनानी

भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं।

हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है।

उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे।

भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है।

भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं।


ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

नीलसन द्वारा किए गए एक सर्वे के यह बताया गया है कि जनवरी एवं फरवरी 2024 माह में भारत में विभिन्न उत्पादों की शहरी क्षेत्रों में मांग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। विशेष रूप से फरवरी 2024 के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में वृद्धि लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। रबी की फसल के भी अच्छे रहने की सम्भावना बलवती हुई है जिसके कारण किसानों की मनोदशा भी सकारात्मक बन रही है और यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश की आर्थिक वृद्धि दर को बलवती करने के मुख्य भूमिका निभाने जा रही है। आज देश की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है यदि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों की मनोवृत्ति सकारात्मक हो रही है तो निश्चित ही वित्तीय वर्ष 2024-25, आर्थिक विकास की दृष्टि से अतुलनीय परिणाम देने वाला वर्ष साबित होने जा रहा है। (सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

# विश्व हंसी दिवस : हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम

विश्व हास्य दिवस एक उपहार है एवं बिना खर्च के खुशियाँ मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। मई महीने के पहले रविवार को मनाये जाने वाला यह दिन हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दुःखी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है।

विश्व हास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, 'हम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।'



आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे-उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, 'हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।' हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा।

उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, 'हंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।' हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊजार्वान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, ह्यहंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को हंसाते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली के संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण के प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो।

*- ललित गर्ग*

# संत पीटर उच्च विद्यालय में छात्रों के लिए एकेडमिक क्लास आयोजित

*** हर अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर बड़ा आदमी बनाने का देखता है सपना - मेरी लकड़ा**





**चैनपुर (गुमला)** - चैनपुर प्रखंड के संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो के सभागार में शनिवार को एकेडमिक क्लास का आयोजन कर विद्यार्थियों को उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों और शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्रांतिकारी युग में चीजे तेजी से बदल रही है। इस बदलाव के पीछे शिक्षा की अहम भूमिका है। शिक्षा का महत्व पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है। लोगों को अपना जीवन जीने और अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठने के लिए शिक्षा की काफी अहमियत है। शिक्षा जीवन को बेहतर बनाने वाली संभावना तक पहुंचाती है। आजकल के युग में अगर इंसान शिक्षित ना रहा तो उसे जीवन बिताने में कठिनाई हो सकती है। पढ़ाई करना इंसान के जीवन में बहुत जरूरी होता है। गरीब से गरीब आदमी भी अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर अफसर बनाने का सपना देखता है। अगर कोई बच्चा ठान ले तो वह पढ़ लिखकर डॉक्टर, वकील, जज या यूपीएससी की परीक्षा देकर बड़ा अफसर बन सकता है। आजकल के युग में अगर इंसान शिक्षित ना रहा तो उसे बाहर की दुनिया में कोई इज्जत नहीं देगा। उसका सम्मान नहीं किया जाएगा। शिक्षा मनुष्य के अंदर के अच्छे विचारों को बाहर लाती है। शिक्षा मनुष्य को जीवन का मार्ग दिखाती है। यह मनुष्य को समाज में प्रतिष्ठित काम करने के लिए प्रेरणा देती है। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने बच्चों को मोटिवेट कर शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए बेहतर पढ़ाई करने की टिप्स भी दी। साथ ही उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के समय आने वाले चुनौतियों से निपटने के बारे में भी बताया। बच्चे उनकी बातों से काफी प्रेरित हुए। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधान अध्यापक फादर तेज कुमार बाखला, सहायक प्रधानाध्यापक वाल्टर जेवियर मिंज, थदेरियूस तिर्की, रेमेजीयूस कुजूर, बरनबास टोप्पो, अमित बाड़ा साहित्य शिक्षक व छात्र-छात्रा में उपस्थित थे।

## भाजपाइयों की बैठक संपन्न, मतदान पर बनी रणनीति



**टंडवा** - भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल उत्तरी क्षेत्र की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय व संचालन ईश्वर दयाल पाण्डेय ने की। बैठक में विशेष रूप से टंडवा मंडल प्रभारी अनामिका देवी, अक्षयवट पांडेय व प्रमोद सिंह उपस्थित हुए। बैठक में टंडवा उतरी क्षेत्र में पड़ने वाले पदमपुर, धनगडा, मिश्रौल, नावाडीह उर्फ तेलियाडीह, कबरा और पोकला उर्फ काशियाडीह पंचायत (शक्ति केन्द्र) के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्षों के साथ भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के पक्ष में एकतरफा भारी मतदान कैसे हो, इस पर रणनीति बनाई गई। उपस्थित सबों ने चतरा के स्थानीय प्रत्याशी को सभी बूथों पर भारी मतदान कराने के लिए संकल्पित हुए। मौके पर मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, गणेश प्रसाद साहू, सुनील चौरसिया, श्याम सिंह, रमेश राणा, बेबी देवी, संजू देवी, राजीव कुमार, पूर्व मुखिया गजेन्द्र साहू, शिव प्रसाद गुप्ता, हेमराज साहू, विजय साहू, ऋषिकेश तिवारी, अभिषेक राज, मूंशी साहू, जय प्रकाश तिवारी, रामदास राणा, मैनेजर उरांव, राम चन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र साहू, पारस सिंह, दिलीप महतो, सचिन ठाकुर, सुशील कुमार विद्यार्थी व अन्य उपस्थित थे।

## विशु सेन्दरा तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा



**लोहरदगा** - लोहरदगा आदिवासी सांस्कृतिक कला भवन कुटमू दरहा देशवाली कचहरी मोड़ में जिला पड़हा बेल के पदाधिकारियों द्वारा अवश्य बैठक आगामी विशु सेन्दरा में पारंपारिक स्वसशान पड़हा व्यवस्था को लेकर किया गया। बैठक बेल पड़हा विजय उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से गुमला जिला के सिसई प्रखंड के 22 पड़हा कोटवार के लोग इस विशु सेन्दरा कार्यक्रम में भाग लेंगे जैसे लातेहार, पलामू, रांची, लोहरदगा और गुमला जिला के पड़हा बेल के लोग शामिल होंगे। बेल पड़हा बैठक को संबोधित करते हुये विनोद भगत ने बताया कि आगामी 17,18 और 19 मई को तीन दिवसीय विशु सेन्दरा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत कंडरा पतरा में तय किया गया है। उन्होंने ने कहा कि विशु सेन्दरा कार्यक्रम हमारे पूर्वजों का दिया हुआ इतिहास है इस इतिहास में आदिवासी समुदाय का महापंचायत फौसला का नियम और कानून तय किया जाता है। इसमें पराम्परागत वेशभूषा सांस्कृतिक कला जैसे और भी अन्य कार्यों का भी आयोजन किया जाता है। विशु सेन्दरा साल में मनाया जाता है। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा के राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव ने बताया कि विशु सेन्दरा के द्वारा ही आदिवासी समुदाय के लिए जजमेंट कानून नियम बनाये जाते हैं, जो सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जैसे फैसलों का सुनवाई किया जाता है। उन्होंने ने कहा कि विशु सेन्दरा में कई मुद्दों का समास्या का (निदान) निपटारा भी होता है। छात्र संघ अध्यक्ष अवधेश उरांव ने कहा कि विशु सेन्दरा कार्यक्रम में विधि व्यवस्था सुचारू रूप से किया जाएगा और सुव्यवस्थित ढंग से होगा। सभी आदिवासी अगुवा व बुद्धिजीवियों को संयुक्त रूप से एकता और जागरूकता मिल जुलकर करनी की आवश्यकता है। बैठक में संजू भगत, जतरू उरांव, विजय उरांव, संजय उरांव, आकाश भगत, जलेश्वर उरांव, अवधेश उरांव, अनिल उरांव, सोमदेव उरांव, सोमे उरांव, सहदेव तिग्गा, दिलीप उरांव, फुलकुमारी केरकेट्टा, रोपा उरांव, अजित उरांव, जुब्बी उरांव सहित लोहरदगा जिला के सभी बेल पड़हा के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# तीन वर्षों में 325 हेल्थ कैम्प लगाकर ग्रामीणों को मुफ्त में किया इलाज, 21 दिनों में 380 पदयात्रा



**चतरा,** नामांकन करने के साथ ही चतरा लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अभिषेक सिंह जनसंपर्क अभियान तेज कर दिए हैं। डॉ. सिंह ने जिले पत्थलगडा, इटखोरी, टंडवा व कान्हाचट्टी के सुदूरवर्ती प्रखंड के विभिन्न गावों में जनसंपर्क अभियान चलाकर क्षेत्र के विकास के लिए जनता से एक मौका मांगा। भ्रमण में पत्थलगड़ा प्रखंड के बेलहर, दुबी, बरवाडीह, सुभाष चौक, टंडवा प्रखंड के धनगड्डा, डहू, बलिबंटू, खुटिटोला समेत जंगल पहाड़ी समेत सुधुरवर्ती जंगलों के गांवों में जनजाति, पिछड़ा दलित लोगों से मिलकर समस्या का समाधान की बात कही। स्थानों में जनसंपर्क अभियान चला कर आम लोगों से चुनाव में सहयोग करने की अपील की। वहीं इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजनीति को एक मिशन के तौर पर देख रहे हैं। पिछले 3 वर्षों से चतरा लोकसभा के सभी प्रखंडों के साथ पंचायत और गांव में पहुंचकर आम लोगों से संवाद करने के साथ 325 से अधिक मेगा हेल्थ कैंप लगाए, मोटिवेशनल स्पीच समेत कई कार्यक्रम आयोजित कर आम लोगों से रूबरू हुए। 21 दिनों तक 380 किलोमीटर पदयात्रा कर चतरा लोकसभा में व्याप्त समयाओं के साथ और भौगोलिक स्थिति से अवगत होने के बाद चुनाव में उतरने का मन बनाया। उन्होंने आगे कहा कि चतरा में अपार संभावनाएं है। एयर सही नेतृत्व और लीडरशिप के अभाव में यह क्षेत्र पिछड़ते चला गया। अबतक चतरा लोकसभा के जनप्रतिनिधि दिल्ली में यहां की बात नहीं रख पाते हैं। भाजपा के 10 वर्षों का कार्यकाल क्षेत्र को और पीछे ले कर चला गया। इस आधुनिक युग में भी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। आगे कहा कि चतरा लोकसभा को कर्मभूमि बनाए हैं और क्षेत्र को अव्वल बनाने का जो सपना देखे हैं उसे पूरा करने के लिए ही चुनाव मैदान में हैं। यहां की जनता उन्हें मौका देती है तो पूरे राष्ट्र में चतरा को अलग पहचान दिलाएंगे। उन्होंने कहा समस्या का समाधान डॉ अभिषेक सिंह है।

## मतदाता जागरूकता के लिए निकाला गया कैंडल मार्च




**टंडवा** - प्रखंड क्षेत्र के धनगड़ा पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत धनगड़ा पंचायत सचिवालय से धनगड़ा बाजार तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान सरकारी अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि कैंडल मार्च में हिस्सा लिया। मौके पर स्थानीय मुखिया अरविंद सिंह ने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है।अपने मताधिकार का प्रयोग हर हाल में करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी को वोट करना चाहिए। पर्यवेक्षक गौतम कुमार केसरी ने कहा कि देश के नागरिक होने के कारण हमें अपने संविधान ने वोट डालने का अधिकार दिया है। अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से खुद मतदान करने के साथ साथ अपने आस पड़ोस के लोगों से भी लोकतंत्र के सबसे बड़ा पर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की। कैंडल मार्च में भागवत साव, प्रदीप सिंह बीएलओ समेत अनेक लोग शामिल हैं।

# बिशुनपुर में महिला का अधजला शव बरामद, मृतका के भाई ने जीजा पर लगाया हत्या करने का आरोप



**गुमला** - जिले के बिशुनपुर पुलिस ने कर्चा गांव के समीप नदी स्थित टकी झरीया से शनिवार को एक महिला का अधजला शव बरामद किया है। उक्त महिला का नाम सीमा देवी (32) गारु थाना अंतर्गत कबरी कोटाम गांव की रहने वाली थी। इस संबंध में मृतका के छोटे भाई पंकज यादव ने अपने ही जीजा राजू यादव पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसके बिरूद्ध बिशुनपुर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। शनिवार को ही गारू पुलिस ने आरोपित राजू यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पंकज यादव ने बतया कि 2007 में उसकी बहन का विवाह कबरी कोटाम निवासी स्वर्गीय बहादुर यादव के पुत्र राजू यादव के साथ हुई थी। शादी के दो-तीन साल बाद से ही राजू यादव के द्वारा उसकी बहन के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट किया जाता था। उसकी बहन पर गैर मर्द से संबंध होने की बात कह कर प्रताड़ित किया जाता था। पिछले 17 अप्रैल को घर में शादी विवाह का कार्यक्रम था। जहां मेरी बहन सीमा सतबरवा थाना क्षेत्र स्थित अपने मायका पिपरा कला गांव अपने पति के संग आई थी। जिसके उपरांत 27 अप्रैल को वह अपने पति के साथ अपना ससुराल चली गई। जिसके बाद मेरे जीजा राजु यादव के द्वारा 1 मई को दूरभाष के माध्यम से हम लोगों को जानकारी दिया गया कि आपकी बहन शौच करने के नाम से घर से निकली है और लौटकर नहीं आई है। लगता है कि वह कहीं भाग गई है। इसके उपरांत मैं और मेरे अन्य परिजनों के द्वारा गारू थाना में मेरी बहन की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया। इधर अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर हर मुमकिन संभावित जगहों पर उसकी छानबीन किया जा रहा था। इसी क्रम में 4 मई शनिवार को गारू थाना प्रभारी के द्वारा हम लोगों को बताया गया कि बिशुनपुर थाना क्षेत्र के कर्चा गांव के नदी में एक महिला का जला हुआ शव देखा गया है। इसके उपरांत पुलिस के साथ हम लोग उक्त स्थल पर पहुंचे तो अधजला कपड़ा से उसकी पहचान किया गया। बिशुनपुर के थाना प्रभारी उदेश्वर पाल ने बताया कि गारू थाना प्रभारी के द्वारा मुझे सूचना दिया गया कि आपके थाना क्षेत्र के कर्चा नदी में एक महिला का शव जो गारु थाना क्षेत्र लातेहार जिला की रहने वाली है, पड़ा हुआ है। बिशुनपुर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया।

## सरना टोली में तलवार से किया कातिलाना हमला, तीन घायल, एक आईसीयू में भर्ती

**गुमला** - शहरी क्षेत्र के पालकोट रोड स्थित सरना टोली गांव में चोरी का सामान छुपाने के दौरान पूछताछ किये जाने पर कातिलाना हमले में तीन व्यक्ति प्रकाश खलखो, विनय डुंगडुंग व प्रमोद जोसेफ टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गया। इनमे प्रमोद को गंभीर चोट लगी है। प्रमोद के गर्दन की हड्डी टूट गयी है। सदर अस्पताल के आईसीयू में उसका इलाज जारी है। सुधार नही होने पर डॉक्टर द्वारा उन्हें रिम्स रेफर किए जाने की बात कही है। इधर पूरे मामले को लेकर प्रकाश खलखो ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर सरना टोली के ही संजय राम, पत्नी धनेश्वरी देवी, बेटा शिवा राम, विष्णु राम, सचिन राम, सतीश राम व आतिश राम के ऊपर जानलेवा हमला करने के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में प्रकाश खलखो ने कहा कि उपरोक्त सभी आरोपी के रिश्तेदार गुड्डू राम ने पूर्व में भी उसके साथ मारपीट व चाकू से हमला कर गभीर रूप से घायल कर दिया था। फिर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। मगर कोई कार्रवाई नही हुई। । अब बार बार उपरोक्त लोगो द्वारा तरह तरह का धमकियां दी जा रही है।

## बालाघाट कोयल नदी में सांप के काटने से व्यक्ति हुआ गंभीर रूप से घायल

**गुमला** - कामडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सालेगुटू निवासी बालमुकुंद साहू को बालाघाट कोयल नदी में एक जहरीले सांप ने पैर में काट लिया। तेज जलन और स्थिति बिगड़ने पर परिजन उसे उप स्वास्थ्य केंद्र कोनवीर लेकर गए। जहां इलाज के उपरांत उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक बालमुकुंद गांव के ही एक व्यक्ति के शव का क्रिया क्रम में बालाघाट कोयल नदी गया था। वही क्रिया क्रम के लिए नदी के अंदर घुसा, तभी उसके पैर के नीचे एक सांप का पुंछ पड़ गया। इसके बाद सांप ने उसका पैर को डस लिया। शुक्रवार की रात 10:00 बजे इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल लाया गया। मौके पर मजदूर नेता जुम्मन खान और जावेद आलम ने इलाज में सहयोग किया।

## कटहल के पेड़ से गिरने से हापामूनी निवासी व्यक्ति हुआ गंभीर रूप से घायल

**घाघरा (गुमला)** - घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हापामुनि गांव निवासी 50 वर्षीय राम उरांव कटहल तोड़ने के क्रम में पेड़ से जमीन पर गिर गया। घटना में उसके हाथ पैर सहित शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोटे आई। घटना के बाद वह बेहोश हो गया। कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी। इसके बाद उनके परिजनों को सूचना दी गई। रात 8:00 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति सब्जी बनाने के लिए कटहल तोड़ने पेड़ में चढ़ा था। तभी पैर फिसल जाने से वह जमीन पर गिरकर घायल हो गया।

## दिल्ली के ओखला में कार से 2 करोड़ रुपये बरामद, 2 लोग हिरासत में

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली सहित देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के बाद से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। साथ ही देशभर की पुलिस अलर्ट मोड में है और लगातार संदिग्धों की जांच की जा रही है। देश भर में कैश और शराब आदि पकड़े जा रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली के ओखला इलाके में एक बीएमडब्लू कार पकड़ी गई है, जिससे करोड़ों रुपये नकद बरामद किए गए हैं। दिल्ली के ओखला इलाके में एक बीएमडब्ल्यू कार से 2 करोड़ रुपए बरामद किए गए हैं। कार में बैठे 2 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की गई। वहीं, बरामद पैसे जब्त कर लिए गए है।

## कुडू में नाबालिग के साथ गैंगरेप, मामला दर्ज

***शादी समारोह से लौटने के क्रम में पांच युवकों पर अगुआ कर घटना को अंजाम देने का आरोप**

**कुडू-लोहरदगा** - जिले के कुडू थाना क्षेत्र की एक नाबालिग को अगवा कर पांच युवकों द्वारा दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। दुष्कर्म के बाद युवकों ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मार देने की धमकी दी थी। युवकों द्वारा दी गयी धमकी और लोक-लाज के कारण पीड़िता ने मामले को दबाकर रखा, लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद परिजन नाबालिक युवती को लेकर कुडू थाना पहुंचे तथा पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित नाबालिग का मेडिकल चेकअप कराते हुए पांच युवकों पर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म तथा पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते माह 17 अप्रैल की रात नाबालीग गांव में ही एक शादी समारोह में शामिल होने गयी थी। देर रात शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रही थी तो गांव के ही पांच युवकों ने लड़की को अगवा कर लिया और गांव से दूर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। फिलहाल सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

## जलमीनार खराब होने से लोग परेशान




**किस्को/लोहरदगा** जिले के किस्को प्रखंड के पाखर पंचायत के हुटाप गांव में तीन जलमिनार खराब है जिसमे एक पीएचडी विभाग से बना है और दो पंचायत से बना है बताया गया कि बीते वर्ष पंचायत से बने जलमीनार में मुखिया के द्वारा मरमती कर 140000 रुपए की निकासी कर राशि का बंदर बाट किए जाने की बात कही गई मामले पर पीएचडी के कार्यपालक अभियंता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को मुखिया पाखर को आवेदन देकर मरमती कार्य करने का अनुरोध किया गया है परंतु अब तक मरमति नहीं करने के कारण ग्रामीणों को पेयजल हेतु भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

# पीटी टीचर की कार्यशैली से नाराज: कस्तुरबा की 280 छात्राओं ने दी स्कूल छोड़ने की धमकी, अभिभावकों का मिला साथ



**गुमला, 4 मई (हि.स.)।** - अक्सर सुर्खियों में रहने वाला कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की पीटी टीचर कमला कुमारी के खिलाफ आखिरकार रायडीह के कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने वाली करीब तीन सौ छात्राओं ने मोर्चा खोल दिया है। सभी छात्राओं ने पीटी टीचर की कार्यशैली से छुब्ध होकर एक साथ स्कूल छोड़ने की धमकी भी दे डाली है। जनप्रतिनिधियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कान में यह बात आने के बाद बीते सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को स्कूल में बैठक कर छात्राओं को समझाया गया है। फिलहाल स्कूल छोड़ने की बात से छात्राएं पीछे हट गई है। मगर स्कूल से पीटी टीचर को हटाने की मांग पर अड़ी हुई है। बताया जाता है कि स्कूल में नामांकित 350 छात्राओं में से 70 छात्राएं पीटी टीचर की कार्यशैली से नाराज होकर अपनी बीमारियों का हवाला देते हुए अपने घर चली गई है। छात्राओं ने बताया कि पीटी टीचर ने जब से यहां योगदान दिया है। तब से उनका व्यवहार ठीक नही है। वे छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करती है। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट करते हुए गरीब कहकर प्रताड़ित करती है। पीटी टीचर द्वारा उनसे कपड़ा धुलवाया जाता है। इंकार करने पर प्रताड़ना बढ़ जाती है। उन्हें हमेशा किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। वे पीटी टीचर के कारण डर के साये में रहने को विवश है। छात्राओं की इन बातों को सुनने के बाद शुक्रवार को शिक्षा विभाग के अधिकारी भी स्कूल पहुँचे थे। वे भी छात्राओं के मान मनौवल पर जुटे हुए थे। छात्राएँ अधिकारियो के समक्ष रोने लगी। इसके बाद अभिभावक रंथु लोहरा, नेलशन लकड़ा, जोगेन्द्र महली, सुनीता देवी, सबीता देवी, प्रसान्नी देवी, पंकज कुजूर, जैलेन्द्र उराँव आदि ने अधिकारियों से उक्त पीटी टीचर को हटाने की मांग की, कार्रवाई नहीं होने पर बच्चो को अपने साथ ले जाने की चेतावनी दी। इसके बावजूद विभाग के अधिकारी किसी निष्कर्ष पर नही पहुँचे हैं। इस बीच कुछ अभिभावक अपने चार पांच बच्चो को घर ले गए। इस संबंध में पीटी टीचर कमला कुमारी से जब पूछा गया तो पहले उन्होंने पत्रकारो पर ही रौब दिखाने की कोशिश की। मोबाइल में छात्राओं का कैद किये गए बातों को डिलीट करने को कहा। फिर कहा कि मेरे उपर लगाये गये सारे आरोप गलत है। बच्चो को मेरे खिलाफ भड़काया गया है।

## कामडारा में कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**कामडारा (गुमला)** - कामडारा थाना चौक के समीप शनिवार को लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन (कांग्रेस पार्टी) प्रत्याशी सुखदेव भगत के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिला यूथ अध्यक्ष आजाद अंसारी, सिसई विस अध्यक्ष निलेश उरांव, जिला उपाध्यक्ष अजीत गुड़िया एंव प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। तत्पश्चात चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। मौके पर जेएमएम अध्यक्ष बिमल लकड़ा, यूथ अध्यक्ष विष्णु बड़ाईक, यशोदा देवी, अश्विनी नाग, अखिलेश राम, जयंत ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### मिशन अस्पताल ने लगाया फ्री मेडिकल चेकअप कैंप

**हजारीबाग :** संत कोलंबा मिशन हास्पीटल ने शुक्रवार को हजारीबाग शहर के चिश्तिया मोहल्ला अवस्थित स्व. अनवर कुरैशी के आवासीय परिसर में हजारीबाग कालेज आफ डेन्टल साइंस एंड हास्पीटल के सहयोग से फ्री मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित किया। मेडिकल चेकअप कैंप के आयोजन को लेकर बाबर कुरैशी और आरिफ कुरैशी ने महत्ती भूमिका निभाई। मेडिकल चेकअप कैंप में तकरीबन 300 लोगों ने हेल्थ चेकअप कराया जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, आंखों का जांच सहित कई प्रकार के मेडिकल ट्रीटमेंट शामिल हैं। समाजसेवी बाबर कुरैशी व आरिफ कुरैशी ने कहा कि इस प्रकार के मेडिकल चेकअप कैंप और रक्तदान शिविर बराबर आयोजित किया जाता है। इस प्रकार के आयोजन से उन्हें काफी सुखद अहसास होता है। इस मौके पर समाजसेवी बाबर कुरैशी, आरिफ कुरैशी, मो. मुदस्सर, ऐनुल हक, मो. सलीम आदि ने मेडिकल चेकअप कैंप के आयोजन को लेकर विशेष रूप से सहयोग किया। इस मेडिकल टीम में डॉ सौम्या राज, डॉ कौसर, डॉ आकिब, डॉ नसरीन, डॉ जोश, डॉ किशन, डॉ विदिशा, डॉ काजल, डॉ आकाश, राज कुंवर दास, नेहा द्वेदी, लक्ष्मी कुमारी, सौरभ, गुंजन प्रिया, रेणु कुमारी, रिशभ कुमार सिंह, ऋषिकेश सिंह शामिल थे।

### निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता का नामांकन हुआ स्वीकृत

**हजारीबाग :** जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने हजारीबाग लोकसभा से अपना नामांकन पर्चा भरा है। शनिवार को स्क्रूटनी में संजय द्वारा भरे गए 4 सेट में सभी पत्र निर्वाचन कार्यालय हजारीबाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। स्थानीयता, विस्थापन, पुनर्वास सहित झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से आवाज बुलंद करने वाले संजय इस चुनावी मैदान में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वो लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिल रहे हैं। शुक्रवार और शनिवार को उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड में दर्जनों गांव पंचायत का दौरा कर लोगों से आशीर्वाद लिया। संबोधित कर जनसमर्थन की अपील किया। क्षेत्रवासियों के लिए संजय का संघर्ष हजारीबाग सहित पूरे झारखंड में अलग संदेश दिया है। युवा, महिलाएं और आम जनमानस में उत्साह चरम पर है।

### मनीष जायसवाल रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेंगे- दीपक प्रकाश

**दारू :** देश मे नरेन्द्र मोदी की आंधी चल रही है और इस बार भारतीय जनता पार्टी पूरे देश मे 400 सीट जीतने जा रही है। हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल रेकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे, पूरे क्षेत्र मे नरेन्द्र मोदी और मनीष जायसवाल के किये गये कार्य की सराहना हो रही है जिसके बदौलत भाजपा हजारीबाग मे जीत की पिछला रेकार्ड को तोड़ते हुए बड़ी जीत दर्ज करेंगे। यह सब बाते भाजपा से राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने दारु बक्शीडीह मे एक कार्यक्रम के दौरान कही।दीपक प्रकाश ने कार्यक्रम मे मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कोंग्रेस की नीति देश को तोड़ने की रही है जबकी प्रधानमंत्री मोदी देश को विकसित भारत बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है। राज्यसभा सांसद दारु बक्शीडीह मे अगड़ी जाति के बीच बैठक कर जयंत सिन्हा को टिकट नही मिलने के बाद की स्तिथि के बारे मे विशेष चर्चा कर गीले सिकवे दूर करने आये थे। इस बैठक मे मौजूद सभी लोगों ने मनीष जायसवाल के पक्ष मे जमकर मतदान करने की बात कही।इस बैठक मे भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण राणा, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, अनिल मिश्रा, नवीन कुमार सिन्हा, श्वेता सिन्हा, भैया संतोष कुमार सिन्हा, रंजीत सिन्हा, राजन सिन्हा, प्रदीप शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा, रौशन सिन्हा, सुमन सिन्हा, राजी० शर्मा, भैया अखिलेश कुमार, भैया अजीत कुमार, भैया नितेश, भैया सुमित, राकेश कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार सिन्हा, डब्लू शर्मा, मनोज शर्मा, भैय संजीव सिन्हा, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# दनुवा घाटी में एक्सीडेंट का बड़ा कारण डीजल चोरी ऑनर के साथ दूसरों के लिए भी बन रहा काल

चन्दन कुमार

**चौपारण :** प्रखण्ड का दनुवा घाटी आज मौत का घाटी के नाम से विख्यात होता जा रहा है। लेकिन जब इसकी सच्चाई पता चलेगी तो पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। बतादें कि दनुवा घाटी में एक्सीडेंट के कई कारण हो सकते हैं। पर उनमें से एक मुख्य कारण डीजल का चोरी होना भी है। यह सुनकर शायद आपको अटपटा लग सकता है लेकिन ये बात भी कटु सत्य है। बतादें कि दनुवा घाटी में चौपारण से चोरदाहा की ओर जाने पर हथिया बाबा से लगभग 7 किमी तक सड़क ढलान है और ढलान होने के कारण कई कंटेनर व ट्रक के चालक डीजल बचाने यूं कहें डीजल चोरी करने के ख्याल से गाड़ी के इंजन को बन्द कर गेयर को न्युटल कर डाउन मार देते हैं। जानकार एक स्थानीय चालक ने बताया कि गाड़ी के डाउन मारने के कारण अक्सर इन गाड़ियों का ब्रेक फेल हो जाता है और ब्रेक फेल होने के बाद चालक के हाथ से ट्रक अनियंत्रित हो जाता है। इस दौरान सामने जो भी मिलता है उसे रौंदते हुए टक्कर मार देता है या फिर सड़क के किनारे खाई में पलट जाता है। जिसके कारण अबतक कई लोगों, गाड़ी के ड्राइवर व उपचालको का भी मौत दुर्घटना में हो चुका है। स्थानीय चालक ने बताया कि घाटी में अक्सर बाहरी गाड़ी ही डीजल चोरी के ख्याल से डाउन मारते हैं और हादसे का शिकार होते हैं। ड्राइवर के डीजल बचाने का गलती हादसा का बड़ा



कारण बन जाता है और फिर कई बेगुनाहों की भी जान माल की क्षति होती है।

**दनुवा से चोरदाहा तक कई जगहों पर खुलेआम कटती है डीजल :** बतादें कि दनुवा से लेकर चोरदाहा तक कई जगहों पर खुलेआम डीजल कटती है। चोरदाहा चेकपोस्ट के महज कुछ ही दूरी पर बड़े बड़े जार लगाकर तस्कर चोरी का डीजल खरीदने के लिए दुकान खोलकर रखे हुए हैं। जहां पर कई ट्रक और कंटेनर के ड्राइवर मालिक के आंखों में धूल झोंककर गाड़ी से डीजल निकाल कर चोरी के डीजल को बेचते हैं। जिससे ट्रक के चालकों को भी वेतन के अलावे अलग से मुनाफा हो जाता है और तस्करों को भी कम कीमत में डीजल मिल जाता है और जिसे वे बालू के ट्रैक्टर सहित अन्य गाड़ियों को पेट्रोल पंप के दाम में बेचकर मोटी कमाई करते हैं।

**मौत के खेल को रोकने के लिए सख्त कारवाई की जरूरत :** दनुवा घाटी में लगातार आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटना और मौत के खेल को रोकने के लिए ऐसे चालकों और चोरी का डीजल खरीदने वालों पर सख्त कारवाई की जरूरत है। जब चोरी का डीजल खरीदने के लिए खरीदार ही नहीं होगा तो चालक भी डीजल चोरी के लिए डाउन नहीं मारेंगे। और दनुवा घाटी में काफी हद तक मौत के खेल में भी विराम लग सकता है। साथ ही कई बेगुनाहों का भी जान बच सकता है।

# झमन प्रसाद ने बायोकोल बायोगैस और सीएनजी गैस प्लांट के लिए कार्यालय का उद्घाटन किया

**बड़कागांव :** नीलकंठ क्लीन फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में बड़कागांव में किसानों को रोजगार से जोड़ने एवं देश को बायो एनर्जी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मिरा क्लीनफ्यूल्स लिमिटेड की तरफ से बायो कोल, बायो गैस और बायो सी.एन.जी. गैस की फैक्ट्री का निर्माण बड़कागाँव प्रखंड में किया जाना तय किया गया है। इसके लिए शनिवार को गुरु चट्टी, बड़कागाँव में कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं झारखंड अलग करो राज्य आंदोलनकारी झमन प्रसाद द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि यह प्रोजेक्ट बड़कागाँव के किसानों का भविष्य उज्जवल करने के लिए होगा, उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए यहाँ के किसान नेपियर ग्रास की खेती कर एक एकड़ में तीन से चार लाख रुपए सालाना इनकम कर पाएंगे, जिससे कि उनकी अर्थव्यवस्था में बहुत सुधार आएगी साथ ही साथ देश के इकोनामी




डेवलप होगी। कंपनी ने एमपीओ के तौर पर गुरु चट्टी बड़कागाँव के स्थाई निवासी पंकज कमल को चयन किया है। पंकज कमल ने बतलाया की मीरा क्लीनिकल लिमिटेड देश को ईंधन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से, किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से, बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से पूरे देश में बायोकोल बायोगैस और सीएनजी गैस के प्रोजेक्ट लगाए जा रहे हैं, और यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे माध्यम से हमारे बड़कागाँव ब्लॉक में भी इस प्रोजेक्ट का निर्माण होने जा रहा है। इसके लिए मैं एम सी एल परिवार को आभार व्यक्त करता हूँ। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली पीएमओ से आए मुकेश कुमार ने कहा कि आज जैविक ईंधन देश की नीड है जरूरत है और आने वाले समय में यही ऊर्जा का स्त्रोत होने वाला है। अतः आप सभी किसान प्रोजेक्ट से जुड़े और देश को ईंधन के क्षेत्र में नई क्रांति की ओर लेकर आगे बढ़े। इस प्रोजेक्ट के लिए पूरे बड़कागांव प्रखंड के 17 पंचायत से 10 एम.भी.पी का चयन किया गया है जिनमें से झमन प्रसाद (बड़कागांव पूर्वी, पश्चिमी एवं मध्य पंचायत), सुंदर महतो (अर्ली एवं बादाम पंचायत), रवि कुमार (गोंदलपुरा पंचायत), जयपाल कुमार (कांडतरी एवं सिरमा पंचायत), पवन कुमार दास मुहंगाईकला पंचायत), शीला कुमारी (सांढ एवं नयाटांड पंचायत), रिंकी कुमारी चोपदार बलिया एवं नापोखुर्द पंचायत) आनंद प्रसाद कुशवाहा (तलसवार एवं आंगो पंचायत), बिजेंद्र कुमार (पोटंगा पंचायत), पंकज प्रजापति (चंदौल पंचायत) हैं। कार्यक्रम में सभी एम भी पी को किसानो को रविवार से रजिस्टर्ड करने के लिए फार्म का वितरण किया गया। सभी एम भी पी अपने-अपने पंचायत में किसनों की मीटिंग बुलाकर एमपीओ पंकज कमल के साथ वहाँ पर जागरूकता फैलाने का काम करेंगे। मौके पर उद्घाटन में एमबीपीएस के साथ-साथ गीता देवी आरती कमल, पल्लवी कुमारी, विमला देवी दीप नारायण देव, कमल देव कुणाल कुमार एवं कई किसान उपस्थित थे।

### आपकी हर समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य है - हर्ष अजमेरा

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के सिलवार कला पंचायत में सेवा सहयोग समिति के द्वारा गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत हर्ष अजमेरा ने सिलवार कला की नारी शक्तियों से सीधा संवाद किया, नारी शक्तियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। बताया कि पानी की समस्या, बिजली की समस्या गांव में काफी दिनों से उत्पन्न है। श्री अजमेरा ने विभिन्न समस्याओं को सुनने के उपरांत कहा की सेवा सहयोग समिति आपकी सेवा में सदैव तत्पर है और रहेगी, साथ ही श्री अजमेरा ने कहा मैं सदैव आपके साथ खड़ा हूं, आपकी हर समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य है। आप सभी नारी शक्ति को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए सेवा सहयोग समिति एवं मैं स्वयं निरंतर प्रयासरत हूं।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में किया गया समर्थ भारत कॉन्क्लेव का आयोजन

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में शनिवार को विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका को लेकर वार्षिक सम्मेलन समर्थ कॉन्क्लेव का आयोजन आईसेक्ट एवं एनसीएसडीई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें झारखंड, बिहार समेत विभिन्न राज्यों से जुड़े आईसेक्ट ग्रूप ऑफ यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधि शरीक हुए। केनरा बैंक सर्किल ऑफिस रांची के असिस्टेंट मैनेजर प्रमोद कुमार, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, केनरा बैंक के हजारीबाग एजीएम जया कृष्णा, डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय, वैशाली, बिहार के कुलसचिव डॉ ब्रजेश सिंह, प्रो वीसी डॉ बसंत सिंह, आईसेक्ट के बिहार/झारखंड जोनल हेड अंबरीश कुमार, एफआई आईसेक्ट के नेशनल हेड सिद्धार्थ डोगरे समेत अन्य विशेष अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बता दें कि उद्यमियों को मिली वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के उभरते क्षेत्रों की जानकारी भारत के अग्रणी सामाजिक उद्यम आईसेक्ट की ओर से देश भर के लघु उद्यमियों को सशक्त बनाने के प्रयास के तहत बीते 30 अप्रैल से आगामी 25 मई तक भारत के 19 राज्यों में राज्य सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। यह कॉन्क्लेव विकसित भारत के निर्माण के हमारे साझा मिशन में एक साथ आने, सीखने और सहयोग करने का एक अनूठा मंच है।

# मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज का निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप

**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा शहर के चिशितया मोहल्ला अजमेरी मस्जिद के समीप निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल चेकअप कैंप समाजसेवी बाबर कुरैशी एवं मोहम्मद आरिफ के संयुक्त पहल पर लगाया गया। कैंप में सामान्य स्वास्थ्य का जांच, दांत का जांच, आंख का जांच, बीपी का जांच एवं ब्लड का जांच के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। जिसमें मेडिकल एंव आंख का चेकअप 174 जरूरतमंद एवं मरीजों को हुआ। डेंटल का चेकअप 70 जरूरतमंद एवं मरीजों को हुआ। इसमें कुल 244 जरूरतमंद एवं मरीजों को उपचार कर चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। कैंप के विधि व्यवस्था एवं सहयोग में समाजसेवी बाबर कुरैशी एवं मोहम्मद आरिफ ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। इस विशेष पहल से कईं जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह- जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो। समाजसेवी बाबर कुरैशी एवं मोहम्मद आरिफ ने संयुक्त रूप से कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है। मौके पर मेडिकल के चिकित्सक डॉ फोरम कटारा, डेंटल के चिकित्सक डॉ सौम्या राज, डॉ. कौशर कलाम, डॉ बिदिशा, डॉ अकि ब, डॉ नसरीन, डॉ जोश, डॉ आकाश, डॉ किशन, डॉ काजल एवं पीआरओ राजकुमार दास ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

# डॉ बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**चौपारण :** डॉ बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय बसरिया में शनिवार को शिक्षक - अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में लगे रामसेवक बाबू के प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्रजभूषण इंद्रगुरु ने किया। बैठक को संबोधित करते विद्यालय सचिव रवि सोनी ने विद्यालय के वर्तमान स्थिति को बताते कहा कि डॉ बंसत नारायण का इतिहास बहुत बड़ा है यहाँ से कई ऐसे ऐसे विद्यार्थी निकले है जो वर्तमान समय मे कई बेहतर पदों पर कार्यरत है। वर्तमान समय मे विद्यालय के 7 क्लास रूम बहुत ही जर्जर अवस्था में है जिसे ढलाई करने के लिए लगभग 7 लाख रुपये की आवश्कता है। इस ढलाई के लिए यहाँ से निकले विद्याथियों, अभिभावक, समाजसेवी और दान दाताओं को विद्यालय को सहयोग करने का अपील किया। वही विद्यालय के



प्रधानाचार्य अशोक रजक ने वर्ष 23-24 की वित्तिय लेखा जोखा को अभिभावकों के बीच प्रस्तुत किया। इस बीच अशोक रजक ने उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय को अपना मदद देने का अनुरोध किया। इस बीच अभिभावकों ने शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए वैकल्पिक उपाय सोचा और पूर्व वर्ष की भांति इंटर के संचालन पर अपनी सहमति जताया और इंटर के प्रभारी के रूप में जाबिर अंसारी को चुना गया। प्रभारी जाबिर अंसारी ने अभिभावकों को जानकारी दिया कि अब बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए बाहर भेजने की जरूरत नही अब इसी विद्यालय में इंटर कला (आर्ट्स), विज्ञान (साइंस) की पढ़ाई उच्च व प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा करवाई जा रही है। सत्र 2024-26 के लिए नामांकन जारी है। अपने बच्चे के उज्वल भविष्य के लिए नामांकन जरूर करवाये। मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्रजभाषा गुरु ने 5000 रुपये का सहयोग दिया। कार्यक्रम के मंच का संचालन शिक्षक चाँद प्रसाद ने किया। अंतिम रूप में सचिव रवि सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा किया। बैठक में बृजभूषण गुरु, बसंती देवी, नरेश पासवान, दिगम्बर भुईया, बीरेंद्र रजक, गणेश स्वर्णकार, उमेश यादव, उमेश साव, पंकज सोनी, अंकित पासवान, नितेश साव, रोहित पासवान, कामेश्वर रविदास, गोविंद स्वर्णकार, दामोदर केशरी, कुनैश यादव, सुनील कुमार, घनुषी प्रजापति, शिक्षक जाबिर अंसारी, साकेत कुमार, अनिल देव, रंजन केशरी, संजीत पंडित, सुनील कुमार, शिक्षिका सीमा कुमारी, बिनोद केशरी, अरुण रजक समेत कई लोग उपस्थित रहे।

**इन लोगो ने विद्यालय को सहयोग के लिए बढ़ाया हाथ**

सहयोग के लिए हाथ बढ़ाने वालो में कृष्णा कसेरा बसरिया एक कम्प्युटर, अशोक साव अभियंता रतनाग 2 कम्प्युटर, जयप्रकाश इन्द्र गुरु पूर्व सचिव कम्प्युटर, शिवानन्द साहु सीए-सीतामढ़ी (बिहार), सतेश्वर भुईया अभियंता (अमझर) 12,000, जनार्दन प्र. यादव बैंक मैनेजर (पडरिया) 12,000, सुभाष प्रजापति दारोगा (पड़रिया) 12,000, रवि कु. सोनी सचिव (बसरिया) 10,000, अशोक रजक प्रधानाध्यापक 10,000, जाबीर अंसारी अंग्रेजी शिक्षक 10,000, सीमा कुमारी हिन्दी शिक्षिका 10,000, साकेत कुमार शिक्षक प्रतिनिधि 10,000, रंजन कु. केशरी गणित शिक्षक 10, 000, संजीत कु. पंडित कम्प्युटर अनुदेशक 9,000, निर्भय कु. सिन्हा शारीरिक शिक्षा शिक्षक 9,000, सुनील कुमार रसायन शिक्षक 8000, अनिल कुमार देव लिपिक 9,000, विनोद प्र. केशरी केशरी आदेशपाल 10,000, अरुण रजक रात्री प्रहरि 8000, चाँद प्रसाद शिक्षक प्रवेशिका 10,000, दयानन्द ठाकुर शिक्षक बेलाही) 10,000, भुनेश्वर यादव पू-जिप. प्रतिनिधि 10.000, दान दाता सदस्य 50 बोरा सिमेंट, कृष्णा यादव 2 हाइवा गिट्टी समेत कई लोगो ने अपना सहयोग विद्यालय को दिया।

### नुक्कड़ नाटक टीम के साथ मनीष जायसवाल के समर्थन में चुनाव प्रचार में उतरी उनकी मां, पत्नी और देवरानी

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में उनकी मां विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल चुनावी मैदान में उतर गई गई। शनिवार की इन सभी ने भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के बड़कागांव प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में डोर टू डोर चुनाव कैंपेन किया और भाजपा एवं मनीष जायसवाल के समर्थन में कमल फूल छाप पर वोट देकर जीताने



का अपील किया। इनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता, समर्थन और विशेष नुक्कट नाटक की टीम चल रही थी। नुक्कड़ नाटक के जरिए 62 सालों तक देश में कांग्रेस की सरकार की नाकामियों और पिछले करीब 10 सालों के मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दिया गया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल की मां विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल का नापो खुर्द, बादम, हरली, विश्रामपुर, मिजार्पुर और कांडतरी के ग्रामीणों ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया और भाजपा के समर्थन में मतदान करने का वादा भी किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल की मां विद्या जायसवाल ने लोगों से कहा की बड़कागांव हमारा पैतृक निवास है ऐसे में अपने माटी के लाल को सांसद बनाएं दिल से सेवा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करेगा। निशा जायसवाल ने कहा की पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की बयार बह रही है।

मौके पर विशेषरूप से उनके साथ बड़कागांव पूर्वी के भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, महामंत्री सुमन गिरी, अरुण मालाकार, किरण देवी, सत्यभामा, मनोरमा राणा, कंचन शर्मा, मंजू मिश्रा, इंदु देवी, रानी शुक्ला, पूनम साहू, रूपा सिंह, रीना गुप्ता, मीता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, दिप्ती अग्रवाल, मेघा अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग साथ उपस्थित रही।

### एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के दस्तक के साथ ही आशीर्वाद देने उमड़ रहा है सैलाब

**हजारीबाग :** आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। इधर सूर्य देवता का कहर जारी है, प्रचंड धूप और भीषण गर्मी से शहर से लेकर गांव तक सुना पड़ा है। लेकिन पिछले करीब 2 महीने से अधिक समय से लगातर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में धुंआधार जनसंपर्क अभियान चला रहें एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल जैसे ही गांवों की सुनी गलियों में दस्तक दे रहें हैं उन्हें आशीर्वाद देने घरों से निकलकर बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। शनिवार की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पिपरवार और केरेडारी भाजपा मंडल क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों का तुफानी दौरा किया। इस दौरान सभी गांवों में भाजपा और मनीष जायसवाल के प्रति लोगों में रुझान दिखा और मनीष



जायसवाल के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे और उन्हें अपना आशिर्वाद देते हुए चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के साथ भाजपा और आजसू कार्यकर्ता भी बड़े ही उत्साह के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके साथ चल रहें थे। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चतरा जिला अंर्तगत पिपरवार भाजपा मंडल के बचरा से शनिवार की सुबह अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की और देर रात केरेडारी के जोरदार में आयोजित महायज्ञ में सम्मीलित होकर समापन किया। इस क्रम में उन्होंने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बचरा, बाजार टांड़, विशुझापा, 64 कॉलोनी, चिरैयाटांड़, कारो, बन्हें, हफुआ, किरीगढ़ा, बचरा बस्ती, होसिर, पताल, मेढ़ी, हेंदेगिर बस्ती, हेंदेगिर स्टेशन, लोहरसा, खपिया, बुंडू, सलगा, कुठान, जोको, कराली, केमो, श्रीनगर और जोरदाग में चुनाव प्रचार कर भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का अपील किया।

### आज गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माता जी अपने संघ के साथ शम्वेद शिखर में मंगल प्रवेश करेंगी

**हजारीबाग :** गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माता जी अपने संग के साथ पांच मई को पारसनाथ स्थित शम्वेद शिखर में मंगल प्रवेश करेंगी। यह यात्रा 14 फरवरी को बलिया, उदयपुर से माताजी के निर्देशन में नौ आर्यिका के संघ साथ शाश्वत तीर्थ की वंदना हेतु प्रारंभ हुई थी। तीर्थवंधन महा अभिनंदन की यह यात्रा बिजोलिया, चांदखेड़ी, सोनागिरी, अयोध्या, बनारस आदि तीर्थ स्थलों में विराजित भगवान महावीर जी का दर्शन करते हुए सम्वेद शिखर में पहुंचेगी। इस यात्रा में गुरुवार श्री दयासागर जी महाराज की शिष्या गणिनी प्रज्ञामति माताजी सम्मिलित हैं। तीर्थवंधन महा अभिनंदन यात्रा में ध्यानोदय क्षेत्र के अध्यक्ष ओमप्रकाश जी गोदावत जी साथ साथ चल रहे हैं।



गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माता जी का कुछ वर्ष हजारीबाग में चातुर्मास हुआ संपन्न था। सुप्रकाशमति माता जी जैन धर्म की एक प्रमुख गणिनी आर्यिका हैं। माता जी जैन धर्म व जैन दर्शन की एक प्रखर वक्ता हैं। उनके प्रवचन कार्यक्रम में काफी संख्या में जैन धर्मावलंबियों सहित विभिन्न धर्मों के लोग भी सम्मिलित होते हैं। हजारीबाग में चातुर्मास के दौरान हजारीबाग के तत्कालीन एस.पी गुप्तेश्वर पांडेय सहित विभिन्न धर्मों के प्रमुख लोग उनके प्रवचन कार्यक्रम जुटा करते थे। गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माता जी, गणिनी प्रज्ञामति माताजी एवं संघस्थ तीर्थ वंधन यात्री गणों के हजारीबाग जिले के बरही में मंगल प्रवेश पर हजारीबाग जैन समाज के कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार जैन टोंग्या, प्रेम टोंग्या, संगीता जैन, एकता जैन, तनिष्का जैन आदि ने भव्य स्वागत किया। पांच मई को भी ये सभी धमानुरागी गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माता जी एवं तीर्थवंदन में शामिल सभी तीर्थ यात्रियों के सम्वेद शिखर में मंगल प्रवेश कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

## तारा देवी ने किया अन्नू कुमारी को सम्मानित:

### बलियापुर :दौड़ के लिए चीन ओलम्पिक में जाने का है सपना



बाघमारा पंचायत के मोदीडीह निवासी सुभाष चंद्र महतो की बेटी अन्नू कुमारी कुमारी ने मुंबई के अमरावती मॉडर्न पेंटाथेलोन फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित लेजर रन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर नेशनल अवार्ड मिलने पर सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के धर्मपत्नी भाजपा नेत्री तारा देवी ने शॉल देकर सम्मानित किये व भविष्य में भी आगे बढे माता-पिता का एवं क्षेत्र का नाम रोशन करे इसकी शुभकामना दिए ! कुछ ही दिन बाद चीन जाने वाली है जिसके लिए तारा देवी ने आर्थिक सहयोग भी की एवं कही की आगे भी किसी प्रकार की जरुरत पड़े हम हमेशा आगे खड़ी हूँ !

## चुनाव से पहले माओवादियों ने साटे पोस्टर, इलाके में दहशत,

**गोमिया।** बोकारो जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोमिया प्रखंड क्षेत्र के कुर्कनालो उच्च विद्यालय और इसके आसपास के क्षेत्र में नक्सलियों ने पोस्टर चिपका कर चुनाव बहिष्कार की घोषणा की है,और आम जनों से चुनाव में हिस्सा नहीं लेने की अपील की है। आपको बता दें कि शनिवार की सुबह स्कूल में दर्जनों स्थानों पर चिपके हुए पोस्टर की जानकारी उस समय लगी जब शिक्षक स्कूल में पहुंचे। कुर्कनालो और इसके आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल को ठहराने आदि की व्यवस्था रहती है ताकि क्षेत्र में माओवादी अपनी मनमानी नहीं कर सके। लगातार इस क्षेत्र में अभियान भी चलाया जाता रहा है। बावजूद इसके भाकपा माओवादी संगठन के लोगों ने दुसाहस दिखाते हुए पोस्टबाजी की है और दहशत फैलाने का काम किया है। नक्सलियों द्वारा की गई पोस्टर बाजी की पुष्टि बोकारो के पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने भी की है। उनकी माने तो इस घटना के बाद पुलिस ने अपना अभियान को और तेज किया है ताकि नक्सलियों पर नकेल कसा जा सके।

## छत से गिर जाने के कारण एक व्यक्ति घायल

**पेटरवार** ~ पेटरवार छत से गिर जाने के कारण एक व्यक्ति घायल हो गया। यह हादसा पेटरवार प्रखंड के पतकी पंचायत के तहत पड़ने वाले रांगा माटी गांव में शुक्रवार की रात्रि साढ़े 11 बजे हुई। गंभीररूप से घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिजनों न शुक्रवार की रात्रि दो बजे भर्ती कराया जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हेमलता तिग्गा ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया।बताया जाता है कि पतकी पंचायत के रांगा माटी गांव निवासी जुगल मांझी (27 वर्ष) भीषण गर्मी के कारण शुक्रवार की रात्रि में अपने घर के छत पर सोया हुआ था। जुगल मांझी ने बताया कि रात्रि करीब साढ़े 11 बजे जब लघु शंका करने के लिए छत से नीचे आने लगा इसी दौरान छत से नीचे गिर गया और बाद में मेरे परिजनों ने पेटरवार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना में उसका बायां पैर टूट गया है।

## ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से जलापूर्ति हुई शुरू



**बोकारो।** ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी खराबी के कारण जला पूर्ति होने का मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त विजया जाधव ने पिछले दिनों पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास को निर्देश देते हुए अविलंब समस्या का निदान कराने को कहा था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जलापूर्ति सेवा को एक बार पुनः शुरू कर दिया है। शुक्रवार से ही योजना से जलापूर्ति सेवा शुरू हो गई है। इस बाबत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास राम प्रवेश राम ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी गड़बड़ी के कारण जलापूर्ति बाधित हो गई थी। जिसे शुक्रवार को दुरूस्त करा लिया गया है। ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से पुनः जलापूर्ति सेवा शुरू हो गई है। इससे जरीडीह प्रखंड के तातरी उत्तरी, दक्षिणी, खुटरी, जैना, टांड़ मोहनपुर, बांधडीह उत्तरी, दक्षिणी आदि पंचायतों के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

## नई सोच, नई दिशा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के साथ इस्पात कर्मियों का नई सोच, नई दिशा नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन 4 मई को संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं, अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. संवाद कार्यक्रम के आरंभ में निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस्पात कर्मियों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई. संवाद कार्यक्रम के तहत जन संपर्क विभाग की श्रीमती मोनिका ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल के उत्पादन, उत्पादकता, उपलब्धियों और संबन्धित पहलुओं की नवीनतम जानकारी, इस्पात उद्योग परिदृश्य इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला. डॉ करुणामय ने बीजीएच में हाल में जोड़े गए नई सुविधाओं के विषय में जानकारी दी. अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद ने कर्मियों को सुरक्षा पर विशेष फोकस करते हुए उत्पादन में बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया. अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) रंगानी ने संयंत्र की क्षमता के अनुरूप गुणवत्तायुक्त उत्पादन पर बल दिया, साथ ही वित्तीय पहलुओं के विषय में चर्चा की. अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं , अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सी आर महापात्रा ने संयंत्र की भावी विस्तारीकरण से जुड़े परियोजनाओं पर प्रकाश डाला. निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम सभी को 25 मई को मतदान अवश्य करने का आह्वान किया तथा सभी को पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश भी दिया ताकि सेल सभी पैमानों पर अव्वल रहे।

### नावाडीह में भाजपा और आजसू ने कसी कमर

# मोदी के नेतृत्व मे कुशलता से चल रही है देश : चौधरी



**बेरमो ।** गिरीडीह लोकसभा के कर्मठ-जुझारू और लोकप्रिय एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में मतदान करने एवम् कराने को लेकर नावाडीह प्रखंड के भाजपा और आजसू के कार्यकार्ताओं ने कमर कस कर जनसंपर्क और बैठक की गतिशीलता बढ़ा दी है । जनसंपर्क के दौरान भाजपा और आजसू के लोगों द्वारा डोर-टू-डोर पहुँचकर देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याण योजनाओं की जनकारी देकर एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपिल की जा रही है ।इसी शिलशीले में शनिवार को नावाडीह प्रखंड के पलामु एवम् बरई पंचायत में आम बैठक कर भाजपा और आजसू के कार्यकार्ताओं ने एनडीए प्रत्यासी को पुर्ण बहुमत से विजय बनाने का संकल्प लिया । बैठक में मुख्यरूप शामिल एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश का संचालन कुशलता से चल रही है । विगत दस वर्षों की शासन काल में अपहरण ,कालाबजारी ,बलत्कारी एवम् आतंगवादियों पर अंकुश लगने से देश सुरक्षित में रहने का सभी देशवासी महसुस कर रहे है । शिक्षा ,स्वास्थ्य ,बिजली ,पानी जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं का कार्य चलने से शहरी से ग्रामिण लोग लाभांवित हो रहे है । वही सबका साथ ,सबका विकास के तर्ज पर देश आगे बढ़ाने की बात कहा । वही पुर्व जिला परिषद टिकैत कुमार महतो ने अपने संबोधन में कहा कि अपने नाम के आगे टाईगर लिखा लेने से जनहीत का कार्य नही होता है । आगे इन्होंने कहा नावाडीह के भाजपा और आजसू ने कमर कस ली है एनडीए की 400 पार लक्ष्य नारे को गिरीडीह भारी मतों से विजयी होकर अपनी उपस्थिति पुन~ दुसरी बार चन्द्र प्रकाश चौधरी करेगें । मौके पर डुमरी विधानसभा यशोदा देवी मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो पूर्व जिला परिषद टिकैत कुमार महतो, राजेश विश्वकर्मा सुरेंद्र साव, रामचंद्र महतो, जिप सदस्य प्रदीप मंडल ,मिश्रीलाल महतो ,बसंत राय सीताराम सोरेन, संतोष प्रजापति, मनोज महतो , जैली महतो किशोर महतो, उदय अग्रवाल, रामकुमार मरांडी, अजय मंडल ,महेंद्र महतो खेमलाल महतो, संतोष उजगार ,राजेश तुरी, दीपू अग्रवाल, जगरनाथ महतो, कपिल तुरी , गौतम महतो,सीताराम महतो, सतीश कुमार, दिनेश महतो, सलेश बाबू ,पंकज महतो, राजू पटेल, भुनेश्वर कुमार,फूलचंद महतो सहित कई महिला - पुरुष उपस्थित थें ।

## ढुल्लू महतो अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत पहुँचे विद्यापति परिषद

### लोगो ने पाग पहनाकर दिया जीत का आशीर्वाद



**धनबाद /** शुक्रवार को देर शाम धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत विद्यापति परिषद धनबाद के प्रांगण में पहुँचे । कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष शिवकान्त मिश्रा ने प्रत्याशी को मिथिला के पाग, अंगवस्त्र और पुष्प माला से स्वागत किया और परिषद के गतिविधियों की जानकारी दी। भाजपा आईटी विभाग झारखण्ड के प्रदेश संयोजक अमरनाथ झा ने मॉ जानकी की धरती मिथिला के गौरवपूर्ण इतिहास का उल्लेख किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीता के राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए भाजपा के लिए 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोट देने का अनुरोध किया। उन्होंने अयोध्या की तरह चिटाही में भी भव्य राम मंदिर के निर्माण हेतु, और धनबाद के मुद्दे को सदन में मज़बूती से रखने के लिए ढुल्लू महतो को विजय बनाने का आग्रह किया।

## डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों ने सीखे टेराकोटा शिल्पकला के गुर



**बोकारो।** विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली संस्कृति, परंपरा और कलात्मक धरोहरों से अवगत कराने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में शनिवार को एक विशेष कार्यशाला 'कलाकृति' आयोजित की गई। इस अवसर पर राजकीय सम्मान से नवाजे जा चुके पश्चिम बंगाल के जाने-माने टेराकोटा शिल्पकार बरेन कुंभकार मुख्य रूप से आमंत्रित थे। पंचमुरा (प.बं.) से पहुंचे श्री कुंभकार ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को टेकारोटा कला की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि टेराकोटा आर्ट तैयार करने के लिए तीन तरह की मिश्रित, लवण-रहित और उच्च ताप-सहन क्षमता वाली मिट्टी की आवश्यकता होती है। उन्होंने ऑन द स्पॉट भगवान गणेश, हाथी, शंख, घोड़ा सहित कई कलाकृतियां बनाकर बच्चों को अलग-अलग समूहों में इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। चाक घुमाना, मिट्टी को गढ़ना और सनी हुई मिट्टी से टेराकोटा आर्ट तैयार करना बच्चों के लिए यादगार अनुभव रहा। विद्यार्थियों ने स्वयं में छिपी कलाकृति को मिट्टी से आकार देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। श्री कुंभकार ने बच्चों के कलात्मक विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो द्वारा किए गए इस आयोजन को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कला के क्षेत्र में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं।

इसके पूर्व, विद्यार्थियों को एक प्रस्तुतीकरण के जरिए टेकारोटा शिल्पकला के इतिहास, इसके विस्तार, क्षेत्रवार इसकी विशेषता तथा पुराने समय से लेकर अबतक मंदिरों व अन्य संरचनाओं के निर्माण में इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। अनुभव आधारित शैक्षिक कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बच्चों के कौशल-विकास में इसे अहम बताया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विविधता भारत की अनूठी पहचान व धरोहर है और बच्चों में अपनी संस्कृति-परंपरा और लोक कलाओं के प्रति सजगता आवश्यक है। यह उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। टेराकोटा मिट्टी कला पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत की माटी के कण-कण में कलात्मक विरासत छिपी हुई है, जिसे जानना और संजोए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध रहा है। इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने जहां बरेन कुंभकार को विद्यालय की तरफ से स्मृति-चिह्न दिया, वहीं बरेन ने भी प्राचार्य डॉ. गंगवार को टेराकोटा शिल्प से तैयार स्वनिर्मित मां दुर्गा की सुंदर कलाकृति भेंट की।

## रोटरी क्लब ऑफ मिडटाउन कपल्स ने मनाया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस




**बोकारो।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के उत्सव के अवसर पर, रोटरी क्लब द्वारा प्रेस एवं मीडिया के पत्रकारों के अथक योगदान की महत्ता को मान्यता देते हुए दर्जनों प्रेस संपादकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। सभी पत्रकारों को रोटरी क्लब के द्वारा उनके निष्पक्ष मीडिया कवरेज के लिए प्रशस्तिपत्र दिया गया साथ ही एक उपहार भी दिया गया।रोटरी क्लब की अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि प्रेस एवं मीडिया लोकतंत्र के चौथे स्तंभ है, और इनकी स्वतंत्रता लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं, और आज का दिन समाज के लिए स्वतंत्र मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका की स्मृति में मनाया जाता है। प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने कहा कि पत्रकार अपनी जिंदगी को खतरे में डाल कर भी हमे सच्ची और सटीक खबरे पहुंचते है, वो बगैर किसी से डरे अपने काम को करते है और समाज को मजबूत सामाजिक मूल्यों की और अग्रसित करते हैं।पीडीजी महेश केजरीवाल ने प्रेस बंधुओं की अद्वितीय सेवा के लिए पूरे प्रेस समुदाय का आभार प्रकट किया। उन्होंने पत्रकारों को सेंसरशिप, धमकी, और हिंसा से बचाने की जरूरत पर बल दिया।रोटेरियन शिव अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब ने प्रेस की स्वतंत्रता को विश्वभर में रक्षा करने का संकल्प लिया है।सेक्रेटरी मिनी कपूर ने कहा की रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स सभी मीडिया कर्मचारियों के अमूल्य योगदान के लिए अपनी गहरी सराहना व्यक्त करता है और सत्य और न्याय के प्रयासों में उनके साथ खड़ा है।इस कार्यक्रम में अमित जोहर, साक्षी जोहर, राजा जैन, अलका, उमेश जैन, स्वाति, साजन कपूर, अजीत तिवारी, प्रज्ञा, संजीव, उमा, विकास, कविता, मोहित, रंजन, सुशांत शर्मा, शुभ्रा, विजय लोधा, मनीष केजरीवाल, राजश्री आदि मौजूद रहे।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे दुलू, कहा

## किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाएगी



**धनबाद /** शनिवार को बस्ताकोला वर्मा बंगला में मंडल अध्यक्ष स्व. अनिल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। हर कार्यकर्ता के लिए खड़ा रहूंगा। नुक्कड़ सभाओं को विभिन्न समाज और क्लब ने प्रत्याशी का स्वागत किया। ढुलू ने कहा कि जो आज मेरे साथ खड़े हैं, कल मैं उनके दरवाजे पर खड़ा नजर आऊंगा। सिर्फ आवाज देने की जरूरत है। किसी भी कंपनी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इस दौरान बस्ताकोला मोड़, इंडस्ट्री ग्राउंड, संजय चाय दुकान, डोम बस्ती, भुइंया बस्ती, एना विवेकानंद क्लब, बाउरी समाज, हरि मंदिर कमिटी, ऐना वारियर्स क्लब, श्री श्री नरसिंह दलदल अखाड़ा द्वारा स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, रामबालक मुखिया, संतोष शर्मा, बप्पी बाउरी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, काजू राय, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, हीरा प्रसाद, संजय साव, सूरज भुइंया, राजेश बाउरी मास्टर, गणेश भुइंया, रोहित भुइंया, रोहित बाध्यकार, छोटू बाध्यकार, सागर बाध्यकार, दारा सिंह, सोनू साव, राजेश बाउरी, श्रीकांत बाउरी, अरुण सिंह, नरेश सिंह, दयासागर पांडे, गोपाल प्रसाद, कल्लू रवानी, सोहन बाउरी, बिट्टू दुग्गू, राहुल सहानी, मोनू श्रीवास्तव, अरुण शर्मा, सोनू राउत आदि उपस्थित थे।

## बालीडीह में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बालीडीह थाना अंतर्गत करहरिया पंचायत के चिमनगोड़ा जंगल में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 2160 केजी जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण ङ्क बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### बोकारो स्टील प्लांट के ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लिए

# प्रमुख हितधारकों और बिडर्स के शिखर सम्मेलन का आयोजन




**बोकारो** स्टील प्लांट के ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लिए प्रमुख हितधारकों और बिडर्स के शिखर सम्मेलन का आयोजन मानव संसाधन विभाग के मेन ऑडिटोरियम में किया गया. सम्मेलन का शुभारम्भ अनिमा कुशवाहा, मुख्य महा प्रबंधक (परियोजनाएँ ) के स्वागत भाषण तथा अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) के द्वारा ÷सहयोगात्मक सफलता की ओर÷ विषय के अंतर्गत साझा की गई अंतर्दृष्टि के साथ शिखर सम्मेलन को औपचारिक रूप से शुरू किया गया. अनूप कुमार अधिशासी निदेशक (कोलियरीज), एस मुखोपाध्याय अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) भिलाई स्टील प्लांट , अलोक वर्मा अधिशासी निदेशक (माइंस) ओ जी ओ एम , एस के वर्मा अधिशासी निदेशक (सी ई टी), तरुण मिश्रा अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राउरकेला स्टील प्लांट तथा पी के रथ अधिशासी निदेशक (एस आर यू) आज आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन में प्रमुख रूप से उद्घाटन सत्र में शामिल थे.शिखर सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य बिडर्स, प्रमुख हितधारकों , सलाहकार और बीएसएल के बीच ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लागत, निष्पादन समय सीमा, और समय पर परियोजना के लिए इष्टतम कार्यान्वयन रणनीति निर्धारित करना है. कार्यक्रम में बीएसएल के महा प्रबंधक (ब्राउनफील्ड विस्तार) श्री नरेश कुमार बेहरा तथा मेसर्स एमएन दस्तूर के प्रतिनिधि के द्वारा कच्चे माल से स्टील बनाने और डायरेक्ट रोलिंग जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी पी आर) का प्रस्तुतीकरण किया गया. पी एच शर्मा मुख्य महा प्रबंधक (परियोजनाएँ) एस पी दास महा प्रबंधक(सी ई टी) तथा श्री एम टी राव, मुख्य महा प्रबंधक(परियोजनाएँ) सेल निगमित कार्यालय ने पैनल चर्चाओं में अपना अहम् योगदान किया.

बीएसएल के विस्तार के लक्ष्य में 4500 मीटर क्यूब का ब्लास्ट फर्नेस, 165-टन कैपेसिटी का दो बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (बी ओ एफ), सिंगल स्ट्रैंड का स्लैब कॉस्टर तथा डायरेक्ट रोलिंग जैसी प्रमुख इकाइयां स्थापित करना शामिल है. इसके अतिरिक्त कच्चे माल के भंडारण और हैंडलिंग की सुविधाओं में वृद्धि तथा इसकी सहायक प्रणाली का विस्तारीकरण करके कुशल परियोजना निष्पादन की योजना है.

आज के शिखर सम्मेलन ने सभी प्रतिभागियों को स्टील बनाने के लिए रणनीतिक रूप से कच्चे मॉल की उपलब्धता की योजना बनाना, नवोन्मेषी परियोजना प्रबंधन को अपनाना तथा समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने के चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया. कार्यक्रम के समापन सत्र में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सेल - बोकारो सहित देश की अन्य इस्पात कंपनियां भी अपनी क्षमता विस्तार की प्रक्रिया में है जो देश की भविष्य की मांग के अनुरूप है. उन्होंने कहा कि इस अहम कार्य की सफलता के लिए सभी सम्बंधित पक्षों के बीच कार्य योजना के विषय में स्पष्टता और सामंजस्य आवश्यक है।

# मोदी का जन्म आनंद के लिए नहीं बल्कि एक मिशन के लिए हुआ है: मोदी

**मेदिनीनगर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के पलामू में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा उत्पन्न खतरों के प्रति आगाह किया। उत्साही भीड़ को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने प्रत्येक वोट के महत्व और राष्ट्र पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया।




पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत दर्शकों को 2014 के चुनावों में उनके वोटों की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाते हुए की, जिसके कारण भाजपा-एनडीए सरकार बनी और भ्रष्ट कांग्रेस शासन को हटाया गया। उन्होंने अपने नेतृत्व में भारत द्वारा देखी गई उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया, अयोध्या में 500 वर्षों के बाद राम मंदिर के निर्माण और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को महत्वपूर्ण मील के पत्थर बताया।आज तक

पीएम मोदी ने इन खतरों के खिलाफ की गई निर्णायक कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा, 'आज, भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। चाहे वह नक्सलवाद हो या आतंकवाद, अब वे अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं।' अपनी सरकार और पिछली कांग्रेस सरकार के बीच अंतर को उजागर करते हुए, पीएम मोदी ने 'पाकिस्तान को प्रेम पत्र' और उसके बाद हुए आतंकवादी हमलों के युग को याद किया। उन्होंने कहा, 'आज, नया भारत डोजियर नहीं देता है, यह उनके घर में घुसकर हमला करता है,' उन्होंने सर्जिकल और एयरस्ट्राइक ऑपरेशन का जिक्र किया जिसने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया। अपनी दशकों की सेवा को दर्शाते हुए, पीएम मोदी ने राष्ट्र की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और भ्रष्टाचार को मिटाने के प्रति अपने समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने लोगों द्वारा उन पर रखे गए भरोसे के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'आपके आशीर्वाद से, मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'मैं करीब 25 साल से सीएम और पीएम के तौर पर देश की सेवा कर रहा हूं।(आज तक) आपके आशीर्वाद से मुझ पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है।मेरी मां और बहनों की दुआएं मेरे लिए काफी हैं।मैं अभी भी सत्ता, प्रतिष्ठा और आराम से दूर हूं।मोदी का जन्म सुख-सुविधा के लिए नहीं बल्कि एक मिशन के लिए हुआ है।' जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन के नेताओं द्वारा धन संचय के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम मोदी ने उनके भ्रष्ट आचरण की निंदा की और उनके स्वार्थी इरादों की तुलना विकसित भारत के अपने विजन से की। उन्होंने कहा, 'मेरे उत्तराधिकारी आप सभी, आपके बच्चे, आपके पोते-पोतियां हैं।' उन्होंने हर भारतीय को सशक्त बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि उनकी सरकार की योजनाओं का गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। उन्होंने पलामू का उदाहरण दिया, जहां आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसी पहलों ने बुनियादी ढांचे और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है। (आज तक) प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'पलामू में महत्वाकांक्षी जिला कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले और बाद में, आज बहुत बड़ा अंतर है।' उन्होंने इस क्षेत्र में पक्के घरों, बिजली की पहुंच और डिजिटल कनेक्टिविटी में वृद्धि का उल्लेख किया।(आज तक) कांग्रेस और उसके सहयोगियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने दर्शकों को आरक्षण नीतियों को कमजोर करने और राजनीतिक लाभ के लिए संसाधनों का दोहन करने के उनके इरादों के बारे में आगाह किया। उन्होंने लोगों से ऐसी विभाजनकारी राजनीति को खारिज करने और भाजपा-एनडीए गठबंधन का समर्थन करने का आग्रह किया, जिसने लगातार आदिवासियों और हाशिए के समुदायों के हितों को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, मोदी ने आपको एक पक्का घर, बिजली, गैस, पानी दिया है।' उन्होंने लोगों से आगामी चुनावों में अपना समर्थन जारी रखने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने (आज तक) प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और पलामू के लोगों से 13 मई को विकास और प्रगति के लिए वोट करने का आह्वान किया।

## होम वोटिंग के तहत तीन दिनों में घर बैठे कुल 333 मतदाताओं ने डाला वोट



**मेदिनीनगर पलामू ।** पलामू लोकसभा सीट के लिए 2 मई से ही वोट फ्रॉम होम की सुविधा शुरू कर दी गयी है।इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर रहे हैं।पलामू जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के कुल 478 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान करवाया जाना है।इसी क्रम में आज कुल 99 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान कराया गया।पोलिंग टीम पूरे दल बल के साथ उनके घर पर पहुंची और मतदान करवाया।आज कुल 13 मार्गों पर टीम ने मतदान करवाया जिसमें 72 मतदाता 85 वर्ष के उपर थे जबकि 27 दिव्यांग मतदाता शामिल थे।इसके पूर्व दिनांक 3 मई को 110 मतदाताओं से उनके घर पर ही वोट कराया गया इसमें 68 मतदाता 85 वर्ष के उपर के ऐज के थे वहीं 42 दिव्यांग मतदाता थे।इसके पूर्व होम वोटिंग के पहले दिन कुल 124 वोटरों से उनके घर पर ही मतदान करवाया गया था। बता दें कि जो वोटर चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वो वोट डालने के लिये पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते,उनके लिये घर पर ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है।यह अभियान 2 मई से 7 मई तक चलाया जायेगा वहीं जो मतदाता इस दौरान छूट जायेंगे उनसे दोबारा 9 व 10 मई को मतदान करवाया जायेगा।

## एल्विश यादव मामले में ईडी की एंट्री... मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज



**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय ने दवा के रूप में सांप के जहर के संदिग्ध उपयोग के आरोप में यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ ??एल्विश यादव और कुछ अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले माह गौतम बौद्ध नगर (नोएडा) जिला पुलिस द्वारा उनके और उनसे जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ दायर एक एफआईआर और आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप लगाए हैं। अपराध की आय का कथित सृजन और रेव या मनोरंजक पार्टियों के आयोजन के लिए अवैध धन का उपयोग ईडी की जांच के दायरे में है। ईडी सूत्रों ने कहा कि जांच के तहत यादव और मामले से जुड़े कुछ अन्य लोगों से पूछताछ होगी। एल्विश पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पशु अधिकार एनजीओ पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) के एक प्रतिनिधि की शिकायत पर पिछले साल 3 नवंबर को पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में नामित छह लोगों में यादव भी शामिल थे। पांच अन्य आरोपियों, सभी सपेरों को नवंबर में गिरफ्तार किया गया था और बाद में एक स्थानीय अदालत ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया था।

## नीतीश कुमार ने फिर बोला लालू पर बड़ा हमला, अपने हटा तो पत्नी को बनाया, 9 गो बच्चा पैदा कर लिया...

**पटना (एजेंसी)।** परिवारवाद के बहाने एक बार फिर से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव और राजद पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा है। उन्होंने पति-पत्नी के 15 सालों की याद भी लोगों को दिलवाई और एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की। दरअसल, नीतीश कुमार मुंगेर में पूर्व जदयू अध्यक्ष ललन सिंह के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। नीतीश ने कहा कि 2005 से पहले बिहार में कुछ भी नहीं था। हमको जब मौका मिला तो हमने यहां पर विकास का काम शुरू किया। उन्होंने तेजस्वी पर तंज करते हुए कहा कि यह जो अपना प्रचार करते फिर रहे हैं, उनको भी हमने ही बनाया है। लेकिन जब यह गड़बड़ करने लगे तो हमने इनको हटा दिया।



लालू यादव पर तंज करते हुए नीतीश ने कहा कि जब अपने हटे तो बीवी को बनवा दिए। देखिए कि उसके बाद 9 गो बाल बच्चा पैदा कर लिया। अब पत्नी के बाद बेटा और फिर बेटी को बना रहे हैं। इसके साथ ही मुंगेर से चुनाव लड़ रही राजद प्रत्याशी पर भी उन्होंने तंज कसा। अशोक महतो को लेकर नीतीश ने कहा कि अपने जेल में था तो चुनाव नहीं लड़ सकता था। इसलिए शादी किया और पत्नी को लड़ा रहा है। यह सब का कोई मतलब है। एक-एक बात आप लोग याद रखिएगा। इतना ही नहीं, नीतीश कुमार ने लगातार मुस्लिम समुदाय से भी एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की है और कहा कि याद रखिएगा हमने आपके लिए कितना किया है।

कुमार ने दावा किया कि बिहार में राजद के कार्यकाल के दौरान लोग बाहर तक नहीं जा सकते थे। उन्होंने आरोप लगाया, ''लोग पुरानी बातें भूल जाते हैं, इसलिए, मैं सभी को याद दिलाना चाहता हूं कि 2005 से पहले उनके कार्यकाल में बिहार में कोई विकास कार्य नहीं किया गया था। लोग बाहर नहीं निकल सकते थे, सड़कें या शिक्षा नहीं थी। सांप्रदायिक झड़प आम बात थी।'' कुमार ने कहा, ''मेरे कार्यकाल के दौरान राज्य में मदर्सों को मान्यता दी गई थी। हमने अब तक राज्य में आठ हजार कब्रिस्तानों की चारदीवारी कराई। लगभग एक हजार से अधिक अन्य कब्रिस्तानों को भी चारदीवारी के लिए चिह्नित कर लिया गया है।''

## नक्सलियों के गब्बर को चुन-चुनकर ठोक रहे जवान

**नई दिल्ली ।** छत्तीसगढ़ में 16 घंटे तक चली भीषण मुठभेड़ में 60 लाख रुपये से अधिक के नकद इनाम वाले दस नक्सलियों के मारे गए। मारे गए नक्सलियों में सबसे महत्वपूर्ण कैडर एसजेडसीएम जोगन्ना था, जिस पर 25 लाख रुपए का नकद इनाम था। उसके खिलाफ 196 आपराधिक मामले दर्ज थे। अन्य में कंपनी नंबर 10 के डीवीसीएम मल्लेश मदकम शामिल था। मल्लेश मदकम पर 43 मामले दर्ज थे और आठ लाख रुपए का इनाम था। डीवीसीएम विनय के खिलाफ गढ़चिरौली में आठ मामले दर्ज थे और उन पर 8 लाख रुपये का नकद इनाम था। इसके अलावा, जोगन्ना की पत्नी और एसीएम दलम डॉक्टर संगीता डोगे आत्राम के सिर पर 5 लाख रुपये और सुरेश के सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि बाकी पांच कैडर पर 9 लाख रुपये का इनाम था। बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने कहा कि मढ़ को नक्सलियों का अभेद्य गढ़ माना जाता था, इस मिथ को सुरक्षाबलों ने तोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि मारे गए लोगों में एक विशेष जोनल कमेटी सदस्य (एसजेडसीएम), दो डिवीजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम) और दो एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) शामिल हैं, जो मुख्य रूप से अबूझमाड़ और गढ़चिरौली डिवीजन में सक्रिय थे। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान नक्सली ठिकानों पर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, आईईडी, प्रेशर कुकर, कोडेक्स तार, कंप्यूटर, प्रिंटर, उपग्रह संचार उपकरण, एक उत्खनन मशीन, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, नक्सली साहित्य, सौर प्लेट और बर्तन बरामद किए गए।उन्होंने बताया कि टेकेमेटा और काकुर के नजदीकी इलाकों में डीआरजी नारायणपुर, कांकेर और बीएसएफ की टीमें इलाके को सुरक्षित करने के लिए लगातार एरिया डोमिनेशन कर रही हैं। पुलिस ने कहा कि इस अभियान ने नक्सल नेतृत्व के उच्च स्तर के लोगों में भय की भावना पैदा कर दी है, क्योंकि सुरक्षा बल उनके गढ़ों के करीब पहुंच रहे हैं। पुलिस ने कहा कि नक्सलियों के बीच अविश्वास अपने चरम पर है, क्योंकि वरिष्ठ सदस्य अपने कनिष्ठों और स्थानीय समर्थकों पर संदेह करने लगे हैं। मढ़ बचाओ अभियान का उद्देश्य मढ़ और उसके निवासियों को नक्सल विचारधाराओं के चंगुल से मुक्त कराना है। माओवादी सिद्धांतों के आकर्षण से आकर्षित लोगों से हिंसा का त्याग करने और मुख्यधारा के समाज को अपनाने की अपील की जाती है।

## शाह हैदराबाद की जनता को बदनाम कर रहे: ओवैसी

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर यहां हंगामा मचा हुआ है। इसे लेकर एआईएमआईएम के मुखिया ओवैसी ने उन्हें जमकर निशाने पर लिया हुआ है। ओवैसी ने कहा है कि शाह आईएसआईएस का अड्डा बताकर हैदराबाद की जनता को बदनाम करने में लगे हुए हैं। हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उनके बच्चे तो यही कहते हैं कि यदि निकल गया तो फिर बिना ब्रेक के किसी को भी नहीं छोड़ूंगा। ओवैसी ने केंद्रीय गृह अमित शाह के रजाकार वाले बयान का जवाब देते हुए उन्हें घेरा और कहा कि अमित शाह आईएसआईएस का अड्डा बताकर हैदराबाद की जनता को बदनाम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने चुटकी लेते हुए आगे कहा कि अमित शाह को मेरे खिलाफ चुनाव लड़ना चाहिए था, लेकिन वो तो डरकर गुजरात चले गए।

## राहुल गांधी का सिद्धरमैया को पत्र... पीड़ित महिलाओं की हरसंभव मदद करे

### - पीएम मोदी और शाह ने ''बलात्कारी'' के लिए प्रचार किया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के नेता प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरतरह की मदद देने को कहा है। राहुल गांधी ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में सांसद रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधकर कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों पर लगातार चुप्पी साधे रखी हो। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा, मैं आपसे (सिद्धरमैया) अनुरोध करता हूं कि कृपया पीड़िताओं को हरसंभव सहायता करें। उन्होंने कहा, वे हमारी करुणा और एकजुटता की पात्र हैं, क्योंकि वे न्याय के लिए अपनी लड़ाई लड़ रही हैं। यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है। संबंधित घटनाओं को भयावह यौन हिंसा'' करार देकर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना ने बीते कई वर्षों में सैकड़ों महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उनका वीडियो बनाया। राहुल गांधी ने कहा, उनमें से कई महिलाएं, जो उन्हें भाई और बेटे के रूप में देखती थीं, उनके साथ भी हिंसक तरीके से क्रूरता की गई और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई। हमारी माताओं और बहनों से दुष्कर्म के लिए सबसे सख्त सजा देने की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता ने कहा, मुझे यह जानकर गहरा सदमा लगा कि दिसंबर 2023 में जी देवराजे गौड़ा ने प्रज्वल रेवन्ना की हरकतों, विशेष रूप से उनके यौन हिंसा के इतिहास और वीडियो के बारे में हमारे गृह मंत्री अमित शाह को बताया था। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं को इन वीभत्स आरोपों की जानकारी थी लेकिन इसके बावजूद मोदी ने एक ''बलात्कारी'' के लिए प्रचार किया।

## नीट यूजी की परीक्षा में नकलचियों पर नजर रखेगी एआई तकनीक

**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शिता के साथ आयोजित कराने के लिए फर्जीवाड़ा और अनियमितताओं के प्रति जीरो टोलरेंस नीति पर काम किया जा रहा है। परीक्षा में पेपर एवं पेपर के बाद नकल करने वाले छात्रों की पहचान एआई से होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) परीक्षा में वास्तविक समय में एनालिटिकल टूल्स और टेक्नोलॉजी प्रयोग करते हुए छात्र-छात्राओं के व्यवहार पर नजर रखेगा। परीक्षा केंद्र भी एआई की नजर में रहेंगे। एनटीए के अनुसार परीक्षा केंद्रों से लेकर पेपर और इसके बाद छात्र एआई टूल की नजर में रहेंगे। पकड़े जाने पर छात्रों को हमेशा के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। एग्जाम में स्टूडेंट्स और स्टाफ का कई चरणों में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन भी होगा। केंद्रों पर संदिग्ध गतिविधि एआई सिस्टम से नहीं बच सकेगी। बॉयोमेट्रिक, फोटो का विश्लेषण करके एआई सिस्टम फर्जी छात्रों को चिह्नित कर सकेगा। देशभर में नीट में करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। छात्रों को बताया गया है कि प्रवेश पत्र के दूसरे पेज पर छात्रों को निर्धारित स्थान पर पोस्टकार्ड साइज फोटो लगाना जरूरी है। यदि निर्धारित स्थान पर फोटो नहीं आ रहा है तो छात्र दोबारा से प्रवेश पत्र के दूसरे पेज को डाउनलोड कर सकते हैं।परीक्षा के लिए छात्रों को 11 बजे केंद्रों पर रिपोर्टिंग करनी होगी। 1.30 बजे केंद्र के गेट बंद कर दिए जाएंगे। छात्रों को बॉयोमेट्रिक सहित विभिन्न जांच से गुजरना होगा। पेपर शुरू होने के एक घंटे बाद और पेपर खत्म होने से आधा घंटे पहले छात्र कक्ष छोड़कर ब्रेक के लिए नहीं जा सकेंगे। इस अवधि को छोड़ यदि कोई छात्र ब्रेक को जाता है तो उसे वापसी में फिर समस्त सत्यापन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ेगा। ऐसे छात्रों को ना केवल दुबारा बॉयोमेट्रिक देनी होगी बल्कि अन्य जांच भी पूरी करानी होंगी। पेपर दो से 5.20 बजे तक चलेगा।

## मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए बैटरी कार के किराए में बढ़ोतरी

**कटड़ा,।** माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा अर्ध कुंवारी से भवन के बीच चलने वाली बैटरी कार सेवा के किराए में करीब 27 फीसदी की बढ़ोतरी की जा रही है। किराए की नई दरें पहली जुलाई से लागू होंगी। अब मां वैष्णो देवी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की जेब पर बोझ बढ़ जाएगा।

जानकारी के अनुसार मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए अर्ध कुंवारी से भवन के बीच बैटरी कार से जाने के लिए श्रद्धालुओं को 357 रुपए चुकाने होते हैं, लेकिन आ 1 जुलाई से इस यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को 450 रुपए चुकाने होंगे।

# पलामू के तीन केंद्रों पर 5 मई को 1552 परीक्षार्थी देंगे नीट (यू.जी.) 2024 की प्रवेश परीक्षा

**पलामू।** 5 मई 2024 को पलामू जिले के तीन केंद्रों पर देश की अति प्रतिष्ठित परीक्षा नीट (यू.जी.) 2024 की प्रवेश परीक्षा आयोजित है ।यह परीक्षा एन.टी.ए. जोकि एक स्वायत्त शासी संस्था है, जो भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के अधीन है आयोजित कर रही है ।एन.टी.ए. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर 2019 से पूरे देश में नीट (यू.जी.) की परीक्षा आयोजित करती आ रही है । यह परीक्षा पलामू में तीसरी बार आयोजित हो रही है। इस बार यहां तीन केंद्र बने हैं । एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर , ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बाईपास रोड रेड़मा को केंद्र बनाया गया है। इन तीनों केंद्रों के सिटी कोऑर्डिनेटर, एम.के.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन खान को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त हर केंद्र पर केंद्राधीक्षक ,पर्यवेक्षक, वीक्षकों के रूप में 140 लोगों को तैनात किया गया है। इनके साथ-साथ सहयोगी कर्मचारियों को ऑनलाइन / ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है एवं परीक्षा संचालन का पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है । हर परीक्षा केंद्र पर एन.टी.ए. द्वारा सी.सी.टी.वी कैमरे एवं जैमर भी लगाए जा चुके हैं। हर केंद्र पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय एन.टी.ए द्वारा गठित फ्रिस्किंग टीम उनकी शारीरिक जांच करेगी। इस दल में पुरुष और स्त्री दोनों सदस्य सम्मिलित हैं। परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर से भी गुजरना होगा। उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी तथा अभिलेख सत्यापन भी किया जाएगा ।

### आवश्यक अभिलेख

पोस्टकार्ड साइज फोटो लगा एन.टी.ए द्वारा जारी प्रवेश पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, भारत सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र जैसे - आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट इत्यादि। तत्पश्चात परीक्षार्थी अपने निर्धारित कक्षा - कक्ष में जा सकेंगे।

### वर्जित

किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट, स्मार्ट/ सामान्य घड़ी , पेन ड्राइव, स्कैनर, कैलकुलेटर ,माइक्रो फोन, पेजर किसी प्रकार का चिट पूर्जा, टेक्सुअल मटेरियल, ज्यामिति या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, स्केल, राइटिंग पैड, इरेज़र लौग- टेबल, ,हेल्थ बैंड, वॉलेट, प्लास्टिक आई कार्ड इत्यादि। किसी प्रकार का आभूषण जैसे ईयररिंग, नोज पिन, ब्रेसलेट, चैन, नेकलेस,बैज, ब्रोच इत्यादि लाना वर्जित है।

### लाना आवश्यक है

प्रवेश पत्र,पानी का पारदर्शी बोतल, अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि।

दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए सिविल सर्जन / मुख्य चिकित्सा अधिकारी / चिकित्सा अधीक्षक द्वारा निर्गत पी.डब्लयू.डी. सर्टिफिकेट लाना है । इन्हें परीक्षा अवधि में एक घंटा 5 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा।

### तीनों केंद्रों पर परीक्षार्थी संख्या

एम.के. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज केंद्र पर कुल 928, रोटरी स्कूल चैनपुर पर 312 और ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बायपास रोड रेड़मा पर 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### आज की प्रशासनिक व्यवस्था

पलामू जिले के सिटी कोऑर्डिनेटर सह एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने बताया कि एन.टी.ए द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में




उपायुक्त महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू से परीक्षा केंद्रों पर कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सहयोग करने का आग्रह किया गया है । इन केंद्रों पर एस.डी.एम महोदय से दंडाधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया गया है। केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी, जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे।

### परीक्षार्थियों को केंद्र पर उपलब्ध सुविधाएं

हर केंद्र पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, ब्लैक बॉल प्वाइंट पेन उपलब्ध होगी । जूते वर्जित होंगे। परीक्षार्थी चप्पलों का उपयोग कर सकते हैं, जिससे यह परीक्षा कदाचार मुक्त, तनाव रहित वातावरण में संपन्न हो सके। पलामू जिले के एन.टी.ए के सिटी कोऑर्डिनेटर सह एम.के. डी.ए. वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आज धर्मशाला में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पिछली विजेता चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल 2024 मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। पंजाब की कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। 3 दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपॉक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स की टीम अभी 7वें नंबर पर चल रही है और प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। यह मैच पंजाब के दूसरे घरेलू मैदान धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा।

धर्मशाला में यह आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला होगा। हालांकि इस मैदान पर लगातार मुकाबले हुए हैं। वर्ल्ड कप 2023 के दौरान भी मैदान पर कई मैचों का आयोजन हुआ था। पिछले आईपीएल सीजन यहां दो मैच हुए थे। एक मैच में 400 से ज्यादा रन बने थे, तब दूसरे में 188 का टारगेट चेज हो गया था। इसके बाद बल्लेबाजों का जलवा देखने के लिए फिर तैयार रहिए।

इस मैच में ओस की भूमिका नहीं रहेगी है। मैच दिन में 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। इसके बाद टॉस उतना अहम नहीं होने वाला है। फिर भी टॉस जीतने वाली टीम पहले बॉलिंग कर सकती। ऐसी पिचों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान होता है।




### टीम

**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

**चेन्नई सुपर किंग्स-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी।

# हार की वजह ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा: हार्दिक पंड्या



### –केकेआर से हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान ने कहा


**मुंबई, (एजेंसी)।** आईपीएल मे शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24 रन से हरा दिया। केकेआर के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 145 रन पर ढेर हो गई। इस हार से कप्तान हार्दिक पंड्या काफी परेशान दिखे। उनसे हार का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हार की वजह ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा।

मुंबई इंडियंस के लिए सिर्फ सूर्यकुमार यादव और टिम डेविड ने थोड़ा संघर्ष किया। बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। पंड्या ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि हम साझेदारियां नहीं बना सके और विकेट गंवाते गए। बहुत सारे सवाल हैं और इन सब के जवाब ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगेगा। हार्दिक पंड्या केकेआर के खिलाफ सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, इससे पहले उन्होंने मैच में 2 विकेट लिए।

हार्दिक पंड्या ने केकेआर की पारी को 169 रन तक रोकने के लिए गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। अगर मैं गलत नहीं हूं तो दूसरी पारी में ओस के कारण विकेट बेहतर हो गया। हमें देखना होगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं। खेल में संघर्ष जारी रखा जाता है। मैं भी अपनी टीम के खिलाड़ियों से यही कहता हूं।

बता दें कि मुंबई की टीम आईपीएल 2024 की प्लेऑफ रेस से लगभग बाहर हो गई है। वह अपने 11 में से 8 मैच हार चुकी है और 6 अंक के साथ पॉइंट टेबल में नौवें नंबर पर है। सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ही टेबल में उससे नीचे हैं, लेकिन बेंगलुरू को मुंबई से एक मैच ज्यादा खेलना है। बेंगलुरू की टीम 10 में 7 मैच हार चुकी है देखना है कि वह प्लेऑफ में खेलती है या नहीं।

# टी20 विश्व कप टीम का चयन फॉर्म के आधार पर नहीं हुआ: जडेजा



### – कोहली को ओपनिंग तो रोहित को तीसरे नंबर पर उतारें

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर अजेय जडेजा ने टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन पर सवाल उठाए हैं। जडेजा ने कहा है कि चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। उन्होंने टी20 विश्व कप में विराट कोहली को ओपनिंग में उतारने की सलाह दी है जबकि रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर खिलाने का आग्रह किया है।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली बीसीसीआई की सीनियर चयन समिति ने 30 अप्रैल को टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दी है। भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के साथ खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया का सामना उसके खास प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। यह मैच 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। टीम चयन को लेकर अजय जडेजा ने कहा कि विराट कोहली को पारी की ओपनिंग करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतारा जाना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जायेगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिल जाएगा।

जडेजा ने खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन किया है। जडेजा ने कहा कि चोट के बाद पंड्या ने आईपीएल में वापसी की लेकिन वह ना तो बल्ले से और ना ही गेंद से अभी तक अपने आप को मजबूत साबित कर पाए हैं। मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या की टीम पर आईपीएल से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अजेय जडेजा ने कहा कि वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला खिलाड़ी कम ही मिलते हैं। चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। आपके पास टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं। अब देखना यह है कि रोहित क्या सोचते हैं।

# बीसीसीआई को लेकर पूर्व पाक क्रिकेटर का बयान, कहा- 'आईसीस इवेंट में आने से इनकार करना भारत को पड़ेगा भारी'

**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ अक्सर भारत को लेक कुछ ना कुछ उलजलूल बोलते रहते हैं। अब एक बार फिर उन्होंने कहा है कि, भारत अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से मना करता है तो उसे भारी पड़ेगा। सूत्रों ने आईएएनएस को पहले बताया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने ते लिए नहीं जा सकता है। इसमें कहा गया है कि आयोजन स्थ को संभावित रूपय से बदले या हाइब्रिड मॉडल पर विचार करने के बारे में चर्चा हो रही है।

वहीं इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राशिद लतीफ ने द्बहस् से कहा कि, आप द्विपक्षीय सीरीज से इनकार कर सकते हैं। लेकिन आईसीसी आयोजनों से इनकार करना कठिन होगा। जब आईसीसी अपनी योजना बनाती है, तो टीमों को पता होता है कि उन्हें कहां खेलना है। जैसे पाकिस्तान को पता था कि उन्हें वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत जाना है, और क्रिकेट बोर्डों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाते हैं।





राशिद लतीफ ने आगे कहा कि, आईसीसी आयोजनों से इंकार करना थोड़ा कठिन लगता है। 1996 वर्ल्ड कप में, ऑस्ट्रेलिया और वेस्डइंडीज ने श्रीलंका जाने से इनकार कर दिया और पूरा समूह बदल गया और श्रीलकं चैंपिय बन गया। ये बहुत बड़ी गलती थी, अगर भारत या पाकिस्तान ने साइन इन किया है तो उन्हें उस इवेंट में जाना होगा। अगर भारत या पाकिस्तान ने साइन इन किया है तो उन्हें उस इवेंट में जाना होगा। अगर सरकारी स्तर पर कोई परिस्थिति बनती है तो क्यों नहीं आ रहे इसका तार्किक जवाब देना होगा। आप पाकिस्तान में हालात नहीं हैं, इसका गवाला देकर द्विपक्षीय सीरीज से इनकार कर सकते हैं। मेरी राय में, आईसीसी आयोजन से इनकार करना उल्टा पड़ सकता है।

# टी20 विश्वकप को लेकर सौरव गांगुली ने की भविष्यवाणी, इन दो टीमों को बताया बेस्ट

**कोलकाता (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने दो टीमों को बेस्ट बताया है। दरअसल, गांगुली ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया को दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के रूप में चुना है। टूर्नामेंट की शुरुआत 2 जून से हो रही है। गांगुली ने कहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे वर्ल्ड कप 2023 की फाइनलिस्ट हैं। उम्मीद है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना दबदबा बनाए रखेगा। सौरव गांगुली ने कहा कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें हैं मुझे यकीन है कि वे अमेरिका और वेस्टइंडीज में भी ऐसा ही करेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सुपर-8 में जगह बनाएंगी। टीम इंडिया ग्रुप ए में है। इस ग्रुप में भारतीय टीम के अलावा पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका की टीम भी शामिल हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में है। इस ग्रुप में उनके अलावा इंग्लैंड, नामीबिया, स्कॉटलैंड और ओमान की टीमें शामिल हैं। इसके अलावा सौरव गांगुली ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय के बारे में कहा कि, ये एक शानदार टीम है, वे सभी मैच विजेता हैं। सभी 15 खिलाड़ी चुने जाने के लिए काफी अच्छे हैं। मुझे



यकीन है कि रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ सर्वश्रेष्ठ को चुनेंगे।

# आईपीएल से निकला नया सितारा नीतीश



नई दिल्ली ।आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा नीतीश रेड्डी ने शानदार प्रदर्शन किया है। नीतीश ने राजस्थान रॉयल्स ओर पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबलों में जिस प्रकार दबाव के बीच ही आक्रामक पारियों खेली हैं। उससे माना जा रहा है कि वह भविष्य में टीम इंडिया के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर सामने आयेंगे। नीतीश ने राजस्थान के खिलाफ हुए मुकाबले में जिस प्रकार दबाव के बीच ही अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई उससे उनकी क्षमताओं का अंदाज होता है। नीतीश सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। इस युवा ने अपनी पारी के दौरान 3 चौके और 8 छक्के लगाये। इस प्रकार आईपीएल से भारत को एक नई प्रतिभा मिली है। नीतीश इस मैच में जब बल्लेबाजी के लिए उतरे उस समय टीम ने 35 रन पर ही दो विकेट खो दिये थे। इसके बाद रेड्डी ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर शानदार पारी खेली।

# 4 गेंदों में 3 विकेट लेकर मिचेल स्टार्क ने केकेआर के पैसे वसूल कराएं

नई दिल्ली। वानखेड़े स्टेडियन में खेले गए आईपीएल के एक मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को 24 रन से हराकर प्लेआफ में जगह बना ली है। केकेआर ने मुंबई को 170 रन का लक्ष्य दिया था. इसके जवाब में मुंबई ने 18 ओवर में 7 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। क्रीज पर टिम डेविड जमे थे उनसे मुंबई को जीत की उम्मीद थी, लेकिन 19वां ओवर में मिचेल स्टार्क ने चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मिचेल स्टार्क आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। केकेआर ने उन्हें 24.75 करोड़ रुपए देकर अपनी टीम में शामिल किया है। स्टार्क पर केकेआर की इस उम्मीद पर खरा उतरने का दबाव है, जो शुरुआती मैचों नहीं दिखा। इससे उन्हें आलोचना का सामना भी करना पड़ रहा था, लेकिन मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में खेले मैच में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस मैच से मिचेल स्टार्क ने केकेआर के पैसे वसूल करा दिए। मिचेल स्टार्क जब मुंबई की पारी का 19वां ओवर लेकर आए तो टिम डेविड ने पहली गेंद पर छक्का जड़ दिया। मिचेल इससे पहले आरसीबी के खिलाफ आखिरी ओवर में 3 छक्के पड़वा चुके थे और केकेआर के फैंस के जेहन में वही यादें ताजा हो गई, लेकिन मिचेल बार-बार एक ही गलती नहीं करते। इस बार मिचेल अलग अंदाज में सामने थे और उन्होंने छक्का मारने वाले डेविड को अगली ही गेंद पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करवा दिया। स्टार्क ने इसके बाद ओवर की तीसरी गेंद पर पीयूष चावला और पांचवीं गेंद पर कोएत्जी को बोल्ड किया। मिचेल स्टार्क ने अपने इस ओवर के स्पेल में 33 रन देकर 4 विकेट झटके। यह आईपीएल इतिहास में सिर्फ चौथा मौका है जब केकेआर के किसी गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 4 विकेट लिए। हालांकि, इस प्रदर्शन के बावजूद स्टार्क प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम नहीं कर पाए।

# आईपीएल प्लेऑफ की तस्वीर अब भी साफ नहीं हुई

### –10 टीमें आने से समीकरण बदला

**मुम्बई (एजेंसी) ।** (ईएमएस)। आईपीएल में अब तक तक हुए 50 मैचों के बाद केवल एक टीम राजस्थान रॉयल्स का ही प्लेआफ में पहुंचना तय है। वहीं अन्य टीमों को लेकर संशय बना हुआ है। राजस्थन के सबसे अधिक 16 अंक हं जबकि कोलकाता नाइटराइडर्स, लखनऊ सुपरजाइंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद सभी के 12-12 अंक है और इनके बीच प्लेऑफ के लिए कड़ा मुकाबला है। इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली कैपिटल्स भी 10-10 अंक लेकर प्लेफऑफ के लिए संघर्ष कर रही हैं। आईपीएल में जब से 10 टीमें हुई हैं तब से प्लेऑफ का समीकरण थोड़ा बदल गया है। पहले 14 अंक लेकर भी टीमें आसानी से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाती थीं पर अब अब 16 अंक भी पर्याप्त नहीं माने जा रहे हैं। आईपीएल के पिछले दो सत्र में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चार में से तीन टीमों के 16 से अधिक अंक थे जबकि चौथी टीम ने 16 अंक के साथ क्वालीफाई किया था। ऐसे में इस बार भी जिस टीम को प्लेऑफ खेलना है तो उसे कम से कम



16 अंक हासिल करने होंगे। चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली को अपने बाकि मैचों को जीतने के साथ ही अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। के लिहाज से देखें तो उसे अपने बाकी बचे चार में से तीन मैच हर हाल में जीतने होंगे. दूसरी ओर, टॉप-4 में काबिज कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद अगर अपने 2 मैच भी जीत लें तो उनके प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बेहद मजबूत हो जाएगी।

# शुभमन गिल ने हरलीन देओल को दिए बैटिंग टिप्स



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने अभ्यास के बाद भारतीय महिला क्रिकेटर हरलीन देओल के साथ बातचीत की। जिसका वीडियो गुजरात ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। वहीं वीडियो में देखा जा सकता है कि गिल हरलीन को क्रिकेट शॉट को लेकर कुछ बता रहे हैं। बता दें कि, हरलीन भी महिला प्रीमियर लीग में गुजरात के लिए खेलती हैं। हरलीन महिला प्रीमियर लीग में चोटिल हो गई थीं, यूपी वॉरियर्स के खिलाफ हुए एक मैच में उनके घुटने में चोट लग गई थी। गुजरात टाइटंस के लिए आज अहम मुकाबला है, उसे जीतना जरूरी है तभी वह प्लेऑफ की लड़ाई में दावेदारी पेश करेगी। गुजरात टाइटंस 10 में से सिर्फ 4 मैच जीते हैं, उसके 8 अंक हैं। टीम के 4 मैच बचे हैं, चारों जीतने के बाद वह 16 अंकों तक पहुंच सकती है।

# लीवर कप हो सकता है नडाल का अंतिम टूर्नामेंट

बार्सिलोना ।स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल ने कहा है कि 2024 एटीपी टूर उनका आखिरी साल हो सकता है। नडाल के अनुसार वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप के बाद नहीं खेलेंगे। ऐसे में ये उनका अंतिम टूर्नामेंट हो सकता है। नडाल 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह ही बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका अंतिम मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में अब तक 12 बार खिताब जीते हैं। इस खिलाड़ी ने कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहता हूं।'' वह लंबे समय से चोटों से परेशान रहे हैं। इसी कारण उन्होंने इस साल केवल पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं। गौरतलब है कि लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप टीम के बीच खेली जाती है। नडाल ने कहा, ''मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लीवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास लीवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं जिनमें दो साल पहले अंतिम बार रोजर फेडरर के साथ खेलना भी शामिल है। नडाल को तब फेडरर ने अपना जोड़ीदार बनाया है।



# पैरालिंपिक में पदक जीतना चाहती है टेटे खिलाड़ी विजया



हैदराबाद ।यूटीटी पैरा टेबल टेनिस नेशनल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र की पदक विजेता विजया दीपिका गंगापट्टनम का लक्ष्य अब पैरालिंपिक में भारत के लिए पदक जीतना है। विजया ने राष्ट्रीय स्तर पर एकल में रजत और युगल में अपने जोड़ीदार के साथ कांस्य पदक जीता है। विजया का यहां तक का सफर जुझारु क्षमता की मिसाल है। हव हड्डियों की एक गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं जिसके कारण उसके शरीर में 45 फैक्चर हैं। यहां तक कि झटके लगने पर भी हजिंदगी हड्डी टूट जाती है। इसके बाद भी कठिन परिश्रम कर विजया ने टेबल टेनिस खेलकर अपनी किस्मत बदली है। विजया का भाई भी टेबल टेनिस खेलता है। उसे इस खेल में पिता का पूरा समर्थन मिला। विजया के पिता ने कहा कि उसे जन्म के दौरान भी फैक्चर का सामना करना पड़ा क्योंकि डॉक्टरों को उसकी पहले से स्थिति के बारे में पता नहीं था। विजया के ज्यादातर फैक्चर तब हुए जब वह छोटी थी और घुटनों के बल चल रही थी। उसे अपने शरीर का भार अपने हाथों पर उठाना पड़ता था। वह अलग अलग तरह के व्हीलचेयर का उपयोग करती है। व्हीलचेयर बदलते समय वह कई बार गिर चुकी है। वह नहाने समय फिसल जाती थी, जिसके उसके पैर टूट गए। विजया को सात साल की उम्र तक चलने में दिक्कत होती थी, क्योंकि उसके कूल्हे और घुटने में फैक्चर हो गया था। जिसके कारण सर्जरी करानी पड़ी। इन समस्याओं के कारण उसे अपने दिन-प्रतिदिन के कामों के लिए सहायता लेनी पड़ी। वह अन्य बच्चों की तरह स्कूल नहीं जाती क्योंकि वहां चोट का खतरा बना रहता है।

# यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित, डिफेंडर रोहित को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम,नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे।




भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे। गोलकीपिंग विभाग की कमान प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह के हाथों में होगी, जबकि शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव और तालेम प्रियो बाटर को डिफेंडर के रूप में चुना गया है। अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह और वचन एच ए मिडफील्ड में विपक्षी टीम को झकायेंगे वहीं फॉरवड में सौरभ आनंद कुशवाह, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद, कोनैन दाद, दिलराज सिंह और गुरसेवक सिंह की भूमिका अहम होगी।

कप्तान रोहित ने कहा, 'हम अपने शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक-दूसरे के गेमप्ले की समझ विकसित कर चुके हैं। दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना अद्भुत होगा, जिससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने और इस तरह के प्रदर्शन से बेहतर होने में मदद मिलेगी।'

### टीम

गोलकीपर - प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह


डिफेंडर- शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव, तालेम प्रियो बार्टा

मिडफील्डर - अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह, वचन एच ए

फॉरवर्ड - सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद, दिलराज सिंह, गुरसेवक सिंह

# जगतपाल पाण्डेय का निधन, फैली शोक की लहर

**अयोध्या**- देश के सुपरिचित आध्यात्मिक गुरु वृषकेतु पाण्डेय के पिता जगतपाल पाण्डेय का निधन 30 अप्रैल को रामनगरी अयोध्या में हो गया। इनके निधन से शोक की लहर फैल गई। इनकी उम्र 98 वर्ष थी। बीते छह माह से वे बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनका जन्म रामनगरी अयोध्या में हुआ था, जहां त्रेता काल से ही सरयू नदी के जल से जलाभिषेक होता आ रहा है। उनकी शिक्षा दीक्षा तत्कालीन फैजाबाद शहर और आज के अयोध्या शहर में हुई थी। अपनी शिक्षा पूरी कर इन्होंने लम्बे समय तक भिलाई स्टील प्लांट से जुड़े रहे। 25 वर्षों तक सेवा करने के बाद वे वहां से सेवानिवृत हुए। जगतपाल पाण्डेय के पिता स्व ब्रह्मादीन पाण्डेय थे। इनके तीन भाई और दो बहन तथा तीन पुत्र और दो पुत्रियां हैं। इनके तीन भाई में स्व चन्द्रपाल पाण्डेय, चन्द्रदेव पाण्डेय, स्व इंद्र देव पाण्डेय तथा बहन संवारा देवी और राजपति देवी हैं। तीन पुत्र राधे रमण पाण्डेय, राधे श्याम पाण्डेय, वृषकेतु पाण्डेय और दो पुत्रियां सूर्यतारा देवी और सुनीता देवी हैं। इनके कनिष्ठ पुत्र वृषकेतु पाण्डेय देश के जाने माने आध्यात्मिक गुरु हैं और आध्यात्मिक और सामाजिक सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं। जगतपाल पाण्डेय के निधन शहर के गणमान्य लोगों को शोक व्यक्त किया है।



## आध्यात्मिक और सामाजिक सोच के सेतु हैं वृषकेतु



**अयोध्या** - वृषकेतु पांडेय जी अयोध्या के आध्यात्मिक और सामाजिक सोच के सेतू है जिनकी हर वाणी से धर्म की ज्योति प्रज्वलित होती है ,संस्कृत भाषा की प्रबल वक्ता के साथ साथ सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में हिंदुस्तान के कोने कोने में द्वीप प्रज्वलित कर रहे है ,रामायण ,महाभारत ,पुराण ,गीता ,हिन्दू धर्म के हर काब्य ,ग्रंथ में गहन अध्ययन और अध्यापन रहा है ,उन्होंने प्राम्भिक दीक्षा फैज़ाबाद से ली और उच्च शिक्षा वाराणसी विश्वविद्यालय से ग्रहण किया है , देश के अधिकारी व राजनेताओं के साथ साथ आमजनों के साथ सहयोगात्मक सम्बन्ध रहा है 30 अप्रैल को श्री पांडेय के पिता जगत पाल जी का आकस्मिक निधन हो गया है जिससे पूरे अयोधया में शोक की लहर फैल गयी जिसकी आंच झारखण्ड में भी है ,स्व जगत पाल पांडेय के निधन पर राँची एक्सप्रेस के चेयरमैन सुधांशु सुमन के साथ साथ राँची एक्सप्रेस के परिवार ने गहरा शोक प्रकट किया ,श्री सुमन ने कहा कि ऐसे देव पुरुष विरले जन्म लेते है ।

# नैक को लेकर विश्वविद्यालय पूरी तरह तैयार है - कुलपति

### विभावि में नैक तैयारी की उच्च स्तरीय समीक्षा की गई

**हज़ारीबाग़** - बेंगलुरु से आ रहे तीन सदस्य नैक दल द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के निरीक्षण के लिए विश्वविद्यालय पूरी तरह से तैयार है। विपरीत परिस्थिति में भी सभी लोग पूरे लगन के साथ तैयारी के लिए मेहनत किए हैं। हमें आशा है कि विश्वविद्यालय को अच्छे ग्रेड प्राप्त होंगे । उक्त बातें विश्वविद्यालय के कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने कही। कुलपति नैक की तैयारी की समीक्षा को लेकर शिक्षकों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। शिक्षकों की बैठक के बाद शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ इसी विषय पर एक अलग बैठक कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। दोनों बैठक आर्यभट्ट सभागार में हुई। विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है । अभी भी किन्हीं को कुछ ध्यान में आता है तो तत्काल संबंधित अधिकारी को इसकी सूचना दें।




# पुलिस हिरासत से लौटकर युवक ने लगाई फांसी

### बड़ा बाजार थाना प्रभारी ने आरोपों को निराधार बताया



**हजारीबाग** - शहर के बड़ा बाजार थाना अंतर्गत एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। बड़ा बाजार पुलिस कस्टडी से लौटकर लगभग पांच घण्टे बाद 22 बर्षीय एक युवक भोला पासवान पिता नारायण पासवान ने फांसी चढ़कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद खिरगांव सिरका में सनसनी फैल गई। मरने से पूर्व उक्त युवक का एक सुसाइड नोट बरामद किया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इधर परिजनों ने बड़ा बाजार पुलिस पर प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाने की बात कही है। इस संबंध में मृतक के पिता नारायण पासवान ने एसपी से लेकर डीजीपी तक एक आवेदन दिया है। जिसमें पुलिस के प्रताड़ित करने के वजह से उनके पुत्र ने आत्महत्या कर लने की बात कही है। आवेदन में कहां है कि उनका छोटा पुत्र भोला पासवान उम्र 22 वर्ष जो आईटीआई का छात्र था। एक मई को भोला पासवान ने एक मोबाईल अपने घर के पास लावारिस हालत में मोटरसाईकिल के उपर रखा हुआ पाया था। उसने मुझे बताया था कि मोबाईल जिस व्यक्ति का होगा पता करके दे देगें। तीन मई को सुबह में पुलिस उनके घर पहुंची और उसे थाना चलने को कहा। बड़ा बेटा बिरबल पासवान उसे लेकर थाना पहुँचा। जहाँ म मोबाईल थाना में जमा कर दिया गया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि मेरे छोटे पुत्र को छोड़ दिया जायेगा। उसके बाद परोक्ष रूप से पुलिस ने 15000 पन्द्रह हजार रूपये की मांग की। उस दिन उनके छोटे पुत्र को रस्सी से पांव में बांधकर लात और घुस्सों से उनके सामने मारा गया। साथ ही गंदे-गंदे गाली भी दी जा रही थी। बार-बार धमकी दी जा रही थी कि चोरी के केस में जेल भेज देगें। घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। जो जांच का विषय है। फुटेज में देखा गया है कि उनके पुत्र को मोबाईल को चोरी करने की मंशा नहीं थी। मेरा पुत्र बिल्कुल निर्दोष है। पूर्व में उसका कोई अपराधिक इतिहास नहीं रहा है। वह कोडरमा से आईटीआई कर रहा था। उसकी परीक्षा दो महीना के बाद होने वाली थी। पुलिस के नकारात्मक व्यवहार के कारण मेरे पुत्र को मानसिक आघात पहुँचा। लज्जावश वह अपने घर के पीछे रास्ते से कमरे में आकर अपने को बंद कर लिया। उसके बाद शनिवार को सुबह 6.30 बजे दरवाजा न खुलने के बाद घर के परिजनो ने दरवाजा को तोड़कर देखा तो उसका शव पंखा से लटक रहा था। अगर उनके बेटे को सुबह सात बजे मोबाईल देने के बाद छोड़ दिया जाता तो यह घटना घटित नहीं होती और मेरा पुत्र जीवित होता। इस घटना से पुरा परिवार काफी मर्माहित है। घटना की जांच कर उन्हें न्याय देने की कृपा किया जाय।इधर बड़ा बाजार ओपी प्रभारी बिट्टू रजक ने बताया कि पुलिस के पास मोटरसाइकिल से मोबाइल उठाने की शिकायत दर्ज हुई थी सीसीटीवी फुटेज में उक्त युवक को मोबाइल उठाते देखा गया था इसके बाद पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में लिया उससे पूछताछ की गई उसने अपना अपराध कबूल कर लिया उसकी निशानदेही पर मोबाइल पर रिकवर किया गया। इसके बाद उक्त युवक के परिजन उसे छोड़ देने के लिए दबाव बनाने लगे। पुलिस ने उक्त युवक के परिजनों को बताया था कि जब तक शिकायत दर्ज कराने वाला अपना कंप्लेंट वापस नहीं लेगा। तब तक कानून के अनुसार वह आरोपी हैं। पुलिस उसे छोड़ नहीं सकती। इसके बाद भुक्तभोगी को थाना बुलाया गया उसे मोबाइल लौटा दिया गया। फिर उसने कंप्लेंट वापस ले लिया। इसके बाद आरोपी को पीआर बांड पर छोड़ा गया है।




# इंटर आर्ट्स कॉलेज में टॉपर्स को सम्मानित किया गया

**बड़कागांव** - इंटर आर्ट्स कॉलेज के इंटरमीडिएट के प्रखंड टॉपर्स छात्रों को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मो. अली व संचालन उप प्राचार्य अवधेश कुमार ने किया। प्रथम टॉपर खुशी जायसवाल ,द्वितिये टॉपर इशिका कुमारी, तृतीय टॉपर पलक कुमारी, चौथ टॉपर नीलम , पांचवा टॉपर सोनी कुमारी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और बाकी प्रथम श्रेणी से पास दिनकर ,फरहाना प्रवीण ,रजनी,रोशनी ,मनोज ,सुनीता ,विवेक,रानी ,सुनीता ,सपना , सुप्रिय, निदा, सोनु, रहुल, तहसीन आज़मी को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने शिक्षा के महत्व पर कहा कि अगर आज के बच्चे छः घंटे किताब के सामने अपना सर झुकाते हैं तो दुनिया उसके सामने सर झुकाएगी । तथा बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।ताकि आगे और बेहतर करके अपने गांव ,शहर और देश का नाम रौशन कर सके ।वही उप प्राचार्य अवधेश कुमर ने शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुवे कहा की ,भरोसा अगर खुदा पर है तो जो तकदीर मे लिखा है वही पाओगे, भरोसा यदि खुद पर है तो खुदा वही लिखेगा जो आप चाहोगे। वही ज्योग्राफी के शिक्षक मिथिलेश कुमार ने विद्यार्थियों को सफल बनाने के लिए शिक्षकों के संघर्षों को बताएं। मौके पर शिक्षक रागिब अफजल, ,जफर इक्फ़ल, सुमित कुमार ,पप्पू सर,रेणु मैम , सपना , सोनी तिवारी, संगीता कुमारी ने बच्चो को और अच्छा करने की शिक्षा दिया।




# पत्रकार के साथ किया मारपीट, मोबाइल व नगद राशि लूटा, प्राथमिकी दर्ज

### प्रगति सेंट्रल स्कूल के संचालकों ने घटना को दिया अंजाम

### जिला से पत्रकारों की टोली सिमरिया पहुँच, घायल पत्रकार से मिले, किया निंदा



**चतरा,** खबर प्रकाशित करने पर दैनिक अखबार के पत्रकार मोकिम अंसारी को सिमरिया के प्रगति सेंट्रल स्कूल कुट्टी के संचालकों ने शनिवार को जमकर मारपीट की है। जिससे पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में पत्रकार के भाई तबारक अंसारी घटनास्थल से उठाकर थाना लाया। जिसके बाद घायल पत्रकार का इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया। इस संबंध में पत्रकार ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज करवाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा कि तीन मई को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेश के बावजूद स्कूल खुले रहने पर प्रगति सेंट्रल स्कूल कुट्टी और श्रीराम कृष्ण परमहंस स्कूल से संबंधित खबर चार मई को प्रकाशित किए थे। खबर छपने के बाद मेरे मोबाइल पर सुबह सात बजे डाड़ी गांव के नरेश महतो फोन कर स्कूल बुलाया था। करीब साढ़े आठ बजे स्कूल पहुंचते ही पहले से घात लगाये बैठे डाड़ी गांव के योगेंद्र महतो सहित चार पांच आदमी हम पर हमला बोल दिया। बाइक पर ही रहने के कारण अपना बचाव नहीं कर पाए। इस दौरान लोग मेरे साथ बुरी तरह से मारपीट की। पॉकेट में रखे वीवो 34 का मोबाइल फोन, 22 सौ रूपये लूट लिए। बाइक सहित जमीन पर गिर जाने से बेहोशी की हालत में छोड़कर हमलावार भाग गये। इस बीच मेरा भाई तबारक पीछे से सिमरिया आ रहा था, वह उठाकर सिमरिया थाना पहुंचाया। पत्रकार ने इसकी प्रतिलिपि एसडीओ और एसडीपीओ सिमरिया को दी है। एसडीपीओ ने आश्वासन दिया की जल्द आरोपियों के खिलाफ करवाई की जाएगी। जानकारी के बाद जेएमएम नेता मनोज चंद्रा ने घायल पत्रकार मोकिम से मिलने रेफरल अस्पताल सिमरिया पहुचें। उन्होंने मिलकर हाल चाल लिया। कहा जो भी पत्रकार के साथ ऐसा किया है। मैं बहुत मर्माहत हूं। उनके बेहतर भविष्य की कामना किया। साथ ही प्रेस क्लब चतरा के जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप, सचिव जितेंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष बंटी कुमारी, डीडी न्यूज के रिपोर्टर प्रशांत द्विवेदी, अजय चौरसिया, चेतन पांडेय ने पहुँच कर घटना का निंदा किया।



**रांची एक्सप्रेस के चेयरमैन सुधांशु सुमन ने देवरिया (उत्तर प्रदेश ) से आये संतोष कुमार दुबे और अजय कुमार यादव को तिरंगा भेंट किया।**



JHARKHAND MILK PRODUCTS PVT. LTD.
Vill - Tirla, Palu, Ormanjhi, Ranchi, Jharkhand - 835219

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फ्लोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग**- 70337 77771 **विज्ञापन**- 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63